हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 11 खेल



आईपीएल 2026 : रोहित शर्मा के नाम जुड़ी बड़ी उपलब्धि, धोनी का तोड़ा रिकॉर्ड

Page 09 देश



हिमंता बिस्व सरमा ने राहुल गांधी पर साधा निशाना कहा-वह कुछ भी कह सकते हैं

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, अनुराधा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • सोमवार • 06 अप्रैल 2026 • वर्ष 28 • अंक 124 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,38,350 | ₹ 2,50,000 |





## आज का इतिहास

**1930 :** महात्मा गांधी ने अपनी स्वतंत्र भारत की माँग पर जोर देने के लिए सविनय अवज्ञा आन्दोलन आन्दोलन छेड़ा।

**1961 :** भारत सरकार की ओर से प्रायोजित पहली "इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल लिमिटेड कंपनी "की स्थापना हुई।

## न्यूज बाइट्स

### चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनावों से पहले जब्त किए 650 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली (ए.)।** चुनाव आयोग ने कहा है कि 2026 के विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद से कानून लागू करने वाली देश की विभिन्न एजेंसियों ने अब तक 650 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, शराब, मादक पदार्थ, कीमती धातुएं और अन्य प्रलोभन सामग्री जब्त की है। आयोग ने रविवार को आधिकारिक आंकड़े जारी करते हुए बताया कि 15 मार्च को असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों तथा छह राज्यों में उपचुनावों की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता के सख्त अनुपालन को प्राथमिकता दी गयी है।

### सरकार की अपील ऑनलाइन ही बुक करायें सिलेंडर

**नई दिल्ली (ए.)।** ऑनलाइन बुकिंग के बढ़ने के बावजूद रसोई गैस वितरण एजेन्सियों के बाहर लंबी-लंबी लाइनों को देखते हुए सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे ऑनलाइन माध्यम से ही एलपीजी सिलेंडर बुक करायें और आवश्यक होने पर ही वितरकों के पास जायें। पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर सरकार ने रविवार को एक बार फिर दोहराया कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य के रास्ते ऊर्जा आपूर्ति के प्रभावित होने के घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय पूरे देश में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की सुचारु और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर आवश्यक कदम उठा रहा है और फिलहाल देश में इनका पर्याप्त भंडार है।

### भाजपा 11 अप्रैल को मनाएगी महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती

**पटना (नि.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी आगामी 11 अप्रैल को महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा राव फूले की 199वीं जयंती बिहार के सभी 52 संगठनात्मक जिलों में मनाएगी। इस अवसर पर राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनके माध्यम से फूले के विचारों और सामाजिक सुधार के संदेश को आम जनता तक पहुंचाने की योजना है। इस कार्यक्रम को लेकर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उन्होंने पार्टी के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी प्रभात मालाकार को समारोह का संयोजक नियुक्त किया है। साथ ही सभी जिलों में भी अलग-अलग कार्यक्रम संयोजकों की जिम्मेदारी तय की गई है, ताकि आयोजन को व्यापक और प्रभावी बनाया जा सके।

---

बिहार में शहरी परियोजनाओं पर सख्ती

## जमीन नहीं तो टेंडर होगा रद्द : बुडको

- जमीन उपलब्ध हुए बिना टेंडर फाइनल नहीं होगा।
- मानसून से पहले ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन पूरे करें।
- परियोजना में देरी पर अधिकारियों की जवाबदेही तय।



**निज संवाददाता | पटना**

बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड ने राज्य में शहरी परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। निगम के प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पराशर ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जब तक किसी परियोजना के लिए जमीन उपलब्ध नहीं होगी, तब तक उसका टेंडर फाइनल नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कई परियोजनाओं में देरी का मुख्य कारण भूमि की अनुपलब्धता है, जिसे हर हाल में पहले सुनिश्चित करना होगा। मौर्यालोक कॉम्प्लेक्स स्थित मौर्य मंडपम में आयोजित तीन दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला के दौरान यह निर्देश दिया गया। इस बैठक में राज्य के सभी 38 जिलों के अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं की प्रगति, चुनौतियों और वास्तविक स्थिति की विस्तृत प्रस्तुति दी। इन प्रस्तुतियों के आधार पर जिलों की रैंकिंग भी तैयार की जाएगी और बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि सभी जिलों में प्रस्तावित योजनाओं की सूची तैयार कर जल्द से जल्द जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि परियोजनाओं में अनावश्यक देरी न हो। इसके साथ ही जलजमाव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रबंध निदेशक ने ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों का निर्माण मानसून से पहले हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता में रखने को कहा।

समीक्षा के दौरान कई जिलों की प्रगति पर चिंता जताई गई। नालंदा में अधिकांश परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, लेकिन कुछ योजनाएं जमीन की कमी के कारण अटकी हुई हैं। नवादा में धीमी प्रगति को लेकर नाराजगी जताई गई और कार्रवाई की चेतावनी दी गई। भागलपुर में कई परियोजनाएं प्रगति पर हैं, लेकिन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। वहीं मुंगेर में अपेक्षाकृत कम परियोजनाएं पूरी होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही गई। प्रबंध निदेशक ने स्पष्ट किया कि परियोजनाओं की समयसीमा का पालन सुनिश्चित करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है और निर्माण एजेंसियों से तय समय में काम पूरा कराया जाना चाहिए। उन्होंने मुख्यालय स्तर पर फाइलों के लंबित रहने पर भी नाराजगी जताई और प्रक्रियाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया।

### जून में दोबारा होगी समीक्षा

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जून माह में फिर से समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें समय पर परियोजनाएं पूरी करने वाले जिलों को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही जिलों में पदाधिकारियों की संख्या के संतुलन पर भी जोर दिया गया। कुल मिलाकर बुडको का यह सख्त रुख राज्य में शहरी विकास परियोजनाओं को गति देने और जवाबदेही तय करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## मोतिहारी में मदरसे पर छापेमारी, हथियार बरामद होने से हड़कंप



**मोतिहारी(पूर्वी चम्पारण)(नि.स.)।** बिहार के मोतिहारी जिले के चकिया थाना क्षेत्र स्थित गवंदरा इस्लामिया मदरसे में पुलिस की बड़ी कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। छापेमारी के दौरान परिसर से एक देसी पिस्टल, जिंदा कारतूस और कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। इस मामले में मदरसे से जुड़े मौलवी, केयरटेकर और एक सफाईकर्मी समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के अनुसार, गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त हो रही है और इसका संबंध उक्त मदरसे से हो सकता है। सूचना के आधार पर एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया, जिसने मदरसे की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान हथियार और कारतूस मिलने से मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। कार्रवाई के दौरान फॉरेंसिक टीम (एफएसएल), डॉग स्क्वायड और अन्य विशेषज्ञों को भी मौके पर बुलाया गया। मदरसे में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि पूरे नेटवर्क और घटनाक्रम का पता लगाया जा सके। हिरासत में लिए गए तीनों संदिग्ध कई महीनों से मदरसे में रह रहे थे और उनकी गतिविधियों पर पुलिस पहले से नजर रखे हुए थी।

## एलपीजी आपूर्ति पर सरकार का भरोसा घबराहट में बुकिंग से बचने की अपील



**एजेंसी | नई दिल्ली**

देश में रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर उठ रही चिंताओं के बीच पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि एलपीजी, पेट्रोल और डीज़ल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और कहीं भी कमी की स्थिति नहीं है। इसके बावजूद विभिन्न स्थानों पर गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं, जिसे देखते हुए सरकार ने नागरिकों से संयम बरतने और ऑनलाइन बुकिंग को प्राथमिकता देने की अपील की है। मंत्रालय के अनुसार, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज़ जलडमरूमध्य से ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होने की आशंकाओं के बावजूद भारत ने अपने ईंधन भंडार को पर्याप्त स्तर पर बनाए रखा है। सरकार लगातार स्थिति की निगरानी कर रही है और यह सुनिश्चित कर रही है कि देशभर में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहे।

एलपीजी वितरण के आंकड़े भी स्थिति को स्पष्ट करते हैं। देश में ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग का प्रतिशत बढ़कर लगभग 95 प्रतिशत हो गया है, जिससे वितरण प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और तेज हुई है। केवल शनिवार के दिन 51 लाख से अधिक घरेलू सिलेंडरों की डिलीवरी की गई, जो आपूर्ति व्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है। साथ ही डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) प्रणाली के माध्यम से पारदर्शिता बढ़ाई गई है, जो फरवरी में 53 प्रतिशत से बढ़कर अब 90 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। इससे गैस वितरण में होने वाली हेराफेरी पर भी प्रभावी नियंत्रण लगा है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि प्रवासी श्रमिकों और छात्रों की सुविधा के लिए छोटे सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। शनिवार को ही 5 किलोग्राम वाले 90,000 से अधिक सिलेंडरों की बिक्री की गई, जिससे अस्थायी रूप से रहने वाले लोगों को राहत मिली है। इसके अलावा पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के विस्तार पर भी जोर दिया जा रहा है। मार्च माह से अब तक 3.6 लाख नए कनेक्शनों को गैस आपूर्ति शुरू की गई है, जबकि 3.9 लाख से अधिक नए पंजीकरण किए गए हैं।

पश्चिम एशिया की स्थिति को लेकर भी सरकार सतर्क है। मंत्रालय ने जानकारी दी कि वहां फंसे सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में भारतीय जहाजों से जुड़ी कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई है। विदेश मंत्रालय लगातार खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर नजर बनाए हुए है और 28 फरवरी से अब तक 7 लाख से अधिक भारतीयों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की जा चुकी है।

इसी के साथ सरकार ने एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। मार्च से अब तक देशभर में चलाए गए विशेष अभियान के तहत 50,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं। इसके अलावा 1400 से ज्यादा वितरकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं और 36 एजेंसियों को निलंबित किया जा चुका है। तेल विपणन कंपनियों और राज्य सरकारों की संयुक्त टीमें लगातार औचक निरीक्षण कर रही हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके। सरकार ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत के अनुसार ही गैस की बुकिंग करें। अनावश्यक बुकिंग और घबराहट में खरीदारी से बचने से न केवल आपूर्ति व्यवस्था संतुलित रहेगी, बल्कि सभी उपभोक्ताओं तक समय पर गैस पहुंचाना भी संभव होगा।

बिहार पुलिस का मानवीय फैसला

## सेवानिवृत्ति के निकटतम वाले 258 पुलिसकर्मियों को मिला गृह जिला

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार पुलिस ने सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके पुलिसकर्मियों को राहत देते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पुलिस मुख्यालय ने 258 पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को उनके गृह या ऐच्छिक जिलों में स्थानांतरण की अनुमति दे दी है। यह फैसला न केवल प्रशासनिक दृष्टिकोण से अहम माना जा रहा है, बल्कि इसे पुलिसकर्मियों के हित में उठाया गया मानवीय कदम भी माना जा रहा है। पुलिस मुख्यालय स्तर पर गठित स्थानांतरण समिति की मंजूरी के बाद यह आदेश जारी किया गया। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और नियमों का विशेष ध्यान रखा गया है। स्थानांतरण पाने वालों में पुलिस इंस्पेक्टर, दारोगा, सहायक उप निरीक्षक (एएसआई), हवलदार और सिपाही रैंक तक के कर्मी शामिल हैं। इन सभी ने अपने गृह या इच्छित जिले में पोस्टिंग के लिए आवेदन किया था, जिसे क्षेत्रीय स्थानांतरण समिति द्वारा जांच के बाद मुख्यालय को भेजा गया था।

इस निर्णय का आधार बिहार पुलिस मैनुअल में दिया गया वह प्रावधान है, जिसके तहत जिन पुलिसकर्मियों की सेवानिवृत्ति में दो वर्ष या उससे कम समय शेष होता है, उन्हें उनके गृह जिले में स्थानांतरण का अवसर दिया जा सकता है। इसका उद्देश्य यह है कि सेवा के अंतिम वर्षों में कर्मियों को पारिवारिक और सामाजिक वातावरण का लाभ मिल सके, जिससे वे मानसिक रूप से संतुलित रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। हालांकि, इस प्रक्रिया में सभी आवेदनों को स्वीकृति नहीं मिली। जिन पुलिसकर्मियों ने केवल अपनी वर्तमान इकाई में पदस्थापन की मांग की थी, उनके आवेदन खारिज कर दिए गए। पुलिस मुख्यालय ने स्पष्ट किया कि केवल गृह या ऐच्छिक जिले में स्थानांतरण के लिए किए गए आवेदन पर ही विचार किया जाएगा। कुल 16 पुलिसकर्मियों के आवेदन अस्वीकृत किए गए, जिनमें कुछ ऐसे भी थे जिनकी सेवानिवृत्ति में अभी दो वर्षों से अधिक का समय शेष है, इसलिए वे नियमों के दायरे में नहीं आते थे। डीआईजी (कार्मिक) स्तर से इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि स्थानांतरण आदेश लागू करने से पहले संबंधित कार्यालय सभी कर्मियों के सेवा अभिलेखों की गहन जांच सुनिश्चित करें। इसमें उनकी सेवा अवधि, सेवानिवृत्ति की तिथि और अन्य प्रशासनिक विवरणों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद ही उन्हें औपचारिक रूप से विरमित कर संबंधित जिलों में योगदान के लिए भेजा जाएगा।

## बिहार में आपात स्थिति में सड़क निर्माण के लिए बनेगी नई नीति, भुगतान प्रक्रिया भी होगी आसान

- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित अन्य योजनाओं की पांच वर्ष पुरानी सड़कों की सूची तैयार



**निज संवाददाता | पटना**

ग्रामीण कार्य विभाग बिहार राज्य में आपात परिस्थितियों के दौरान ग्रामीण सड़कों के निर्माण को सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए नई नीति तैयार कर रहा है। इसके तहत एक विस्तृत एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) बनाई जा रही है, जिसे जल्द ही मंजूरी मिलने की संभावना है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, कई बार वीवीआईपी दौरे या अचानक आई प्राकृतिक और कृत्रिम आपदाओं के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में तत्काल सड़क निर्माण की आवश्यकता पड़ती है। मौजूदा समय में ऐसी आपात स्थितियों के लिए कोई स्पष्ट नीति नहीं होने के कारण निर्माण कार्य तो करवा लिया जाता है, लेकिन बाद में उसकी प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति लेने में काफी जटिलताएं आती हैं। इसका सीधा असर निर्माण एजेंसियों के भुगतान पर पड़ता है, जिससे उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

इन्हीं समस्याओं को दूर करने के लिए विभाग ने आपातकालीन सड़क निर्माण के लिए एक सुव्यवस्थित एसओपी तैयार करने का निर्णय लिया है। इस प्रस्तावित नीति में यह स्पष्ट किया जाएगा कि किन परिस्थितियों में आपात निर्माण कार्य किया जाएगा, किस स्तर से अनुमति मिलेगी और निर्माण एजेंसियों को भुगतान की प्रक्रिया क्या होगी। विभागीय मंत्री की सहमति के बाद इस एसओपी को राज्य कैबिनेट के समक्ष भी प्रस्तुत किया जा सकता है। नई नीति का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आपात स्थिति में सड़क निर्माण कार्य बिना किसी प्रशासनिक बाधा के तेजी से पूरा हो सके और संबंधित अधिकारियों व एजेंसियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही विभाग उन ग्रामीण सड़कों की भी सूची तैयार कर रहा है, जिनकी मरम्मत अवधि समाप्त हो चुकी है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना और अन्य योजनाओं के तहत बनी सड़कों में से कई अब पांच वर्ष की मरम्मत अवधि पार कर चुकी हैं। इन सड़कों की पुनः मरम्मत और रखरखाव के लिए विस्तृत सूची बनाई जा रही है। जांच के दौरान यह भी देखा जा रहा है कि ठेकेदारों और संबंधित एजेंसियों ने मरम्मत अवधि के दौरान सड़कों की देखभाल सही तरीके से की या नहीं। यदि बिना मरम्मत कार्य किए ही भुगतान लिया गया है, या इंजीनियरों द्वारा अनियमित भुगतान किया गया है, तो संबंधित पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, जिन सड़कों के निर्माण के लिए विभाग और एजेंसियों के बीच पहले ही अनुबंध हो चुका है, उनके लिए "पर्ट चार्ट" तैयार करने का निर्देश दिया गया है। इस चार्ट में एजेंसियों को यह स्पष्ट करना होगा कि सड़क निर्माण कार्य कब शुरू होगा, कितने समय में पूरा होगा और निर्माण के बाद सात वर्षों तक उसकी देखरेख कैसे की जाएगी। कुल मिलाकर, यह नई नीति बिहार में ग्रामीण सड़क निर्माण को अधिक पारदर्शी, त्वरित और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## समुद्री क्षेत्र की अपार क्षमता का पूरा उपयोग करेगा भारत : प्रधानमंत्री

**एजेंसी | नई दिल्ली**



नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय समुद्री दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत अपने समुद्री क्षेत्र की अपार संभावनाओं का पूरा उपयोग कर समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने समुद्री क्षेत्र से जुड़े लोगों के योगदान की सराहना करते हुए इसे देश की अर्थव्यवस्था, व्यापार और कनेक्टिविटी का मजबूत आधार बताया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर संदेश साझा करते हुए कहा कि यह दिन भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को याद करने और इस क्षेत्र से जुड़े कर्मियों के योगदान को सम्मान देने का अवसर है। उन्होंने भरोसा जताया कि 21वीं सदी में भारत का समुद्री क्षेत्र तेजी से प्रगति कर रहा है। अपने वीडियो संदेश में पीएम मोदी ने बताया कि सरकार ने पुराने औपनिवेशिक शिपिंग कानूनों की जगह आधुनिक और भविष्योन्मुखी कानून लागू किए हैं। इन नए प्रावधानों से राज्य समुद्री बोर्ड सशक्त होंगे, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा तथा बंदरगाह प्रबंधन को डिजिटल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'मैरीटाइम इंडिया विज़न' के तहत 150 से अधिक पहलें शुरू की जा चुकी हैं। इस अवसर पर अमित शाह ने भी समुद्री क्षेत्र से जुड़े कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके साहस और पेशेवर समर्पण को देश के विकास के लिए अहम बताया। वहीं नितिन गडकरी ने देश के नाविकों और समुद्री क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों को नमन करते हुए कहा कि भारत की समुद्री विरासत वैश्विक व्यापार और तटीय सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हरदीप सिंह पुरी ने भी इस अवसर पर नाविकों के साहस और भारत की गौरवशाली समुद्री परंपरा को याद किया।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय समुद्री दिवस हर वर्ष 5 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन एसएस लॉयल्टी के 1919 में मुंबई से लंदन तक की पहली ऐतिहासिक यात्रा की स्मृति में मनाया जाता है, जिसने उस समय ब्रिटिश एकाधिकार को चुनौती दी थी। इस दिवस का पहला आयोजन वर्ष 1964 में किया गया था। भारत सरकार ने 'विजन 2047' के तहत समुद्री क्षेत्र को और मजबूत बनाने का लक्ष्य रखा है। वर्तमान में यह क्षेत्र देश की जीडीपी में लगभग 4 प्रतिशत का योगदान देता है, जिसे 2047 तक दहाई अंकों में पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

सत्र शुरू होते ही किताबों का संकट

## 9वीं के छात्रों को एनसीईआरटी पुस्तकों का इंतजार

**निज संवाददाता | पटना**



नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत के साथ जहां आमतौर पर छात्रों के चेहरों पर नई किताबों और नए सपनों की चमक दिखाई देती है, वहीं इस बार कक्षा 9वीं में जाने वाले विद्यार्थियों के लिए स्थिति बिल्कुल उलट है। स्कूल खुलने की तैयारी में हैं, शिक्षक नए सिलेबस के अनुरूप पढ़ाई शुरू करने को तैयार हैं, लेकिन छात्रों के हाथों में अब तक किताबें नहीं पहुंच पाई हैं, जिससे उनकी उत्सुकता अब चिंता में बदल गई है। नई शिक्षा नीति के तहत इस सत्र में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की 9वीं कक्षा की पुस्तकों में बड़े बदलाव किए गए हैं। साइंस, सोशल साइंस, इंग्लिश और मैथ्स जैसे प्रमुख विषयों में कई अध्याय जोड़े और हटाए गए हैं, वहीं कई टॉपिक्स को नए स्वरूप में शामिल किया गया है। ऐसे में पुरानी किताबें अब उपयोगी नहीं रह गई हैं और छात्रों को नई किताबों से ही पढ़ाई करनी है। लेकिन समस्या यह है कि ये नई किताबें अभी तक बाजार में उपलब्ध ही नहीं हैं। पटना सहित राज्य के कई हिस्सों में छात्र और अभिभावक किताबों की तलाश में भटक रहे हैं। पटना के कदमकुआं स्थित ज्ञान गंगा पुस्तक दुकान, जो एनसीआरटी पुस्तकों की बड़ी सप्लाई के लिए जानी जाती है, वहां भी 9वीं की नई किताबें नहीं पहुंची हैं। दुकान से जुड़े अमित कुमार सिंह ने बताया कि रोज बड़ी संख्या में लोग किताबें लेने आ रहे हैं, लेकिन स्टॉक नहीं होने के कारण सभी को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। उनका कहना है कि संभावना है कि 15 अप्रैल के बाद से लेकर 30 अप्रैल के बीच किताबें बाजार में आना शुरू होंगी। इस स्थिति से छात्र खासे परेशान हैं। 9वीं की छात्रा अनन्या झा ने बताया कि हर साल वह परीक्षा खत्म होते ही अगली कक्षा की किताबें खरीद लेती थीं और पहले से पढ़ाई शुरू कर देती थीं, जिससे स्कूल में पढ़ाई समझने में आसानी होती थी। लेकिन इस बार 8वीं की परीक्षा खत्म हुए एक महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद किताबें उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने चिंता जताई कि यदि किताबें देर से मिलेंगी तो परीक्षा के समय सिलेबस पूरा करने का दबाव बढ़ जाएगा।

इधर, इस पूरे मामले पर बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि जब भी सिलेबस में बड़े बदलाव होते हैं, तो ऐसी स्थिति अस्थायी रूप से उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विभाग इस समस्या पर लगातार नजर बनाए हुए है और जल्द से जल्द नई किताबें उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। कुल मिलाकर, नए सत्र की शुरुआत में किताबों की कमी ने छात्रों और अभिभावकों दोनों की चिंता बढ़ा दी है।

## स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार कर भारत को राहत संकट के बीच ग्रीन आशा की सफल यात्रा

**एजेंसी | नई दिल्ली**



खाड़ी क्षेत्र में जारी तनाव के बीच भारत के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर ग्रीन आशा सफलतापूर्वक स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पार कर चुका है। मौजूदा हालात में यह इस संवेदनशील समुद्री मार्ग से गुजरने वाला भारत का नौवां जहाज है, जो देश की ऊर्जा आपूर्ति को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से बेहद अहम समुद्री मार्ग है, जहां से दुनिया के कुल पेट्रोलियम व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है। ऐसे में इस मार्ग पर किसी भी तरह की बाधा का सीधा असर अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। हाल ही में क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बाद ईरान द्वारा इस मार्ग को बंद किए जाने की खबरों ने वैश्विक चिंता को और बढ़ा दिया है। इस स्थिति ने ईंधन आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित करते हुए दुनिया भर के ऊर्जा बाजारों को चुनौतीपूर्ण स्थिति में ला खड़ा किया है। इसी बीच ग्रीन आशा का इस मार्ग को सफलतापूर्वक पार करना न केवल भारत के लिए राहत का संकेत है, बल्कि यह देश की ऊर्जा रणनीति और समुद्री क्षमताओं को भी दर्शाता है। जोखिमों के बावजूद भारतीय जहाजों की आवाजाही इस क्षेत्र में लगातार बनी हुई है। समुद्री आंकड़ों के अनुसार, इस मार्ग से गुजरने वाले लगभग 60 प्रतिशत मालवाहक जहाज या तो ईरान से आते हैं या वहीं के लिए जाते हैं, फिर भी भारतीय जहाजों की उपस्थिति मजबूत बनी हुई है।

ग्रीन आशा से पहले भी कई भारतीय जहाज इस मार्ग से गुजर चुके हैं और उन्होंने बड़ी मात्रा में एलपीजी और कच्चे तेल की आपूर्ति सुनिश्चित की है। एलपीजी वाहक बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम ने संघर्ष के बीच करीब 94 हजार टन माल का परिवहन किया, जबकि मार्च के अंत में पाइन गैस और जग वसंत सहित चार भारतीय टैंकरों ने महज तीन दिनों में 92,600 टन से अधिक एलपीजी की आपूर्ति की थी।

# मकनपुर में चीनी मिल की जगी उम्मीद, सांसद ने किया प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)**: करीब 33 वर्षों से क्षेत्र के किसानों की लंबित मांग अब साकार होती नजर आ रही है। वारिसलीगंज प्रखंड के मकनपुर मौजा में प्रस्तावित चीनी मिल को लेकर रविवार को नवादा के सांसद Vivek Thakur ने चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने सांसद का जोरदार स्वागत किया और उन्हें "विकास पुरुष" की संज्ञा दी। मकनपुर नहर किनारे स्थित ज्ञानदीप इंटरनेशनल विद्यालय के नवनिर्मित भवन में आयोजित कार्यक्रम में बुद्धिजीवियों, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं समेत कई जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया और चीनी मिल स्थापना के प्रयास के लिए सांसद का आभार व्यक्त किया।





कार्यक्रम में दौलतपुर के मुकेश कुमार दिनकर ने सांसद को गन्ने की गठरी, लकड़ी का हल, अंगवस्त्र, फूलमाला और बुके भेंट कर सम्मानित किया। ग्रामीणों द्वारा गन्ने का ताजा जूस और अन्य व्यंजनों से अतिथियों का स्वागत किया गया। सांसद Vivek Thakur ने कहा कि चीनी मिल के लिए उपयुक्त जमीन ढूंढना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था, जिसे मकनपुर के ग्रामीणों ने बेहद सहजता से पूरा कर दिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि सब कुछ अनुकूल रहा तो भव्य कार्यक्रम में देश के गृहमंत्री Amit Shah के हाथों भूमि पूजन कराया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला पार्षद अखिलेश सिंह ने की, जबकि संचालन शिक्षक राधे श्याम कुमार ने किया। अंत में ग्रामीणों की ओर से पत्रकार मुकेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और क्षेत्र की अन्य समस्याओं की ओर सांसद का ध्यान आकर्षित कराया। गौरतलब है कि वारिसलीगंज स्थित मोहनी शुगर मिल को वर्ष 1992-93 में तत्कालीन सरकार, जिसकी अगुवाई Lalu Prasad Yadav कर रहे थे, द्वारा घाटे के कारण बंद कर दिया गया था। तब से किसान लगातार क्षेत्र में चीनी मिल की पुनर्स्थापना की मांग करते आ रहे हैं। अब मकनपुर में नई चीनी मिल की पहल से किसानों और मजदूरों में नई उम्मीद जगी है।

ज्ञान दीप इंटरनेशनल विद्यालय के प्रांगन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा ने स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के निदेशक मधुराज एवं प्राचार्य दिनेश कुमार ने भी सांसद को बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रजौली विधायक विमल राजवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, जदयू जिलाध्यक्ष राजेश दांगी, लोजपा जिलाध्यक्ष, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह, जिला पार्षद अंजनी सिंह, मोहन सिंह चंद्रवंशी, अजित यादव सहित कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस बलों ने चार वांछित वारंटियों को किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र से पुलिस बलों ने चार वांछित वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में पुलिस बलों के सहयोग से पुरानी बस स्टैंड निवासी जमुना चौधरी के पुत्र अर्जुन चौधरी, घसियाडीह गांव निवासी सहदेव मुसहर के पुत्र मुन्ना मुसहर और जागो मुसहर के पुत्र मनोज मुसहर एवं शंकर चौधरी के पुत्र शिवनंदन चौधरी को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया गया है। साथ ही बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ये वारंटी अपने घर में छुपे हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की और चारों वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। गिरफ्तार वारंटियों को रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में भी खौफ का माहौल है और वे पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए अपने ठिकाने बदल रहे हैं। इस कार्रवाई में पुलिस की टीम ने स्थानीय लोगों का सहयोग लिया और उन्हें अपराध के प्रति जागरूक किया। पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है और वे पुलिस की कार्रवाई की सराहना कर रहे हैं।

### 10+2 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने विधायक से इंटरमिडिएट में सीट बढ़ाने की मांग किया

**कटिहार**। जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित 10+2 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैंदा में इंटरमीडिएट की नामांकन की प्रक्रिया कुछ ही दिनों में प्रारंभ होने वाली है। लेकिन विद्यालय में इंटरमीडिएट छात्र-छात्राओं का कोटा काफी कम रहने के कारण विद्यालय परिवार को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। गत दिनों विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में स्थानीय जदयू विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी का प्रधानाध्यापक कन्हैयालाल दास ने ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि विद्यालय में इंटरमीडिएट छात्रों का नामांकन कला संकाय में 40 तथा साइंस संकाय में 40 है। यानी टोटल 80 बच्चे का हम नामांकन ले सकते हैं। जबकि इस विद्यालय में इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में 100 बच्चें उत्तीर्ण हुए हैं। सभी बच्चों को इसी विद्यालय में नामांकन लेना है, लेकिन सीट कम रहने के कारण परेशानी आ सकती है। तो ऐसी स्थिति में अविलंब विधायक सह प्रबंध समिति के अध्यक्ष दुलाल चंद्र गोस्वामी ने संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी से दूरभाष पर वार्तालाप किया। विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को वार्तालाप के क्रम में कहा कि आपको कुछ माह पहले प्रधानाध्यापक के द्वारा एक पत्र प्रेषित किया गया है। उस पत्र में इंटरमीडिएट में नामांकन ने का सीट को बढ़ाने के बारे में लिखा गया है। आप इस पत्र के अवलोकन कर अविलंब 10 + 2 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैंदा में इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं का नामांकन की सीट बढ़ाने के दिशा में कार्य करेंगे।विधायक ने यहां तक कहा कि केवल इस विद्यालय नहीं बल्कि कटिहार जिले के सभी 10+2 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में इंटरमीडिएट के नामांकन की सीट बढ़ाने की दिशा में कार्य करें, ताकि जिले के छात्र-छात्राओं को सुविधा मिल सके। जिस पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने विधायक को आश्वासन देते हुए कहा कि इस दिशा में अविलंब कार्रवाई की जाएगी। प्रधानाध्यापक कन्हैया लाल दास ने कहा कि इंटरमीडिएट की छात्रों की नामांकन का सीट बढ़ने से इस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को काफी सुविधा होगा।इसलिए इस दिशा में विभाग को सकारात्मक पहल करना चाहिये।

### फलका थाना कांड : पुलिस का हथियार छीनने वाले मुख्य आरोपी समेत पांच व्यक्ति गिरफ्तार



**कटिहार**। जिले के फलका थाना क्षेत्र में शनिवार को हुई घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के विरोध में कुछ लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन के दौरान फलका थाना परिसर में उपद्रव की स्थिति उत्पन्न हो गया। पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हालात को काबू में करने के साथ आमजन को समझा-बुझाकर शांत कराने का प्रयास किया। इसी दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने पुलिसकर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार किया और सरकारी हथियार छीनने की कोशिश की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए छीना गया हथियार सुरक्षित बरामद कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई है। संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने हथियार छीनने वाले मुख्य आरोपी दिवाकर कुमार यादव उर्फ दिवो यादव सहित कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अन्य आरोपियों में मोनू यादव, प्रभात कुमार, रौशन कुमार और अभिमन्यु कुमार शामिल हैं।

### कटिहार में अंबेडकर जयंती को इस बार खास और ऐतिहासिक अंदाज में मनाने की तैयारी तेज




**कटिहार**। कटिहार में अंबेडकर जयंती को इस बार खास और ऐतिहासिक अंदाज में मनाने की तैयारी तेज हो गई है। शहर के लाल कोठी स्थित मनोकामना मंदिर के समीप सामुदायिक भवन में बाबा साहेब को मानने वाले विभिन्न सामाजिक और बहुजन संगठनों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में जयंती समारोह को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 14 अप्रैल को शहर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा राजेंद्र स्टेडियम से शुरू होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए अंबेडकर चौक तक पहुंचेगी। आयोजकों के अनुसार इस शोभायात्रा में हजारों लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। आयोजन समिति ने बताया कि शोभायात्रा का उद्देश्य भीमराव अंबेडकर के विचारों, उनके संघर्ष और समाज में उनके योगदान को हर वर्ग तक पहुंचाना है। इसके साथ ही शोभायात्रा में बहुजन समाज के अन्य महान महापुरुषों की तस्वीरों को भी शामिल किया जाएगा, जिससे सामाजिक समरसता और जागरूकता का संदेश दिया जा सके। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन से जुड़े प्रमुख लोगों में अनुरंजन पासवान, भोला पासवान( अध्यक्ष), सिणोद उरांव (कोषाध्यक्ष), अशोक कुमार पासवान (सचिव), उत्तम पासवान (अध्यक्ष, भीम आर्मी), भीम बस्फोर (अध्यक्ष, हम संगठित एक साथ), मनीष कुमार, संजय कुमार, सुबोल मांझी, अमित पासवान और अजय बेस्फोर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पानी के हौज में डूबने से डेढ़ वर्षीय निशांत की मौत,गेहूं काटने के दौरान हुआ हादसा, परिजनों में पसरा मातम




रजौली अनुमंडलीय अस्पताल का फोटो

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के धमनी पंचायत अंतर्गत मोहनरियातरी गांव में रविवार की सुबह दिल को झकझोर देने वाली एक दर्दनाक हादसा हो गया। गेहूं काटने गई महिला ने अपने डेढ़ वर्षीय बच्चे को खलिहान में खेलने के लिए छोड़ दिया था, इसी दौरान बच्चा खेलते-खेलते पानी के हौज में जा गिरा। जब तक परिजनों को इस बात की जानकारी मिली, तब तक काफी देर हो चुकी थी। बच्चे को तुरंत रजौली अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. बरकत अली ने बताया कि बच्चे की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो चुकी थी। मृतक बच्चे की पहचान सिरदला थाना क्षेत्र के भेराड़ी गांव निवासी नीतीश कुमार के डेढ़ वर्षीय पुत्र निशांत के रूप में हुई है। निशांत के मौत की पुष्टि होने के बाद परिजनों में मातम पसर गया और वे रोते-बिलखते बच्चे को गोद में लिए वापस गांव चले गए। इस घटना से मोहनरियातरी गांव के लोग शोकाकुल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि निशांत अपने नाना राजेंद्र यादव के घर चैती छठ को लेकर विगत डेढ़ माह पहले अपनी मां और 4 वर्षीय बड़े भाई के साथ आया था। खेत में फसल को पटाने के लिए लगे बोरवेल से पानी निकलने वाले स्थान पर पानी जमा था, जिसमें बच्चा खेलते-खेलते जा गिरा। इस हादसे ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है और वे अपने बच्चों के प्रति काफी सचेत दिखाई दे रहे हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, और वे इस हादसे को भुला नहीं पा रहे हैं। निशांत की मौत ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया है, और लोग इस दर्दनाक हादसे को याद कर आंखें नम कर रहे हैं।

## रजौली में ड्रेनेज सिस्टम निर्माण में धांधली पर बवाल निर्माणाधीन काम पर प्रतिनिधि समेत आम लोगों में रोष व्याप्त

### निर्माण कार्य को रोका,जांच के बाद शुरू होगा ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण कार्य

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। रजौली नगर पंचायत के लोगों को चार वर्षों के लंबे इंतजार के बाद ड्रेनेज सिस्टम बनाने का कार्य शुरू हुआ है। किंतु निर्माणाधीन ड्रेनेज सिस्टम में हो रही धांधली को लेकर रजौली विधायक विमल राजवंशी,नगर मुख्य पार्षद के प्रतिनिधि प्रमोद सिंह,वार्ड पार्षद मुकेश कुमार,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बब्लू पंडित एवं सुमित सिंह समेत दर्जनों नगरवासियों ने कड़ा विरोध जताया है। विधायक विमल राजवंशी ने कहा कि नगर पंचायत में निर्माण किए जा रहे ड्रेनेज सिस्टम नियमों को ताक पर रखकर बनाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कि नगर पंचायत के लोग विगत कई वर्षों से बेहतर ड्रेनेज सिस्टम के लिए लंबी लड़ाई लड़ रहे थे। अब जब एनडीए सरकार द्वारा नगर पंचायत में लगभग 11 करोड़ रुपए से अधिक की राशि आवंटित की गई है,तो उसका इस्तेमाल बेहतर ढंग से होना चाहिए। विधायक ने कहा कि वे लोगों द्वारा प्राप्त शिकायत के आलोक में निर्माणस्थल का निरीक्षण किया और खुद को संतुष्ट नहीं पाया है। उन्होंने नगर पंचायत प्रशासन को चेतावनी दी है कि वे कार्य प्रणाली में सुधार लाएं,अन्यथा विभागीय कार्रवाई के लिए वे पत्राचार करने को बाध्य हो जाएंगे।



निर्माणाधीन ड्रेनेज सिस्टम

**जांच के बाद होगा निर्माण कार्य शुरू** :- वहीं नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह ने बताया कि नगर पंचायत में ड्रेनेज सिस्टम की पांच योजनाएं हैं,जिनका क्रियान्वयन हो रहा है। उन्होंने कहा कि रजौली पुरानी बस स्टैंड के निकट अनिल प्रकाश आर्य के दुकान से बजरंगबली मोड़ होते हुए धनार्जय नदी तक नाला सहित ढकना के लिए 3.05 करोड़ रुपए,संगत मोड़ से होते हुए बजरंगबली चौक तक नाला सहित ढक्कन के लिए 1.60 करोड़ रुपए,संगत से मनोहर मेमोरियल हॉस्पिटल,मनोकामना धाम मंदिर होते हुए साहू इलेक्ट्रिक दुकान तक नाला सहित ढक्कन के लिए 1.63 करोड़ रुपए,बजरंगबली चौक मोड़ से पुस्तक महल होते हुए नाला सहित ढक्कन निर्माण के लिए 1.26 करोड़ रुपए एवं साहू इलेक्ट्रिक से पुरानी बस स्टैंड होते हुए धनार्जय नदी तक नाला सहित ढक्कन निर्माण के लिए 1.53 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। नाला निर्माण के दौरान उसकी चौड़ाई 5 फीट एवं गहराई 6.1 फीट रखी जानी है। किंतु संवेदक और उसके कर्मियों द्वारा नाले की चौड़ाई 3 फीट एवं गहराई 2.5 फीट से 3 फीट रखी जा रही है,जो चिंता का विषय है। इस प्रकार ड्रेनेज सिस्टम में बरती जा रही धांधली से नगरवासियों को भविष्य में शहरी क्षेत्र में जलजमाव की समस्या से जूझना पड़ेगा। प्रमोद सिंह ने कहा कि घटिया निर्माण को देखते हुए कार्य को तत्काल बंद करवा दिया गया है। साथ ही बताया कि मंगलवार तक संवेदक और अभियंता को नगर पंचायत बुलाया गया है। साथ ही निर्माणाधीन ड्रेनेज सिस्टम के जांच के बाद भी आगे का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। वहीं नगरवासी बंटी सिंह,मनीष सोनी,सुमित शर्मा,विकास सिंह,पप्पू चौधरी,पिंकु लाल समेत दर्जनों लोगों ने कहा कि जबतक कार्य की जांच नहीं हो जाती है,तबतक ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण कार्य ठप रहेगा।

**क्या कहते हैं अधिकारी** :- इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी आतिश कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने बताया कि ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण कार्य बुडको द्वारा करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संबंधित समस्या को लेकर बुडको एवं नगर विकास प्राधिकरण को सूचित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कार्य करा रहे अभियंता के साथ सोमवार को कार्यस्थल का निरीक्षण भी करेंगे।

## पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय विद्यालयों में नामांकन हेतु द्वितीय मेधा सूची की प्रक्रिया प्रारंभ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा राज्य के 38 जिलों में संचालित 39 अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दिनांक 01.03.2026 को आयोजित प्रवेश परीक्षा का परीक्षाफल एवं प्रथम मेधा सूची आधिकारिक रूप से जारी की गई थी। इसके आधार पर दिनांक 31.03.2026 तक नामांकन की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस क्रम में अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, तेयार, नवादा में प्रथम मेधा सूची के कुल 63 चयनित छात्राओं में से 48 छात्राओं ने नामांकन कराया है।

जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी, श्री प्रकाश प्रिय रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम मेधा सूची के उपरांत शेष रिक्तियों तथा उन छात्राओं, जो आवेदन के दौरान दिए गए पाँच विकल्पों के आधार पर मेधा सूची में स्थान प्राप्त नहीं कर सकीं, को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा द्वितीय मेधा सूची प्रकाशित करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस हेतु दिनांक 03.04.2026 से 10.04.2026 तक कोटिवार तीन गुणा छात्राओं के लिए विभागीय पोर्टल पुनः खोला गया है। इस बार छात्राओं को अधिक अवसर प्रदान करते हुए नामांकन हेतु अधिकतम दस विद्यालयों का चयन करने का विकल्प उपलब्ध कराया गया है।

**छात्राएं एवं उनके अभिभावक विभागीय पोर्टल**: https://bcebconline.bihar.gov.in/schoolmis/StudentLogin.aspx पर जाकर अपनी सुविधा अनुसार विद्यालयों का चयन कर सकते हैं।

इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, तेयार, अकबरपुर, नवादा अथवा जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय, नवादा में संपर्क किया जा सकता है।

## एंट्री क्राइम ह्यूमन राइट्स प्रोटक्शन काउंसिल ऑफ़ नवादा की हुई बैठक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। खादी गेस्ट हाउस नवादा में एंट्री क्राइम ह्यूमन राइट्स प्रोटक्शन काउंसिल ऑफ़ नवादा का एक की बैठक प्रदेश अध्यक्ष अरविंद मिश्रा की अध्यक्षता में हुई, इस बैठक में सर्वप्रथम नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश पांडे जी को प्रदेश अध्यक्ष अरविंद मिश्रा समाज सेवी सुधीर उपाध्याय, पूर्व सरपंच दिलीप पांडे, अधिवक्ता चंद्र प्रकाश जी, एवं रवि रंजन जी के द्वारा अंग बस्त्र एवं पुष्प देकर सम्मानित किया गया, इसके साथ ही आए हुए अतिथियों को भी सम्मानित किया गया ,इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद मिश्रा ने अपने संबोधन ने कहा कि आजादी के बाद भी भी आज चारों ओर अन्याय,अत्याचार भ्रष्टाचार शोषण दोहन, बलात्कार के साथ ही कई तरह की घटनाएं देखने को प्रायः सब जगह मिल रही है, वहीं जेल में भी कैदियों के साथ अ मानवीय व्यवहार पर मौत की घटनाएं सुनने को मिलती है, वहीं सरकार और संविधान द्वारा प्रदत अधिकारों को जनता तक नहीं पहुंच पाती है, मौलिक अधिकारों का भी हनन प्रतिदिन देखने को सुनने को मिलता है, एंटी क्राइम ह्यूमन राइट्स प्रोटक्शन काउंसिल ऑफ़ नवादा द्वारा गांव गांव जाकर जनता की समस्याओं को लेकर जागरण चलाएंगे ,और मौलिक अधिकारों का हनन नहीं हो, इसके लिए भी सशक्त टीम बनाकर सरकार एवं प्रशासन के साथ संबंध स्थापित कर आम जनता को न्याय दिलाएगी, इस अवसर पर सुधीर उपाध्याय दिलीप पांडे सरपंच चंद्र प्रकाश जी अधिवक्ता रवि रंजन नित्यानंद पप्पू,तन्ने पठान, उज्जवल पांडे अजय सिंह सहित काफी संख्या में आए हुए जिला एवं विभिन्न प्रखंडों से अपना अपना विचार रखा ,और सभी ने संकल्प लिया है अन्याय, अत्याचार भ्रष्टाचार के खिलाफ संगठन के द्वारा संघर्ष करेंगे ,और जनता के हित के लिए काम करेंगे ,जिला अध्यक्ष राजेश पांडे जी ने आए हुए तिथियां का आभार प्रकट करते हुए इस माह के अंदर जिला कमेटी बनाने का आश्वासन भी दिया है, अध्यक्ष राजेश पांडे ने अरविंद मिश्रा जी को आभार प्रकट किया कि उन्होंने मुझे जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी, जिसे मैं निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत बनाऊंगा।




## रजौली पूर्वी दौड़ प्रतियोगिता में बालिका व बालक वर्ग में दिखा उत्साह

### बालिका वर्ग में ममता,तो बालक वर्ग में मिथुन ने मारी बाजी



विजेताओं को सम्मानित करते मुखिया व गणमान्य लोग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। रविवार को रजौली पूर्वी पंचायत के धुरगांव खेल मैदान में पंचायत के मुखिया संजय यादव के नेतृत्व में रविवार को भव्य दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रजौली पूर्वी पंचायत के सैकड़ों बालक एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत रजौली विधायक माननीय विमल राजवंशी व राजद नेत्री पिंकी भारती के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर की गई।

सबसे पहले बालिका वर्ग की दौड़ आयोजित की गई,जिसमें झिरझो गांव की प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों स्थानों पर कब्जा जमाया। इस दौरान ममता कुमारी ने प्रथम स्थान, स्मृति कुमारी ने द्वितीय स्थान तथा विधा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं बालक वर्ग की दौड़ में पचम्बा निवासी मिथुन कुमार ने प्रथम स्थान हासिल कर बाजी मारी एवं नावाडीह निवासी मनीष कुमार द्वितीय व झिरझो निवासी सचिन कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

**विजेताओं को किया गया सम्मानित** :- प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को ब्रांडेड शूज, ट्रैक पैंट एवं 5100 रुपए नकद पुरस्कार प्रदान किया गया,द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को ब्रांडेड शूज, ट्रैक पैंट एवं 3100 रुपए नकद पुरस्कार दिया गया। वहीं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ब्रांडेड शूज, ट्रैक पैंट एवं 2100 रुपए नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार के रूप में दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सैकड़ों अभ्यर्थियों को भी ब्रांडेड शूज प्रदान किए गए।

पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान राजद नेत्री पिंकी भारती ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जो बच्चे सफल हुए हैं,वे बधाई के पात्र हैं। असफल प्रतिभागियों को निराश नहीं होने की आवश्यकता है। साथ ही कहा कि जीवन में हार-जीत लगी रहती है और निरंतर प्रयास करने से ही सफलता मिलती है। इस अवसर पर प्रो. ब्यास कुमार ,नंदकिशोर यादव, रामजी यादव, सकील सर, केदार यादव, अरविंद प्रसाद, मुफ़्ती साहब, विपिन कुमार,डॉ परमेश्वर दयाल सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### महाबोधि एक्सप्रेस अब एक घंटा पहले प्लेटफॉर्म पर लगेगी, जनरल कोच में सफर करने वाले यात्रियों को राहत



**गयाजी।** गयाजी जंक्शन से सफर करने वाले यात्रियों के लिए रेलवे प्रशासन ने राहत भरा फैसला लिया है। अब महाबोधि एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से एक घंटा पहले ही प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर आकर खड़ी होगी। इस बदलाव से रोजाना यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को सीधा फायदा मिलने वाला है। खासकर जनरल पैसेंजर को खासा लाभ मिलेगा। पहले यह ट्रेन दोपहर करीब दो बजे खुलती थी। तय समय से कुछ पहले या फिर उसके आसपास प्लेटफॉर्म पर लगती थी। इससे यात्रियों को जल्दबाजी में ट्रेन पकड़नी पड़ती थी। कई बार अफरा-तफरी की स्थिति बन जाती थी। खासकर जनरल पैसेंजर को लाइन लग कर साधारण बोगी में सवार होने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती थी। यही नहीं उनके साथ-साथ आरपीएफ के जवान और उनके अधिकारियों को भी कड़ी मेहनत करनी पड़ती थी। अब नई व्यवस्था लागू होने के बाद यात्री पहले से प्लेटफॉर्म पर पहुंचकर आराम से ट्रेन में चढ़ सकेंगे। इस फैसले का सबसे ज्यादा फायदा जनरल कोच में सफर करने वाले यात्रियों को होगा। भीड़भाड़ के कारण पहले सीट के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ती थी। कई बार धक्का-मुक्की तक हो जाती थी। अब ट्रेन पहले से खड़ी रहने के कारण यात्री समय से चढ़कर अपनी जगह सुनिश्चित कर सकेंगे। गर्मी के मौसम को देखते हुए भी यह फैसला राहत देने वाला माना जा रहा है। तेज धूप और उमस में प्लेटफॉर्म पर इंतजार करने की मजबूरी अब काफी हद तक खत्म होगी। यात्री बिना जल्दबाजी के अपनी यात्रा शुरू कर पाएंगे। रेलवे अधिकारियों का मानना है कि इस व्यवस्था से प्लेटफॉर्म पर भीड़ का दबाव भी कम होगा। यात्री धीरे-धीरे और व्यवस्थित तरीके से ट्रेन में चढ़ेंगे। इससे अव्यवस्था की स्थिति नहीं बनेगी और सुरक्षा व्यवस्था भी पहले से मजबूत होगी।

### +2 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के मैट्रिक की परीक्षा में अव्वल अंक लाकर जिले में स्थान प्राप्त किया है

**कटिहार।** जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत के बैंदा ग्राम स्थित +2 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के मैट्रिक की परीक्षा में अव्वल अंक लाकर जिले में स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय परिवार की ओर से आयोजित एक समारोह का आयोजन कर अव्वल अंक वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सह विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी एवं प्रधानाध्यापक कन्हैयालाल दास ने अव्वल अंक से उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को माला पहनकर, मेडल एवं कप देकर स्वागत किया। इस अवसर पर जदयू विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी ने कहा कि +2 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैंदा के छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में अपनी प्रतिभा को उजागर किया है। जिसके कारण विद्यालय सहित समाज को गौरवान्वित करने का कार्य किया है। विधायक श्री गोस्वामी ने कहा कि विद्यालय के छात्र अंकित कुमार ने 469 अंक प्राप्त कर जिले में आठवें रैंक पर आया है। लक्की कुमार को 458 अंक, अल्पा कुमारी ने 457,सानिया कुमारी ने 437 अंक प्राप्त कर स्कूल ही नहीं बल्कि प्रखंड के साथ-साथ जिले का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैयालाल दास ने कहा कि विद्यालय से 105 छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा में भाग लिया था। जिसमें 100 छात्र-छात्राओं ने उत्तीर्ण किया है।इस प्रकार 99.5% छात्र-छात्राओं ने उत्तीर्ण होकर विद्यालय का ही नाम रोशन नहीं किया बल्कि अपने परिवार समाज को प्रभावित करने का कार्य किया है। प्रधानाध्यापक कन्हैयालाल दास ने कहा कि जिसमें प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने वाले छात्रों की संख्या 32, द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण करने वाले छात्रों की संख्या 48, तृतीय श्रेणी से उत्पन्न करने वाले छात्राओं की संख्या 20 है। प्रधानाध्यापक कन्हैयालाल दास ने कहा कि विद्यालय में जब से हमने योगदान किया तब से विद्यालय की पठन-पाठन के साथ-साथ दशा एवं दिशा बदल ने का कार्य कर रहा हूं।इस कार्य में विद्यालय में पदस्थापित सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं का भरपूर सहयोग मिल रहा है। विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं ने अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक कार्य निभाते हैं। इस अवसर पर संकुल समन्वक निर्मल कुमार मंडल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बैंदा के प्रधानाध्यापक हिदायतुल्लाह, भाजपा नेता पप्पू सिंह,शोभम दास, जदयू प्रखंड अध्यक्ष विजय दास,जदयू नेता चंदन भगत, जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रखंड अध्यक्ष माला देवी,विश्व हिंदू परिषद के प्रणव कुमार तथा विद्यालय के शिक्षक पीतांबर कुमार राय, कौशल कुमार रमन, राजीव रंजन यादव, प्रियंका कुमारी,रिंपा कुमारी ने स्वागत किया।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय कांता मुरादपुर में समारोह आयोजित कर उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को वितरण किया प्रगति पत्र

**कटिहार।** जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत भोगांव पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कांता मुरादपुर विद्यालय में एक समारोह आयोजित कर वार्षिक परीक्षा 2026 में उत्तीर्ण सभी छात्र छात्राओं का परिणाम घोषित करते हुए प्रगति पत्र वितरण किया। प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार मंडल ने बताया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय कांता मुरादपुर के 318 छात्र छात्राओं ने वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण किया। वर्ग 6 में प्रथम आयुष कुमार एवं आरती कुमारी, वर्ग सात में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अजीत कुमार एवं अदिति कुमारी, वर्ग 8 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण दीपक कुमार एवं प्राची कुमारी अव्वल अंक से उत्तीर्ण हुये है। विद्यालय में सभी वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले छात्र छात्राओं को प्रगति पत्रक के साथ-साथ कॉपी, कलम देकर सम्मानित किया गया है। प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार मंडल ने कहा कि छात्र-छात्राओं के मनोबल को बढ़ाने के लिए विद्यालय परिवार की ओर से समय-समय पर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाता है। इस तरह का आयोजन करने से छात्र-छात्राओं का मनोबल ऊंचा होता है। प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार मंडल ने कहा कि कक्षा एक एवं कक्षा 6 में नामांकन की करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया गया है। वर्ग 1 तथा 6 में नामांकन प्रारंभ हो गया है। वर्ग 8 में उत्तीर्ण किए गए छात्र-छात्राओं को परित्याग प्रमाण पत्र भी देना प्रारंभ कर दिया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मिथिलेश कुमार, मनोज कुमार राय, आनंद यादव, ओमप्रकाश प्रजापति, शिक्षा सेवक अवधेश कुमार उपस्थित थे।

# गयाजी में दोपहर 12:30 बजे के बाद नहीं चलेंगे स्कूल

## गर्मी को लेकर फैसला, सरकारी स्कूलों का टाइम बदला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गयाजी।** गयाजी में भीषण गर्मी और लू के बढ़ते खतरे के आसार के बीच शिक्षा विभाग ने फैसला लिया है। अब गया समेत पूरे राज्य में सरकारी स्कूलों का समय बदल दिया गया है। 6 अप्रैल से सभी प्रारंभिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालय सुबह 6:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक संचालित होंगे। यह व्यवस्था 31 मई तक, यानी ग्रीष्मावकाश से पहले तक लागू रहेगी।

**नया टाइम टेबल लागू किया:** जिला शिक्षा पदाधिकारी कृष्ण मुरारी गुप्ता ने बताया कि नया टाइम टेबल लागू कर दिया गया है। सभी स्कूलों को सख्ती से पालन करने का निर्देश भी दिया गया है। इसके पीछे के मूल उद्देश्य बच्चों को तेज गर्मी से बचाना और पढ़ाई को भी प्रभावित नहीं होने देना है। नई समय-सारणी के तहत सुबह 6:30 बजे स्कूल खुलेगा। पहले आधे घंटे प्रार्थना और अन्य गतिविधियां होंगी। इसके बाद 7 बजे से क्लास शुरू हो जाएगी। कुल सात पीरियड चलेंगे। हर पीरियड 40 मिनट का होगा। दोपहर 12:20 बजे तक बच्चों की छुट्टी हो जाएगी। इसके बाद 10 मिनट तक शिक्षकों की समीक्षा बैठक होगी। मध्याह्न भोजन को लेकर भी विभाग ने लचीलापन दिया है। जिन स्कूलों में बच्चों की संख्या ज्यादा है। वहां एक साथ भोजन कराना जरूरी नहीं है। ऐसे स्कूलों में दो चरणों में मिड-डे मील कराया जा सकेगा। आधे बच्चे मध्यांतर में खाना खाएंगे, जबकि बाकी को तीसरी या चौथी घंटी में भोजन मिलेगा। इस दौरान बाकी बच्चों की पढ़ाई जारी रहेगी।

**स्कूलों के लिए अलग व्यवस्था रखी:** दो शिफ्ट में चलने वाले स्कूलों के लिए अलग व्यवस्था रखी गई है। ऐसे स्कूलों में समय तय करने का अधिकार जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया है। वे स्थानीय मौसम और परिस्थितियों के अनुसार समय तय करेंगे। साथ ही, संभावित लू को देखते हुए जिलाधिकारियों को भी विशेष अधिकार मिला है। जरूरत पड़ने पर वे स्कूल के समय में बदलाव कर सकते हैं। यानी अगर गर्मी और बढ़ती है तो और सख्त कदम भी उठाए जा सकते हैं। शिक्षा विभाग का साफ निर्देश है कि पठन-पाठन में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। स्कूल समय भले बदला है, लेकिन पढ़ाई पूरी गुणवत्ता के साथ जारी रहेगी। गर्मी से राहत और पढ़ाई के संतुलन को ध्यान में रखकर यह फैसला लिया गया है।

## नालंदा में पिस्टल-कारतूस के साथ तीन धराए, देसी पिस्तौल-कारतूस बरामद

### थानाध्यक्ष बोले- अपराध की साजिश रच रहे थे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालंदा।** नालंदा की दीपनगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए देवीसराय चौक के पास आपराधिक साजिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक युवक समेत 2 नाबालिग को पकड़ा है। इनके पास से एक देसी पिस्तौल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए हैं। दीपनगर थाना के अपर थानाध्यक्ष विलमेश कुमार ने बताया कि हमें सूचना मिली की देवीसराय चौक के महुआबाग इलाके में तीन संदिग्ध युवक हथियारों के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया।

**तलाशी में मिला हथियारों का जखीरा:** संदेह के आधार पर रोके गए तीनों युवकों की जब तलाशी ली गई, तो उनमें से एक के पास से अवैध हथियार बरामद हुए। पुलिस ने मुख्य आरोपी दीपनगर थाना क्षेत्र के देवीसराय निवासी दिनेश पासवान के बेटे अम्बेडकर कुमार को गिरफ्तार कर लिया। जबकि इस मामलें में 2 अन्य नाबालिग को भी पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से 1 देसी पिस्तौल,2 मैगजीन और 5 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

**दो अन्य हिरासत में, पूछताछ जारी:** गिरफ्तार मुख्य आरोपी के साथ मौजूद दो अन्य को भी पुलिस ने पकड़ा है। इनमें से एक युवक इस्लामपुर का और दूसरा देवीसराय का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस फिलहाल इन तीनों से सघन पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे किस बड़ी घटना को अंजाम देने वाले थे और इन हथियारों का स्रोत क्या है। इस सफल छापेमारी टीम का नेतृत्व अपर थानाध्यक्ष विमलेश कुमार और दीपनगर की टीम अनिल कुमार राम, सुनील सिंह, रमेश सिंह, रविन्द्र कुमार की ओर से की‍ा गई। पुलिस मामले में अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

## प्रशासनिक सख्ती से बदलेगी मघड़ा शीतला मंदिर की सूरत, सीढ़ी की जगह बन रहा रैंप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**नालंदा।** बिहार शरीफ के प्रसिद्ध मघड़ा शीतला मंदिर में हुई भगदड़ के बाद प्रशासन और धार्मिक न्यास बोर्ड ने बड़ा फैसला लिया है। हादसे की जांच के दौरान यह बात प्रमुखता से सामने आई कि मुख्य द्वार की फिसलन भरी सीढ़ियां भगदड़ का मुख्य कारण बनी थी। एसडीओ ने उन सीढ़ियों को तत्काल तोड़कर वहां स्लोपिंग रैंप बनाने का आदेश दिया है। इस पर काम भी शुरू कर दिया गया है, ताकि दिव्यांगों और बुजुर्गों के साथ-साथ आम श्रद्धालुओं को आवागमन में सुगमता हो। दोबारा ऐसी दुर्घटना न हो सके।

**जिग-जैग प्रणाली की जा रही विकसित:** मंदिर परिसर में अब श्रद्धालुओं का प्रवेश पूरी तरह नियंत्रित होगा। नई व्यवस्था के तहत अब शीतल तालाब में स्नान करने के बाद श्रद्धालु सीधे गर्भगृह की ओर नहीं जा सकेंगे। तालाब के आसपास ग्रिल और बैरिकेडिंग की जा रही है, जिससे हर श्रद्धालु को मुख्य द्वार से कतार में लगकर ही प्रवेश मिल सके। भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए परिसर में 'जिग-जैग' कतार प्रणाली विकसित की जा रही है, जिसे एसडीओ क्रिसलय श्रीवास्तव ने सुचारू दर्शन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए तालाब के पानी के स्तर को भी कम किया जा रहा है ताकि गहरे पानी में डूबने का खतरा न रहे।

**दान के पैसे से होगा मंदिर का विकास:** प्रशासनिक स्तर पर हुए बदलावों की जानकारी देते हुए वार्ड पार्षद प्रतिनिधि जयंत शर्मा ने बताया कि मंदिर की दान-पेटी को अब ट्रस्ट के अधिकार क्षेत्र में लेकर उसमें ताला लगा दिया गया है। इस राशि का उपयोग मंदिर के सर्वांगीण विकास और यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए धर्मशाला निर्माण में किया जाएगा।

पुजारियों की भूमिका को लेकर भी नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि वे ट्रस्ट की नियमावली के अनुसार ही कार्य करेंगे। श्रद्धालुओं पर दक्षिणा के लिए किसी प्रकार का दबाव नहीं बनाया जाएगा। प्रशासन का मुख्य जोर अब अनुशासन और सुरक्षित दर्शन पर है। जिसके लिए सरकार ने भी तत्परता दिखाते हुए विकास योजनाओं को हरी झंडी दे दी है।

## गयाजी में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गयाजी।** गयाजी के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गैस की कालाबाजारी का भांडाफोड़ किया है। मानपुर कृष्णा नगर में छापेमारी कर 39 एलपीजी गैस सिलिंडर और 69 उपभोक्ता कार्ड जब्त किए गए। मौके से बाप-बेटा को गिरफ्तार किया गया, जबकि गिरोह से जुड़े अन्य लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस को गश्ती के दौरान सूचना मिली थी कि कृष्णा नगर में एक मकान में भारी मात्रा में गैस सिलिंडर जमा कर ब्लैक में बेचा जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान दो लोग भागने की कोशिश कर रहे थे, जिन्हें मौके पर ही पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजय सिंह (50) और उसके बेटे सन्नी कुमार (19) के रूप में हुई है। दोनों मूल रूप से फतेहपुर के रहने वाले हैं, लेकिन फिलहाल कृष्णा नगर में रह रहे थे।

**कुल 26 सिलिंडर बरामद:** तलाशी के दौरान अजय सिंह के मकान से अलग-अलग कंपनियों के कुल 26 सिलिंडर बरामद हुए। इनमें इंडेन, भारत गैस और एचपी के घरेलू व व्यावसायिक सिलिंडर शामिल हैं। कुछ भरे हुए थे, कुछ आधे भरे और कई खाली भी मिले। इसके अलावा 69 कंज्यूमर कार्ड भी बरामद किए गए, जो अलग-अलग गैस एजेंसियों के नाम पर जारी हैं। पुलिस को मौके से कई खाता बुक भी मिली हैं, जिससे साफ संकेत मिल रहा है कि यह काम लंबे समय से संगठित तरीके से चल रहा था। पुलिस का मानना है कि यह एक बड़ा गिरोह है, जो लोगों के नाम पर गैस कनेक्शन लेकर सिलिंडर की कालाबाजारी करता था।

थानाध्यक्ष ने बताया कि जब आरोपियों से बरामद सिलिंडर और कार्ड के बारे में पूछताछ की गई, तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इससे साफ हो गया कि पूरा खेल अवैध तरीके से चल रहा था। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। साथ ही अन्य फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी है। पुलिस का कहना है कि आबादी वाले इलाके में इस तरह गैस सिलिंडर का भंडारण बेहद खतरनाक है। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था।

## फल्गु नदी पर चला सफाई अभियान, दिनकर घाट पर श्रमदान, कचरे और गंदगी को हटाया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**गयाजी।** गयाजी में स्वच्छ फल्गु अभियान के तहत रविवार को दिनकर घाट, जनकपुर में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और अलग-अलग संगठनों के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर फल्गु नदी की साफ-सफाई की। नदी में उगी झाड़ियों, कचरे और गंदगी को हटाया गया। करीब एक घंटे तक चले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर अभियान के संयोजक विजय कुमार मिट्ठु, सह संयोजक विनोद कुमार, जन शिक्षण संस्थान के रवींद्र कुमार, वार्ड 50 के प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, ट्रेड यूनियन नेता कपिलदेव सिन्हा मौजूद रहे। इसके अलावा भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के जिला सचिव रंजीत कुमार, जिला आयुक्त गोपाल प्रसाद, प्रतिज्ञा कुमारी, ममता कुमारी, उदय यादव, विनोद कुमार और कांत शर्मा ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। गयाजी नगर निगम के सफाईकर्मियों ने भी इस अभियान में सहयोग किया।

**युद्ध स्तर पर चल रहा सफाई कार्य:** कार्यकर्ताओं ने बताया कि फल्गु नदी के दोनों किनारों पर स्थित अम्मवां, केंदुई, डंडी बाग, लखनपुरा, विष्णुपद, देव घाट, ब्राह्मणी घाट, रामशीला घाट, भास्कर घाट, दिनकर घाट, जनकपुर, अलीपुर और शादीपुर घाट पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। हर रविवार को सुबह एक घंटे तक श्रमदान कर नदी को स्वच्छ और सुंदर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

29 मार्च को देव घाट रबर डैम पर चलाए गए सफाई अभियान के बाद प्रशासन भी सक्रिय हुआ है। 03 अप्रैल को रबर डैम से गंदा पानी निकालकर युद्ध स्तर पर सफाई कार्य शुरू किया गया, जिससे लोगों में उम्मीद जगी है कि मानसून से पहले नदी की स्थिति में सुधार होगा। इसके लिए अभियान समिति ने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## आईएमए ने बैठक की,स्वास्थ्य जागरूकता अभियान की रूपरेखा तैयार की

### 2 दिन बाद मुफ्त चिकित्सा जांच शिविर, फ्री में होगा टेस्ट




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता


**नालंदा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आईएमए (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) के स्थानीय सभागार में आज डॉक्टरों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्वास्थ्य जागरूकता अभियान की रूपरेखा तैयार की गई। इस साल विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से निर्धारित विषय "स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ खड़े रहें" को केंद्र में रखते हुए आईएमए के सदस्यों ने आम जनमानस को वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। अभियान के तहत मंगलवार, 7 अप्रैल को आईएमए परिसर में एक विशाल मुफ्त चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पहुंचने वाले आम लोगों के ब्लड प्रेशर, शुगर और बोन मिनरल डेंसिटी (बीएमडी) की मुफ्त जांच की जाएगी।


इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए डॉ. इंद्रजीत कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य केवल एक व्यक्तिगत विषय नहीं है, बल्कि यह एक सामुदायिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि यदि समाज का हर व्यक्ति संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति सचेत हो जाए, तो अधिकांश गंभीर बीमारियों को पनपने से पहले ही रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस का मूल संदेश ही यही है कि सावधानी और रोकथाम हमेशा इलाज से बेहतर साबित होते हैं।

**सूचनाओं के गलत प्रसार पर चिंता व्यक्त की:** डॉ. अभिषेक कुमार ने वर्तमान दौर में सूचनाओं के गलत प्रसार पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि आज के समय में लोग सोशल मीडिया या अन्य अप्रमाणित स्रोतों से मिली जानकारी के आधार पर स्वयं का इलाज शुरू कर देते हैं, जो भविष्य में उनके स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। इसीलिए इस साल 'विज्ञान के साथ खड़े रहें' का संदेश बेहद प्रासंगिक है ताकि लोग केवल विशेषज्ञों और वैज्ञानिक पद्धतियों पर ही भरोसा करें। जागरूकता अभियान के दौरान डॉक्टर ने लोगों को रोजाना कम से कम 30 मिनट व्यायाम करने, 7 से 8 घंटे की पर्याप्त नींद लेने और नशे की आदतों से पूरी तरह दूर रहने की सलाह दी है। इसके साथ ही सुरक्षित पेयजल के उपयोग, स्वच्छ वातावरण और प्रदूषण नियंत्रण को भी एक स्वस्थ समाज की आधारशिला बताया गया है। आईएमए ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस निःशुल्क जांच शिविर का लाभ उठाएं और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी जागरूक करें, ताकि एक स्वस्थ और सुदृढ़ समाज का निर्माण हो सके।

## विदेशी पक्षियों के कलरव से गूंजा राजगीर, दूसरे राज्यों से भी पहुंच रहे पर्यटक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**नालंदा।** राजगीर जू सफारी पर्यटकों के लिए सिर्फ शेरों और बाघों के रोमांच का केंद्र ही नहीं, बल्कि अब विदेशी पक्षियों के कलरव और उनकी मनमोहक उड़ान का भी एक प्रमुख ठिकाना बन गया है। सफारी के अंदर विकसित की गई 'बर्ड एवियरी' (पक्षी शाला) में इन दिनों न केवल देसी-विदेशी पक्षियों की अठखेलियां पर्यटकों को लुभा रही हैं, बल्कि यह जगह अब इन दुर्लभ विदेशी पक्षियों के एक सफल प्रजनन केंद्र के रूप में भी उभर कर सामने आ रही है। प्राकृतिक आवास से मिलते-जुलते माहौल में पक्षी यहां सुरक्षित महसूस कर रहे हैं और अंडे दे रहे हैं, जिससे सफारी प्रबंधन और वन्यजीव प्रेमियों में भारी उत्साह है।

**विशाल प्राकृतिक वातावरण:** राजगीर जू सफारी में निर्मित यह एवियरी बिहार की पहली ऐसी संरचना है, जहां विदेशी पक्षियों को पिंजरे में कैद करने के बजाय एक विशाल और प्राकृतिक वातावरण प्रदान किया गया है। यहां पेड़-पौधे, खुला आसमान और जलस्रोत बिल्कुल वैसे ही हैं, जैसे इन पक्षियों को उनके मूल निवास स्थान पर मिलते हैं। इस एवियरी में मुख्य रूप से स्कारलेट मकाउ, एलिगर मकाउ, ब्लू एंड गोल्ड मकाउ, सल्फर-क्रेस्टेड कॉकटू, बुडगेरिगर (बज्जी), कॉकटेल, मलार्ड डक, गोल्डन फिजेंट और सिल्वर फिजेंट जैसी रंग-बिरंगी विदेशी प्रजातियां रखी गई हैं।

**एवियरी प्रजनन केंद्र के रूप में भी विकसित:** जू सफारी के डायरेक्टर राम सुंदर एम. ने बताया कि एवियरी में फिलहाल अलग-अलग प्रजातियों के पक्षी मौजूद हैं। सफारी प्रबंधन के लिए यह बेहद खुशी की बात है कि यह एवियरी अब धीरे-धीरे एक प्रजनन केंद्र के रूप में भी विकसित हो रही है। यहां मौजूद कई पक्षियों ने अंडे देने शुरू कर दिए हैं। प्रबंधन की प्राथमिकता यही रहती है कि पक्षी प्राकृतिक रूप से अपने अंडों को खुद ही सेहें और पालें। हालांकि, सुरक्षा और अंडों को खराब होने से बचाने के लिए तकनीकी इंतजाम भी किए गए हैं। मलार्ड डक (बत्तख) की संख्या में प्राकृतिक रूप से अच्छी-खासी वृद्धि हुई है और उनके अंडों से कई बच्चे (डकलिंग) भी सफलतापूर्वक निकले हैं।

**सुबह और शाम परोसा जाता है अलग-अलग प्रकार का भोजन:** इसके अलावा, कॉकटू और कॉकटेल जैसी प्रजातियों ने भी अंडे देना शुरू कर दिया है। इन अंडों को सुरक्षित रखने और सफल हैचिंग (अंडों से बच्चे निकलना) सुनिश्चित करने के लिए सफारी प्रबंधन ने 'इनक्यूबेटर' (अंडों को सेहने वाली कृत्रिम मशीन) की विशेष व्यवस्था की है। नवजात और छोटे पक्षियों को उचित तापमान प्रदान करने के लिए 'हीटर यूनिट' भी लगाए गए हैं। पक्षियों के भोजन पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्हें सुबह और शाम अलग-अलग प्रकार का भोजन परोसा जाता है, जिसमें उनकी प्रजाति के अनुसार ताजे फल, सब्जियां, और विशेष प्रकार के बीज शामिल होते हैं। यह डाइट मौसम के अनुसार बदलती रहती है, ताकि पक्षियों को सभी जरूरी पोषक तत्व मिल सकें।

**एवियरी के किनारों पर लगी है खास प्रकार के पौधे:** एवियरी का आकर्षण सिर्फ विदेशी पक्षियों तक ही सीमित नहीं है। डायरेक्टर राम सुंदर एम. ने बताया कि एवियरी के चारों ओर और उसके किनारों पर जानबूझकर ऐसे पौधे और फूल लगाए गए हैं, जो तितलियों (बटरफ्लाई) को आकर्षित करते हैं। इसका परिणाम यह है कि यहां भारी संख्या में रंग-बिरंगी तितलियां आती हैं। इन तितलियों को देखने के लिए न केवल पर्यटक उत्साहित होते हैं, बल्कि इन तितलियों को खाने की तलाश में आसपास के जंगलों से कई देशी प्रजातियों के पक्षी भी यहां खींचे चले आते हैं। मोर और रोलर बर्ड जैसे देशी पक्षी अक्सर एवियरी के आसपास मंडराते देखे जा सकते हैं। प्रबंधन की यह सोच बेहद सफल रही है कि पर्यटक जब यहां आएं, तो वे सिर्फ जाली के अंदर के विदेशी पक्षियों को ही न देखें, बल्कि उन्हें बाहर के प्राकृतिक और देशी पक्षियों का भी दीदार हो सके।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### 74 वर्षीय व्यक्ति के बैग में ब्लेड से कट लगा कर पैसा चोरी करते चोर गिरफ्तार

**सासाराम**। जिला मुख्यालय सासाराम के नगर थाना सासाराम अंतर्गत पोस्ट ऑफिस चौक के पास सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से पैसा निकाल कर आ रहे एक 74 वर्षीय व्यक्ति के बैग में ब्लेड से कट लगा कर पैसा चोरी करते हुए एक चोर को पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि गोपाल प्रसाद, उम्र-65 वर्ष, पिता-स्व. कृष्णा प्रसाद, मुहल्ला- गजराज गौरक्षनी, थाना-सासाराम नगर, जिला-रोहतास को चोरी किए गए पैसे के साथ गिरफ्तार किया गया है। उक्त आरोपी से जब पूछ ताछ किया गया तो इनके अन्य साथी विजय चंद्रबंशी, उम्र-57 वर्ष, पिता- स्व. मोहन चंद्रबंशी, मुहल्ला- बस्तीपूर, थाना-इंद्रपुरी, जिला- रोहतास को घर से गिरफ्तार किया गया। इस कांड के अलावा अन्य घटना में इनके साथ इनके साथी अपनी संलिप्तता स्वीकार किए हैं । उक्त दोनों के विरुद्ध कागजी कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### मोतिहारी जहरीली शराब कांड में मरने वाले की संख्या बढकर हुई नौ

**पूर्वी चंपारण**। जिले में तुरकौलिया व रघुनाथपुर थाना क्षेत्र में हुई जहरीली शराब कांड में मरने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। इस कांड में अब दो अन्य लोगों की भी मौत हो गई है। शराब कांड में मरने वालों की संख्या अब 9 हो गई है।जानकारी के मुताबिक, रघुनाथपुर थाने के हरदिया के विनोद साह की पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई है। वही तुरकौलिया थाने में शंकर सरैया के योद्धा मांझी की भी मौत हो गई है। इसके अलावा लड्डू साह नाम के एक शख्स की गंभीर स्थिति में वेंटिलेटर पर इलाज चल रहा है। लड्डू की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। वह रघुनाथपुर थाने के बालगंगा मुसहरी टोला का निवासी है। जानकारी के अनुसार जहरीली शराब का असर अब तुरकौलिया, रघुनाथपुर के अलावा मोतिहारी नगर थाना क्षेत्र व बंजरिया थाना में भी सामने आने लगा है। अपने स्तर से निजी तौर पर इलाज कराने वालों की मौत हो रही है। प्रशासन के माईकिंग के बावजूद कई लोग अपने स्तर से चोरी छुपे इलाज कराने में जुटे हैं। इसके कारण मरीजों की हालत बिगड़ने पर नाजुक हालत में सदर अस्पताल पहुंच रहे हैं। इससे पहले शनिवार सुबह जब रघुनाथपुर के हरदिया गांव निवासी लालकिशोर राय को लेकर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे तो उनकी मौत हो गई। वहीं, शाम में तुरकौलिया थाना क्षेत्र के शंकर सरैया शेख शरण टोला निवासी मो. इलियास को लेकर परिजन इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे। स्थिति चिंताजनक होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन दूसरे अस्पताल में जाने के दौरान उनकी मौत हो गई। शाम में शव लेकर परिजन सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के लिए पहुंचे। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि 19 केन जहरीली स्प्रिट बरामद की गई। तस्करों ने जगह जगह पीला व उजले डिब्बों में बंद मिथनॉल की सप्लाई की है। इस कांड को लेकर गठित विशेष टीम एक-एक कर कड़ियों को जोड़ते हुए स्प्रिट बरामद की जा रही हैं।जिले भर में अब तक 15 शराब तस्करो को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने कहा कि पीली केन में बरामद स्प्रिट मेथनॉल है, जो जहरीला है। इसको पीने से मौत होने की पूरी गुंजाइश है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि किसी के पास अनजाने में भी ऐसा केन हो तो अविलंब विनष्ट कर दें।

### फर्जी आधार कार्ड बनाने के मामले में खगड़िया से एक आरोपित गिरफ्तार

**किशनगंज**। सीमावर्ती क्षेत्र के टेढ़ागाछ थाना क्षेत्र में फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह के खुलासे के बाद पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में किशनगंज पुलिस ने एसटीएफ, खगड़िया पुलिस और अररिया पुलिस के साथ संयुक्त छापेमारी करते हुए खगड़िया से गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान खगड़िया जिले के पौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलवरिया निवासी कुंदन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शनिवार की शाम खगड़िया शहर स्थित एक मोबाइल दुकान में छापेमारी कर आरोपी को दबोचा। बताया जा रहा है कि आरोपी मोबाइल दुकान की आड़ में फर्जी आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज तैयार करने का अवैध कारोबार चला रहा था। रविवार को किशनगंज पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार टेढ़ागाछ थाना क्षेत्र में पूर्व में की गई कार्रवाई के बाद विशेष टीम द्वारा खगड़िया और अररिया जिले में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान खगड़िया स्थित मोबाइल दुकान में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपी की दुकान से लैपटॉप, मोबाइल फोन सहित कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए। इसके अलावा फोटोशॉप सॉफ्टवेयर से तैयार फर्जी आधार कार्ड, मूल आधार कार्ड, आधार कार्ड की छायाप्रतियां, जाति प्रमाण पत्र, विभिन्न उम्र के लोगों के जन्म प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना से संबंधित आवेदन पत्र, बैंक पासबुक, राशन कार्ड, इंडेन गैस एजेंसी से जुड़े दस्तावेज समेत करीब 500 से अधिक कागजात बरामद किए गए हैं। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। इस गिरोह में अन्य लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपी को रविवार को पुलिस टीम किशनगंज लेकर पहुंची, जहां आगे की पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान जारी है।

### सारण के 70 बच्चे मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत इलाज के लिए रवाना

**सारण**। जिले के उन परिवारों के लिए आज उम्मीद की नई किरण जागी है जिनके बच्चे जन्मजात हृदय रोग से जूझ रहे हैं। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत कुल 70 बच्चों को आज बेहतर इलाज के लिए पटना भेजा गया। इन बच्चों को एम्बुलेंस के माध्यम से इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान पटना रवाना किया गया, जहाँ से उन्हें सत्य साईं अस्पताल,



अहमदाबाद द्वारा आयोजित विशेष शिविर में ले जाया जाएगा। वहाँ विशेषज्ञों द्वारा बच्चों की विस्तृत जाँच की जाएगी और आवश्यकतानुसार उनकी निःशुल्क सर्जरी संपन्न होगी। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिली है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि बच्चों के आने-जाने से लेकर इलाज तक का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है, ताकि इन मासूमों को एक स्वस्थ भविष्य मिल सके।

# गेहूं की फसल की सुरक्षा को लेकर रेपर मशीन पर रोक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



- थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने गांव-गांव घूमकर दी चेतावनी,
- खेतों से हटवाई गई मशीनें, चौकीदारों को निगरानी का आदेश, उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी

**करगहर (रोहतास)**। थाना क्षेत्र में पककर तैयार गेहूं की फसल की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। करगहर थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने गेहूं की कटनी पूरी होने तक खेतों में रेपर मशीन चलाने पर रोक लगा दी है। इसे लेकर उन्होंने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों, टोले-मोहल्लों और बधारों का भ्रमण कर किसानों, मशीन संचालकों एवं ग्रामीणों को सख्त चेतावनी दी।

थानाध्यक्ष ने कहा कि इस समय अधिकांश खेतों में गेहूं की फसल पककर तैयार है और कटनी का कार्य जारी है। ऐसे में थोड़ी-सी लापरवाही भी किसानों के लिए भारी नुकसान का कारण बन सकती है। उन्होंने बताया कि रेपर मशीन के संचालन के दौरान घर्षण, चिंगारी अथवा तकनीकी कारणों से खेतों में आग लगने की आशंका बनी रहती है, जिससे तैयार फसल, पुआल, भूसा और अन्य कृषि सामग्री जलकर नष्ट हो सकती है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों की सालभर की मेहनत को सुरक्षित रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि जब तक गेहूं की कटनी पूरी नहीं हो जाती, तब तक किसी भी खेत में रेपर मशीन का उपयोग नहीं किया जाएगा।

थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने स्वयं थाना क्षेत्र के कई गांवों और बधारों में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान जहां-जहां खेतों में रेपर मशीन चलती मिली, वहां से मशीनों को तत्काल हटवाया गया। साथ ही संबंधित लोगों को भविष्य में ऐसा नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई।

इसके अलावा थाना क्षेत्र के सभी चौकीदारों को भी विशेष निर्देश जारी किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखें। उन्हें कहा गया है कि यदि कहीं भी रेपर मशीन चलने की सूचना मिले तो तत्काल इसकी जानकारी थाना को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

पुलिस प्रशासन ने किसानों और ग्रामीणों से अपील की है कि वे गेहूं की फसल की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और कटनी के दौरान पूरी सतर्कता बरतें। खेतों के आसपास आग जलाने, बीड़ी-सिगरेट फेंकने, सूखी घास-पुआल के बीच लापरवाही करने तथा चिंगारी पैदा करने वाले उपकरणों के उपयोग से बचने की भी सलाह दी गई है।

स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल को सराहनीय बताया है। लोगों का कहना है कि कटनी के मौसम में अक्सर खेतों में आग लगने की घटनाएं सामने आती हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे में समय रहते प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम निश्चित रूप से लाभकारी साबित होगा। थाना प्रशासन ने साफ कर दिया है कि आदेश की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति प्रतिबंध के बावजूद खेतों में रेपर मशीन चलाते पाया गया, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अवॉर्ड सेरेमनी समारोह किया गया आयोजन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**डिहरी ऑन सोन (रोहतास )**। डिहरी के मोहन बीघा स्थित बाल वाटिका विद्यालय में रविवार को विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार शर्मा एव निर्देशिका शांता शर्मा के नेतृत्व में अवॉर्ड सेरेमनी समारोह क आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पासवा के मुख्य संरक्षक सह वरिष्ठ पत्रकार जग नारायण पांडेय तथा डिहरी प्रखंड के उपाध्यक्ष दीप नारायण पांडेय द्वारा दीप प्रज्वलित कर बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण की गई ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा अभिभावकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक परीक्षा सत्र 2025–2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर स्कूल 325 बच्चों को पुरस्कृत किया गया।


इस मौके पर विद्यालय की निर्देशिका शांता शर्मा द्वारा विद्यालय की उपलब्धियां की चर्चा की गई तथा अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपनी सुझाव विद्यालय को समय-समय पर अवश्य दिया करें।ताकि उनका सुझाव के अनुसार विद्यालय की व्यवस्था एवं पठन-पाठन को औऱ बेहतर बना सके। वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार शर्मा ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह विद्यालय रोहतास जिले का एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान है, जहां हर वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया जाता है।

कार्यक्रम का संचालन प्रत्यूष कुमार ने किया। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

# गेहूं के खेत मे आग लगने से तीन सौ बिगहे की फसल जला

## पीड़ित किसानो ने संबंधी अधिकारियों से मुआवजे की मांग की

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कोचस (रोहतास)** प्रखंड क्षेत्र के ऊबधी और अकोढ़ी मे रविवार को असमाजिक तत्वों ने गेहूं की खड़ी फसल मे आग लगा दी जिसमे तीन सौ बीघे मे लगी गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। इसकी जानकारी देते हुए कोचस जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर सिंह ने बताया कि प्रखंड के ऊबधी और अकोढ़ी गांव के बधार मे असमाजिक तत्वों ने आग लगा दी जिसमें किसान धर्मेंद्र कुमार सिंह, दिनेश सिंह, जितेंद्र सिंह, राधेश्याम सिंह, महेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, केदार सिंह, रामेश्वर सिंह, वीरेंद्र सिंह, उमेश कुमार, गुड्डु सिंह ,पिंटू सिंह, भोला चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, मदन चौधरी, कलामुद्दीन अंसारी, निजामुद्दीन अंसारी, अजीत चौधरी, भगवती चौधरी, मोहन चौधरी, विनोद चौधरी, मुकेश चौधरी, और अकोढ़ी निवासी मुन्ना राय, सच्चिदानंद राय, मुसाफिर राय, रमेश राय, काशी राय, बहादुर राय सहित अन्य लोगो की फसल जल कर राख हो गई है। घटना की सूचना पर पहुंची दमकल के कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया है।वही पीड़ित किसानो का रो रो कर बुरा हाल हो गया है, पीड़ित किसानो ने संबंधी अधिकारियों से मुआवजे की मांग की है।

# काराकाट पुलिस ने 10 साल पुराने दहेज मामले में दो स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




रोहतास जिले के काराकाट थाना पुलिस ने आज रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर दो स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई 2016 में भोजपुर जिले में दर्ज दहेज उत्पीड़न मामले के तहत की गई है।

मामला बुढ़वल गांव के एक परिवार से जुड़ा है। लगभग 10 वर्ष पूर्व भोजपुर पुलिस ने इस परिवार पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया था। उसी मामले में फरार चल रहे दो अभियुक्तों बुढ़वल महावीर प्रसाद गुप्ता के पुत्र जगदीश प्रसाद गुप्ता और उनके पुत्र राजकुमार उर्फ बबलू को आज काराकाट थाना क्षेत्र के बुढ़वल गांव से धर दबोचा गया। दोनों स्थाई वारंटी थे और लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर थे।

थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने छापेमारी की और दोनों को बिना किसी विरोध के गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि यह वर्ष 2016 का पुराना मामला है, जिसमें दहेज के कारण उत्पीड़न की शिकायत दर्ज हुई थी। जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों अभियुक्तों को सोमवार को स्थानीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। इसी क्रम में थाना पुलिस ने शराब कांड मामले में हंस लाल राम के पुत्र संजय राम को भी गिरफ्तार किया। आरोपी को भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को मिलेगी सटीक और पारदर्शी सेवा : विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**सासाराम / रोहतास**। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम अंतर्गत बिक्रमगंज, कोचस, सासाराम (शहरी) एवं सासाराम (ग्रामीण) में पारंपरिक मीटरों को बदलकर तेजी से स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य बिजली आपूर्ति प्रणाली को आधुनिक, पारदर्शी और उपभोक्ता हितैषी बनाना है। खास बात यह है कि मीटर अधिष्ठापन के लिए उपभोक्ताओं से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जा रहा है। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि स्मार्ट मीटर तकनीक के माध्यम से उपभोक्ताओं की बिजली खपत का डाटा स्वतः ही बिलिंग सर्वर पर पहुंच जाता है। इससे मीटर रीडर पर निर्भरता समाप्त हो गई है और मानव हस्तक्षेप कम होने के कारण बिलिंग प्रक्रिया अधिक सटीक और त्रुटिरहित हो गई है। परिणामस्वरूप, उपभोक्ताओं को स्पष्ट और पारदर्शी बिजली बिल प्राप्त हो रहा है, जिससे शिकायतों में भी कमी आई है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को रियल टाइम में अपनी बिजली खपत और शेष बैलेंस की जानकारी उपलब्ध कराता है। इससे उपभोक्ता अपने बिजली उपयोग की आदतों को समझकर उसे नियंत्रित कर सकते हैं और अनावश्यक खपत को कम कर बिजली बिल में बचत कर सकते हैं। साथ ही अधिक बिजली खपत करने वाले उपकरणों की पहचान कर ऊर्जा दक्षता के उपाय भी अपनाए जा सकते हैं। डिजिटल सुविधा के तहत उपभोक्ता मोबाइल ऐप के माध्यम से घर बैठे ही मीटर रिचार्ज, बिल की जानकारी एवं खपत का पूरा विवरण देख सकते हैं। इससे विद्युत कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती और समय व संसाधनों की बचत होती है। विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई अन्य प्रावधान भी किए गए हैं। स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन से पूर्व बकाया राशि के भुगतान के लिए किस्तों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान के आर्थिक दबाव से राहत मिलती है। इसके अतिरिक्त, नए विद्युत कनेक्शन के लिए किसी प्रकार की प्रतिभूति राशि नहीं ली जाती है। सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए, जिन उपभोक्ताओं के घरों में सोलर पैनल लगाए जाते हैं, उनके स्मार्ट मीटर को ही नेट मीटर में परिवर्तित कर दिया जाता है। इससे अलग से मीटर खरीदने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है और उपभोक्ता अतिरिक्त उत्पादित बिजली को ग्रिड में भेजकर अपने बिल में समायोजित करा सकते हैं। विशेष परिस्थितियों में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए यह सुविधा भी दी गई है कि यदि किसी कारणवश बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है, तो वे मीटर में लगे पुश बटन के माध्यम से 72 घंटे तक अस्थायी रूप से बिजली बहाल कर सकते हैं। यह सुविधा महीने में एक बार उपलब्ध होती है। स्मार्ट मीटर की शुद्धता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेक मीटर भी लगाए जा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं का विश्वास और मजबूत हो सके। विद्युत विभाग का मानना है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर प्रणाली के लागू होने से बिजली बिलिंग में पारदर्शिता आई है, उपभोक्ताओं को बेहतर नियंत्रण मिला है और संपूर्ण व्यवस्था अधिक कुशल एवं जवाबदेह बनी है। आने वाले समय में यह प्रणाली बिजली उपभोग के तरीके को पूरी तरह बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# शैक्षणिक-संस्थान सक्सेज मंत्रा तथा काशी गौरव बायोलॉजी क्लासेज गजरार गौरक्षणी सासाराम की ओर से एक सम्मान-समारोह आयोजित




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम(रोहतास)** 05 अप्रैल। शहर के जाने-माने शैक्षणिक-संस्थान सक्सेज मंत्रा तथा काशी गौरव बायोलॉजी क्लासेज गजरार गौरक्षणी सासाराम की ओर से एक सम्मान-समारोह आयोजित कर अपने संस्थान से सफल हुए छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान-समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आये प्रदेश जदयू के नेता तथा अधिवक्ता आशुतोष सिंह ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता का मुलमंत्र आत्मविश्वास,अनुशासन और संघर्ष है,जिसे इस संस्थान की दो बेटियाँ डिम्पल पटेल तथा ज्योति पटेल ने बिहार सरकार में एक जवाबदेह पद पर आसीन होकर सचिवालय पटना सहित अन्य जगहों पर चरितार्थ किया। आशुतोष सिंह ने संस्थान के अन्य छात्र-छात्राओं से भी सफल छात्राओं को प्रेरक मानकर अपनी मंजिल तय करने का आह्वान किया। संस्थान के निदेशक विश्वामित्र एवं अंकित जी ने आगत अतिथियों का हृदय-तल से स्वागत किया और कहा कि संस्थान का उद्देश्य यहाँ आये छात्र-छात्राओं की उड़ान को ऊँचाई प्रदान करना है और सभी छात्राओं का जीवन उज्ज्वल बनाना जिंदगी सक्सेस करना और सरकारी प्राइवेट अच्छे नौकरियां के रास्ता बताना ज्ञान देकर भेजना है। सम्मान-समारोह का संचालन हिमांशु सिंह ने किया।

# चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की नयी कार्यसमिति का गठन हेतु अधिसूचना जारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**कटिहार**। नॉर्थ ईस्टर्न बिहार चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, कटिहार की सत्र 2026-28 के लिए नई कार्यसमिति का गठन हेतु नए पदाधिकारियों और सदस्यों का चुनाव को लेकर नई अधिसूचना जारी कर दी गई है।चैम्बर महासचिव भुवन अग्रवाल ने बताया कि 20 मई को चुनाव की तिथि निर्धारित की गई है। चैम्बर की कटिहार नगर निगम के अलावा कटिहार, बारसोई, मनिहारी एवं नौगछिया अनुमंडल और किशनगंज, मधेपुरा तथा सुपौल जिलों के लिए भी कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का चुनाव होगा।

चुनाव की प्रक्रिया 6 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। मनोनयन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल की संध्या पांच बजे तक निर्धारित है। 21 अप्रैल को मनोनयन पत्रों की जांच होगी जबकि उम्मीदवार 22 अप्रैल की संध्या पांच बजे तक मनोनयन पत्र वापस ले सकते है।29 अप्रैल तक चैम्बर के सभी सदस्यों को उम्मीदवारों की सूची और बाहरी सदस्यों को मत पत्र भेजने का काम पूरा कर लिया जायेगा।20 मई को शाम पांच बजे तक मतदान के तुरंत बाद मतगणना की जाएगी और इसी दिन नए पदाधिकारियों और सदस्यों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी। 26 मई को नए पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक चैम्बर भवन में होगी जिसमें को-ऑप्शन के लिए सदस्यों का चुनाव किया जायेगा। महासचिव ने बताया कि अधिवक्ता विनोद सिंह को चुनाव पदाधिकारी बनाया गया है जबकि भुवन अग्रवाल को संयुक्त चुनाव पदाधिकारी और दिग्विजय सिंह को सहायक चुनाव पदाधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।

# अन्तरराष्ट्रीय ज्योतिष महासम्मेलन में सनातन धर्म संरक्षण संवर्धन पर विस्तृत व्याख्यान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मधुबनी**। अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महासम्मेलन के दूसरे दिन रविवार को समापन सत्र के अवसर पर विशिष्ट विद्वानों ने अपना मंतव्य व्यक्त किया। अवसर पर देश में ज्योतिष शास्त्र के माध्यम से सनातन धर्म के संरक्षण व संवर्धन पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। विद्वानों ने कहा कि चंद्रग्रहण सूर्य ग्रहण सहित पीतर तर्पण व सामान्य जीवन के दिन चर्या सहित पूजा पाठ जप तप ध्यान योग का निर्णय ज्योतिषाचार्य द्वारा ही किया जाता है। मिथिलांचल परिक्षेत्र के मधुबनी में 24 वर्ष के बाद हो रहे ज्योतिष महाकुंभ के महासम्मेलन के सूत्रधार डॉ सुनील श्रीवास्तव धन्यवाद के पात्र हैं।डा सुनील श्रीवास्तव के अथक परिश्रम के कारण ही आज चौबीस बर्ष बाद देश भर के जाने-माने ज्योतिषाचार्य,पंडित आचार्य व वास्तुविदों अंक गणित ज्योतिषाचार्यों की समागम महासम्मेलन मधुबनी में करवाया है।विद्वानों ने कहा कि वर्तमान केंद्रीय भाजपा सरकार द्वारा सनातन धर्म की रक्षा के लिए ढेर सारे आयामों की व्यवस्था देश के कोने-कोने में किया जा रहा है। विशिष्ट धार्मिक स्थलों को वास्तविदों के अनुसार वर्तमान समय में सुदृढ़ करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा करवाया जा रहा है।

अयोध्या से आए पंडित अवधेश पांडे ने बताया कि यहां रामलला मंदिर का निर्माण एक विशिष्ट योगदान के रूप में माना जा रहा है। काशी विश्वनाथ मंदिर में दशा सुमेर घाट से प्रसिद्ध विश्वनाथ मंदिर तक जो व्यवस्था की गई है वह अप्रतिम कार्य है। इसी प्रकार अन्य विशिष्ट धार्मिक स्थलों का भी निर्माण कार्य व व्यवस्थित करने की योजना में केंद्र सरकार दत्त चित प्रयास कर रही है। डॉ सुनील श्रीवास्तव ने कहा की महाकाल उज्जैन में मंदिर के लिए व्यवस्थित इन्तजाम सहित वहां पर दर्शनज्ञों के लिए किया जा रहा प्रायस केंद्र सरकार की महत्व को दर्शाता है।

पंडित ज्योतिषाचार्य राजनाथ झा ने कहा कि मिथिलांचल परिक्षेत्र में 15वीं शताब्दी में हेमांगद ठाकुर नामक विद्वान ने 1000 वर्षों तक के ग्रहण माला तैयार किया।आज भी यह ग्रन्थ अद्वितीय है। मुगल शासक के द्वारा उन्हें जेल में रख दिया गया। जेल के काल कोठरी में रहकर अपने ज्ञान के बदोलत उन्होंने चंद्र ग्रहण व सूर्य ग्रहण लगने की तिथि का निर्धारण लिखना शुरू किया। अग्रिम हजारों वर्षों तक ग्रहण की तिथि का निर्धारण उन्होंने कर दिया। जेल से निकलने के बाद मिथिलांचल के लोगों ने उनकी लिखित सभी भोजपत्र पर संग्रहित तथ्यों को एकत्रित किया। विद्वानों द्वारा पुस्तक का निर्माण किया गया। जिसका नाम ग्रहण माला रखा गया। पंडित आचार्य राजनाथ ने कहा कि आज भी दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में यह पुस्तक संग्रहित है।

## संक्षिप्त समाचार

### जमालपुर अंचल कार्यालय में सरकारी दस्तावेज जलाए गए

**मुंगेर**। मुंगेर जिले के जमालपुर अंचल कार्यालय परिसर में बड़ी संख्या में सरकारी दस्तावेज जलाए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना की जानकारी भूमि सुधार जनकल्याण संवाद कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को मिली, जिसके बाद उन्होंने तत्काल जांच के आदेश दिए। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि उन्हें इस घटना का एक वीडियो दिखाया गया, जिसमें जमालपुर अंचल कार्यालय के सामने सैकड़ों महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेजों को जलाया जा रहा था। उन्होंने इस गंभीर मामले पर सख्त रुख अपनाते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है।

**दोषियों की पहचान कर होगी कार्रवाईः** कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों से उन्होंने तत्काल जवाब तलब किया। उपमुख्यमंत्री ने अपर समाहर्ता मनोज कुमार को निर्देश दिया कि वे मामले की विस्तृत जांच कर दोषियों की पहचान करें और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम सिंह मीणा और एसपी सैयद इमरान मसूद को भी पूरे मामले की निगरानी करने को कहा। उपमुख्यमंत्री ने आशंका व्यक्त की कि यदि भू-माफियाओं के इशारे पर दस्तावेजों को नष्ट किया जा रहा है और इसमें कोई अधिकारी या कर्मचारी संलिप्त पाया जाता है, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने इस मामले में उच्च स्तरीय जांच कराने की बात भी दोहराई।

**24 घंटे में रिपोर्ट सौंपने का आदेशः** अपर समाहर्ता मनोज कुमार ने जानकारी दी कि मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह समिति 24 घंटे के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंप देगी, जिसके आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पत्रकारों से बातचीत में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने दोहराया कि जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने इस दौरान राजनीतिक टिप्पणी भी की, जिसमें उन्होंने कहा कि कुछ लोग भ्रम फैला रहे हैं, लेकिन राज्य में एनडीए की सरकार है और नरेंद्र मोदी तथा नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के विकास और सुशासन के लिए काम जारी रहेगा।

### सीएमएस स्कूल में 12 को एलुमनी मीट

**भागलपुर**। सीएमएस स्कूल के पूर्व छात्र संघ की ओर से 12 अप्रैल को तृतीय एलुमनी मीट का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को संघ के संरक्षक डॉ. हेम शंकर शर्मा और अध्यक्ष अमर कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस समागम में देश-विदेश से लगभग 300 पूर्व छात्र शामिल होंगे। बैठक में स्कूल के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई। कक्षा 6 से 8 तक के 100 मेधावी छात्रों के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना, विद्यालय परिसर में क्रिकेट बॉलिंग मशीन की स्थापना आदि। प्रेस वार्ता में डॉ. रवि कांत सिन्हा, नवीन सिंह और राजेश पाण्डेय सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### गुरु की भक्ति से परमेश्वर की होती है प्राप्तिः सतपाल

**भागलपुर**। बड़ी खंजरपुर स्थित महर्षि पारस हरि प्रभु आश्रम में शनिवार को पूर्णिमा पर सत्संग प्रवचन व भंडारा का आयोजन हुआ। सतपाल महाराज ने प्रवचन के दौरान कहा कि जीवन में सत्संग जरूरी है। सत्संग प्रवचन में जाने से ज्ञान की वृद्धि होती है। जीवन में गुरु की भक्ति से परम पिता परमेश्वर की प्राप्ति होती है। गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही ज्ञान की प्राप्ति हो सकती है। सत्संग में चार वेदों 18 पुराणों और छह उपनिषद की चर्चा की गई। समाजसेवी सुबोध मंडल ने कहा कि ईश्वर प्राप्ति के भटकने की जरूरत नहीं है। ईश्वर सभी जगह व्याप्त है। अपने जीवन में अच्छे कर्म करें, दूसरों की सेवा जहां तक हो सके जरूर करना चाहिए। यह मानव जीवन खाने-कमाने के लिए सिर्फ नहीं मिला है। जीवन ईश्वर की भक्ति के लिए भी मिला है। ईश्वर भक्ति कर अपने जीवन को उद्धार कर सकते है। मौके पर किरण देवी, संजय पासवान, मुकेश ठाकुर, अमृता देवी, निर्मला देवी, खुशबू देवी, शीला देवी, मीरा देवी समेत अन्य मौजूद थे।

### सांसद ने लोस में रेलवे के रिक्त पदों व नियुक्ति पर मांगा जवाब

**भागलपुर**। सांसद अजय मंडल ने देश के युवाओं के रोजगार के भविष्य को ध्यान में रखते हुए लोकसभा में रेलवे की रिक्तियों और भर्ती प्रक्रिया का महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। 18 मार्च 2026 को प्रश्न संख्या 4348 के माध्यम से सांसद ने देशभर में रेलवे नियुक्तियों की वर्तमान स्थिति पर सरकार से स्पष्ट जानकारी मांगी। सांसद के सवाल के जवाब में रेल मंत्री ने बताया कि पिछले 10 वर्षों (2014-25) में रेलवे ने 5.08 लाख भर्तियां की हैं, जो पिछली सरकार के कार्यकाल की तुलना में कहीं अधिक हैं। सरकार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार भर्ती अब वार्षिक कैलेंडर प्रणाली के तहत हो रही है, जिससे परीक्षाओं में निश्चितता आई है। वर्तमान में 1,43,086 रिक्तियों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। वर्ष 2026 में सहायक लोको पायलट के 11,127 अतिरिक्त पदों की भर्ती को स्वीकृति दी गई है। 42,000 से अधिक अभ्यर्थियों का चयन पैनल तैयार हो चुका है, जिनमें अधिकांश सुरक्षा श्रेणी के पद हैं। सांसद की इस पहल से रेलवे में पारदर्शी नियुक्ति प्रक्रिया और युवाओं के लिए रोजगार सृजन की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास देखा जा रहा है।

### मैट्रिक में 95% अंक लाने पर प्राची को गांव में किया सम्मानित

**बेगूसराय**। महना गांव की बेटी प्राची कुमारी ने कठिन परिस्थितियों को मात देकर मैट्रिक परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक हासिल करने पर गांव में ही उसे सम्मानित किया गया। दरअसल प्राची के पिता देहारी मजदूरी कर घर चलाते हैं, घर की हालत बेहतर नहीं होने के बावजूद मां रिंकू देवी के हर परिस्थिति में बेटी का साथ देने की बदौलत बेटी ने उक्त उपलब्धि हासिल कर गांव में हर किसी के लिए प्रेरणा बन गई है। इसको लेकर प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रधान सचिव रामकल्याण पासवान ने प्राची को सम्मानित करते हुए कहा कि सफलता कभी अमीरी-गरीबी नहीं देखती, बल्कि यह कठिन परिश्रम और सच्ची लगन का परिणाम होती है। वहीं प्रखंड प्रमुख श्रीमती अनिता देवी ने भी प्राची को सम्मानित कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि शैलेश कुमार, शिक्षाविद् कामेश्वर पासवान, शिक्षा प्रेमी नंद किशोर सिंह, पूर्व सरपंच कैलाश सिंह और रंजीत कुमार पासवान सहित कई गणमान्य लोगों ने प्राची को बधाई दी और उसके उज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षक नेता ने बताया कि एक साधारण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार में जन्मी प्राची की शुरुआती पढ़ाई महना गांव के ही प्रारंभिक विद्यालय और कांति पार्वती उच्च विद्यालय में हुई। उनके पिता ओम प्रकाश दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उन्होंने बताया कि आर्थिक तंगी के बावजूद प्राची ने कभी अपनी पढ़ाई को प्रभावित नहीं होने दिया। अपनी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने मैट्रिक परीक्षा में 500 में से 477 अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे महना गांव का नाम रोशन किया है। वहीं प्राची ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, मार्गदर्शक अशोक कुमार दास, ज्योति कुमारी तथा विद्यालय के शिक्षकों को दिया। इसी क्रम में उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय देवना की पूर्व छात्रा कायनात (463 अंक), इशरत (460 अंक), फाहिमा (451 अंक) और मनतशा के 425 अंक) हासिल करने पर बधाई दी गई। इस सफलता पर देवना के प्रधानाध्यापक मिंटू यादव, उच्च विद्यालय जैमरा के प्रधानाध्यापक निरंजन कुमार तथा रामकल्याण पासवान ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। 400 से अधिक अंक लाने वाले बच्चे किए गए सम्मानित इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा, पूर्व मुखिया अनिल कुमार, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष मोहम्मद सुभान, सामाजिक कार्यकर्ता जयदेव कुमार सिंटू सहित कई गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक तेज नारायण यादव ने की, जबकि मंच संचालन प्रभाकर नवीन और शिक्षक पवन कुमार ने किया।

# रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़, दिल्ली से वापस लौटे मजदूर

♦ कहा- गैस की कीमत बढ़ी, बाहर परेशानी हो रही



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर. रसोई गैस की किल्लत और आसमान छूती कीमतों ने परदेस में काम कर रहे मजदूरों की कमर तोड़ दी है। दिल्ली, चंडीगढ़, कोलकाता और उड़ीसा जैसे बड़े शहरों में रोजगार की तलाश में गए मजदूर अब मजबूरी में अपने घर लौटने लगे हैं। भागलपुर रेलवे स्टेशन पर इन दिनों लौटने वाले मजदूरों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। नई दिल्ली के आनंद विहार से गोड्डा जाने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस से पहुंचे यात्रियों ने बताया कि जिन इलाकों में वे काम कर रहे थे, वहां रसोई गैस की कीमत 400 से 500 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। इतनी महंगी गैस खरीद पाना उनके लिए संभव नहीं रह गया था, जबकि उनकी आमदनी पहले से ही सीमित है। ऐसे में रोजमर्रा का खाना बनाना भी मुश्किल हो गया। सन्हौला निवासी मिथुन यादव ने बताया कि गैस की भारी कमी के कारण खाना बनाना तक मुश्किल हो गया था। "काम तो मिल रहा था, लेकिन पेट भरना ही मुश्किल हो गया था, इसलिए घर लौटना पड़ा।

**कहा- गैस नहीं मिलेगी तो लकड़ी पर बनाएंगे खानाः** मुंगेर के संग्रामपुर निवासी रवि, जो वापस दिल्ली जा रहे थे। इन्होंने कहा कि अगर गैस नहीं मिलेगी तो वे लकड़ी के सहारे खाना बनाकर किसी तरह गुजारा करेंगे। अशोक ने कहा है कि मैं दिल्ली से लौट रहा हूं। वहां गैस की बहुत परेशानी थी। गरीब रथ से लौटे मोहम्मद दुरुल, नूर मोहम्मद, मोहम्मद चांद, अशोक साह, अंसार और मनोज तांती ने बताया कि बाहर सिर्फ गैस की कमी ही नहीं, बल्कि इसकी कीमत भी काफी अधिक है। इससे उनका मासिक खर्च काफी बढ़ गया, जिसे संभालना मुश्किल हो गया। मजबूरी में उन्होंने घर लौटने का फैसला किया।

# पेशकार की गिरफ्तारी पर होगा डिपार्टमेंटल एक्शन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मुंगेर**। मुंगेर में प्रमंडलीय आयुक्त के पेशकार मुकेश कुमार को निगरानी विभाग ने रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह मामला उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के भूमि सुधार जन कल्याण संवाद कार्यक्रम में प्रमुखता से उठा। इस मुद्दे पर भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुकेश कुमार सामान्य प्रशासन विभाग के कर्मचारी हैं। अनिल ने कहा कि यदि वह उनके विभाग में होते तो वे उनका तबादला दो मिनट में करवा देते, लेकिन सभी प्रशासनिक विभाग बंटे हुए हैं।

**गलत करने पर कोई बचेगा नहीं - उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हाः** पेशकार मुकेश कुमार के मामले पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा से सवाल किया गया। उन्होंने इसे सुशासन की सबसे बड़ी पहचान बताया। सिन्हा ने कहा कि चाहे कोई कितना भी बड़ा पद पर हो या बड़े लोगों के निकट हो, गलत करने पर कोई बचेगा नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि पेशकार मुकेश पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी और 'कांग्रेस-राजद कल्चर' या 'भोकाल' नहीं, बल्कि सुशासन और समृद्धि की बात चलेगी।

**1 लाख 70 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया थाः** दो दिन पहले मुंगेर कमिश्नर कार्यालय में प्रशाखा पदाधिकारी सह पेशकार मुकेश कुमार को निगरानी विभाग ने 1 लाख 70 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। इस गिरफ्तारी के बाद मुंगेर में यह खबर आग की तरह फैल गई।

## मालदा टाउन-उधना के बीच चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर**। गर्मी के मौसम में यात्रियों की संभावित भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बड़ी राहत दी है। मालदा टाउन और उधना के बीच समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह विशेष ट्रेन अप्रैल से जुलाई तक संचालित होगी। जिससे बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि उधना-मालदा टाउन समर स्पेशल(09033) हर गुरुवार को रात 11:00 बजे उधना से रवाना होगी। तीसरे दिन सुबह 11:00 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी। यह ट्रेन 9 अप्रैल 2026 से 23 जुलाई 2026 के बीच कुल 16 ट्रिप लगाएगी। वहीं, वापसी में मालदा टाउन-उधना समर स्पेशल(09034) हर रविवार को सुबह 9:30 बजे मालदा टाउन से खुलेगी। तीसरे दिन रात 1:20 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 12 अप्रैल 2026 से 26 जुलाई 2026 के बीच 16 फेरे लगाएगी। इस समर स्पेशल ट्रेन का ठहराव पूर्व रेलवे क्षेत्र के कई प्रमुख स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में होगा। इनमें न्यू फरक्का, बरहरवा, साहिबगंज, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर और अभयपुर स्टेशन शामिल हैं।

**गर्मी के मौसम में यात्रियों को राहतः** खासतौर पर भागलपुर और आसपास के यात्रियों के लिए यह ट्रेन काफी फायदेमंद साबित होगी, क्योंकि गर्मी के मौसम में लंबी दूरी की ट्रेनों में भारी भीड़ रहती है।

## जिले में बढ़ रहा सूखा नशा का प्रभाव, कम उम्र के बच्चे हो रहे शिकार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**भागलपुर**। जिले में इन दिनों सूखा नशा यानी ब्राउन शुगर का प्रचलन तेजी से बढ़ता जा रहा है, जो अब एक गंभीर सामाजिक समस्या का रूप ले चुका है। चिंताजनक बात यह है कि इस नशे की चपेट में अब छोटे-छोटे बच्चे और किशोर भी आने लगे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह नशा अत्यंत खतरनाक है, क्योंकि इसके सेवन से मुंह से किसी प्रकार की दुर्गंध नहीं आती, जिससे युवा वर्ग इसे आसानी से छिपाकर अपनाने लगता है। बताया जाता है कि लगातार एक सप्ताह तक इसका सेवन करने पर व्यक्ति इसका आदि हो जाता है। इसके बाद उसके व्यवहार और सोच में नकारात्मक बदलाव आने लगते हैं और कई मामलों में वह चोरी, छिनतई जैसे अपराधों में भी लिप्त हो जाता है। इससे न केवल व्यक्ति का भविष्य बर्बाद होता है, बल्कि समाज की शांति और सुरक्षा पर भी खतरा मंडराने लगता है। सिटी डीएसपी ने इस मुद्दे पर चिंता जताते हुए आम नागरिकों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए प्रशासन लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस समस्या के दो पहलू हैं सप्लाई और डिमांड। सप्लाई साइड पर प्रशासन नशा तस्करों की पहचान कर उनके नेटवर्क को खत्म करने की कार्रवाई कर रहा है। वहीं डिमांड साइड पर स्कूलों, मोहल्लों और गांवों में जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों और अभिभावकों को सतर्क किया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से आग्रह किया कि बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में समझाएं और उन्हें पढ़ाई व खेलकूद की ओर प्रेरित करें। साथ ही, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई है। यदि समय रहते इस समस्या पर नियंत्रण नहीं पाया गया, तो आने वाली पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ सकता है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर आयोजित

**भागलपुर**। लायंस क्लब भागलपुर फेमिना द्वारा रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर शहर के आनंद चिकित्सालय रोड स्थित लायंस अन्नपूर्णा भोजन सेवा सेंटर बिल्डिंग में को आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श का लाभ उठाया। शिविर में पेट, लीवर, आंत एवं पाचन संबंधी रोगों के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, स्त्री एवं प्रसूति रोग और सामान्य बीमारियों से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मुफ्त परामर्श दिया गया। इस दौरान मरीजों को आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की गईं। लायंस क्लब भागलपुर फेमिना के सदस्यों ने बताया कि इस तरह के शिविर का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, खासकर उन लोगों तक जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और इलाज कराने में असमर्थ रहते हैं।

# तेजस्वी यादव जंगलराज को क्यों भूल जाते हैं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ बीजेपी प्रवक्ता बोले- बिहार की तस्वीर बदल गई है, राजद राज में गांव में बिजली नहीं थी

**बेगूसराय**। बिहार की सियासत में आंकड़ों की जंग तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की ओर से बिहार के पिछड़ेपन को लेकर किए गए ट्वीट पर भाजपा ने जोरदार पलटवार किया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने तेजस्वी यादव के आरोपों को झूठ का पुलिंदा बताते हुए उन्हें लालू-राबड़ी राज का आंकड़ा दिखाया है।


**बिहार की तस्वीर बहुत बदल गई हैः** नीरज कुमार ने कहा है कि तेजस्वी यादव रोज सुबह उठकर गलत आंकड़े पेश करते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि नीतीश कुमार और एनडीए (NDA) की सरकार ने बिहार को उस खाई से बाहर निकाला है, जिसमें उनके माता-पिता ने 15 साल तक धकेले रखा था। तेजस्वी यादव 21 साल का हिसाब मांग रहे हैं। लेकिन 1990 से 2005 के उस जंगलराज को क्यों भूल जाते हैं। आपके परिवार के राज में बिहार में सालाना 1500 से ज्यादा अपहरण होते थे, सड़कें गायब थी। सिर्फ 16 प्रतिशत घरों तक बिजली पहुंचती थी। चारा घोटाले में पूरा खजाना लूटा गया, वही बिहार का असली फेलियर था। अब बिहार की तस्वीर बदल गई है।

**राजद राज में गांव में बिजली नहीं थीः** बीजेपी प्रवक्ता ने आगे कहा कि 2001 में बिहार की साक्षरता दर केवल 47 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर करीब 79.7 प्रतिशत हो गई है। एनडीए सरकार ने साइकिल योजना और नए स्कूल-कॉलेज बनाकर ड्रॉपआउट रेट कम किया। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार 2013-14 से 2022-23 के बीच बिहार में सबसे तेज गरीबी घटी है। करीब 3.77 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। 2005 से पहले प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से काफी नीचे थी। अब बिहार की GSDP ग्रोथ 10-13 प्रतिशत के बीच रह रही है, 2025-26 के लिए यह 22 प्रतिशत अनुमानित है। राजद राज में गांव अंधेरे में थे, आज 95 प्रतिशत से अधिक घरों में 24 घंटे बिजली है। सड़कों का जाल 1.4 लाख किलोमीटर तक फैल चुका है।

**राजद ने सिर्फ जंगलराज दियाः** नीरज कुमार ने कहा कि तेजस्वी यादव में नैतिक साहस है, तो लालू-राबड़ी राज बनाम एनडीए राज के विकास पर खुली बहस कर लें। 10 लाख नौकरी का आपका दावा सफेद झूठ था। बिहार की जनता जानती है कि एनडीए ने सुशासन दिया और राजद ने दिया सिर्फ जंगलराज। राम नाम की माला जपना छोड़िए और अपने परिवार के 15 साल के पापों का आत्म मूल्यांकन करिए। आज डबल इंजन सरकार के कारण विकास की पटरी पर दौड़ रहा है।

# 150 बीघा गेहूं-गन्ना की फसल जलकर राख

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बांका**। बांका जिले के नवादा बाजार क्षेत्र में शनिवार शाम भीषण आग लगने से करीब 150 बीघा में लगी गेहूं, गन्ना और पुआल की फसल जलकर राख हो गई। यह घटना गोसाईचक, दुर्गापुर, नवादा बाजार और बाबरचक गांवों में हुई, जिससे चार गांवों के किसानों में हड़कंप मच गया। किसानों ने आरोप लगाया है कि यह आग 11 हजार वोल्ट के हाई वोल्टेज बिजली के तार से निकली चिंगारी के कारण लगी, जिससे उनकी पूरी फसल नष्ट हो गई।

**फसल बचाने के लिए खेतों की ओर दौड़े किसानः** आग सबसे पहले गोसाईचक गांव के एक खेत में लगी। उस समय तेज पछुआ हवा और कड़ी धूप के कारण आग ने तुरंत विकराल रूप ले लिया। तेज हवा के कारण आग तेजी से एक खेत से दूसरे खेत में फैलती चली गई और कुछ ही देर में गोसाईचक से दुर्गापुर, बाबरचक और नवादा बाजार गांवों के खेतों तक पहुंच गई। आग की लपटें और धुएं का गुबार देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। किसान अपनी फसल बचाने के लिए खेतों की ओर दौड़ पड़े। घटना की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और किसान मौके पर पहुंचे, लेकिन आग बुझाने के लिए पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं थे।

**आंखों के सामने फसल जलता देख भावुक हुए लोगः** प्रखंड क्षेत्र में दमकल वाहन न होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने लाठी-डंडे, हरे पेड़ों की डालियों और पानी की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की। इस दौरान कई किसान अपनी आंखों के सामने अपनी मेहनत की फसल जलते देख भावुक हो गए । ग्रामीणों ने तुरंत दमकल विभाग को घटना की सूचना दी। प्रखंड में दमकल वाहन उपलब्ध न होने के कारण धोरैया, बाराहाट और बांका प्रखंडों से दमकल वाहनों को बुलाया गया। दमकल के पहुंचने में करीब एक घंटे का समय लग गया। तब तक स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काफी हद तक काबू पा लिया था, जिससे अन्य खेतों में लगी फसल को जलने से बचा लिया गया। मौके पर दमकल वाहन पहुंची लेकिन तब तक आग पर काबू पा लिया गया था।अगलगी की इस घटना में कई किसानों की फसल पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गई। तीसरे दिन लगातार अगलगी की घटना हुई।

**प्रभावित किसानों में शामिल लोगः** प्रभावित किसानों में गोसाईचक निवासी चंदन सिंह की पांच बीघा, गुलाब सिंह की चार बीघा, अरविंद सिंह की दो बीघा, दिनेश सिंह की दस बीघा, राजेश सिंह की चार बीघा, दीनबंधु सिंह की 11 बीघा, दिवाकर मंडल की चार बीघा, अरविंद सिंह की चार बीघा और आनंद सिंह की एक बीघा का फसल जल गई। इसी तरह दुर्गापुर निवासी मुकेश सिंह की दो बीघा, राकेश सिंह की दस बीघा, बाबरचक निवासी गुड्डू सिंह, छबिलाल मंडल की दो बीघा, विनोद सिंह की छह बीघा, बजरंगी कापरी की दो बीघा, विनय मंडल की तीन बीघा, मदन सिंह की दो बीघा, सरवन राम की छह बीघा, अमित राज की दो बीघा गन्ना तथा विजय सिंह और वीरेंद्र महतो के पुआल के टाल भी जल गए। इसके अलावा नवादा बाजार निवासी अशोक कुमार सिंह की 12 बीघा, राकेश सिंह की दो बीघा, रामदेव पंडित की एक बीघा, शिवनारायण मंडल की पांच कठ्ठा गन्ना, विनोद मंडल की दो बीघा, सेनुल ठाकुर की एक बीघा तथा शब्बू मंडल की एक बीघा फसल भी आग की भेंट चढ़ गई। कुल मिलाकर करीब 150 बीघा में लगी फसल पूरी तरह से जलकर राख हो गई, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

## फास्टेक प्रशिक्षण टीम पर हमला, पंजीकरण राशि छीने जाने का आरोप




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर में एक एनजीओ की फास्टेक प्रशिक्षण टीम पर हमला और मारपीट का मामला सामने आया है। केवीजीवीएम नामक संस्था ने जीरोमाइल स्थित एक स्थानीय होटल में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घटना की जानकारी दी। संस्था के अनुसार उनकी टीम कहलगांव के एकचारी थाना क्षेत्र में फास्टेक प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण कार्य कर रही थी। एनजीओ का दावा है कि यह कार्यक्रम केंद्र सरकार, राज्य सरकार और जिला प्रशासन की अनुमति से वैध रूप से संचालित किया जा रहा था। बताया गया कि 24 फरवरी को जीरोमाइल स्थित एक विवाह भवन में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ था और टीम के पास सभी आवश्यक दस्तावेज मौजूद थे। इसके बावजूद पंजीकरण के दौरान कुछ लोगों ने टीम के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की। एनजीओ ने रौशन सिंह और यूट्यूबर बादल सिंह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने टीम के सदस्यों के साथ मारपीट की जिसमें टीम हेड सहित कई लोग घायल हो गए। साथ ही 50-60 प्रतिभागियों से जमा की गई पंजीकरण राशि भी जबरन छीन ली गई। जिला समन्वयक जैनी कुमार ने बताया कि आरोपियों द्वारा 20 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए गए और 1500 रुपये नकद भी लिए गए।

## उच्च न्यायालय के बेंच की मांग तेज, सांसद मनन मिश्रा ने दिया समर्थन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर में उच्च न्यायालय की एक स्थायी बेंच स्थापित करने की मांग को नया बल मिला है। राज्यसभा सांसद सह बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा ने इस मुद्दे पर स्पष्ट समर्थन जताते हुए कहा कि भागलपुर जैसे बड़े और महत्वपूर्ण शहर में हाई कोर्ट का एक बेंच होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल आम लोगों को न्याय के लिए पटना तक जाने की परेशानी से राहत मिलेगी, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया भी अधिक सुगम और सुलभ हो सकेगी। मनन मिश्रा ने कहा कि इस विषय पर अंतिम निर्णय सुप्रीम कोर्ट और संसद स्तर पर लिया जाएगा, लेकिन वे व्यक्तिगत रूप से इस दिशा में हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे इस मांग को उचित मंचों पर मजबूती से उठाएंगे, ताकि भागलपुर और आसपास के जिलों के लोगों को इसका लाभ मिल सके। भागलपुर पहुंचने पर सांसद मनन मिश्रा का भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय वकीलों और समर्थकों ने ढोल-नगाड़े, फूल-मालाओं और आरती-वंदन के साथ उनका अभिनंदन किया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### वीकेएसयू 22 अप्रैल से शुरू होगी पीजी सेमेस्टर-फोर की परीक्षा

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में पीजी सेमेस्टर-फोर सत्र, 2024-26 की परीक्षा की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा कार्यक्रम तय करते हुए घोषणा की है कि परीक्षाएं 22 अप्रैल से शुरू होंगी। अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा होने के कारण छात्रों में इसे लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के अनुसार करीब 5500 छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए विश्वविद्यालय से जुड़े सभी जिलों में केंद्र बनाए गए हैं। केंद्र निर्धारण में पारदर्शिता और विद्यार्थियों की सुविधा को प्राथमिकता दी गई है। परीक्षा दो शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। पहली शिफ्ट सुबह और दूसरी दोपहर बाद होगी। केंद्राधीक्षकों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा पूरी तरह कदाचारमुक्त कराई जाए। सुरक्षा को लेकर भी पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। हर परीक्षा केंद्र पर पुलिस बल और दंडाधिकारी की तैनाती रहेगी, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों से अपील की है कि वे समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंचें और सभी नियमों का पालन करें, जिससे परीक्षा प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी हो सके। केंद्राधीक्षकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा पूरी तरह कदाचारमुक्त हो वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में पीजी सेमेस्टर-4 (सत्र 2024-26) की परीक्षा की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा कार्यक्रम जारी करते हुए घोषणा की है कि परीक्षाएं 22 अप्रैल से शुरू होंगी। अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा होने के कारण छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के अनुसार करीब 5500 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न जिलों में केंद्र बनाए गए हैं। केंद्र निर्धारण में पारदर्शिता और विद्यार्थियों की सुविधा को प्राथमिकता दी गई है।

### परमात्मा के प्रति सच्ची भक्ति ही मानव जीवन का सच्चा मार्ग है

**आरा**। सत्संग में मातृशक्ति की भूमिका पर जोर महाराजा हाता, महर्षि सद्गुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान, सत्संग भवन में सत्संग हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और आध्यात्मिक विचारों का लाभ उठाया। सत्संग को संबोधित करते हुए पिंकी प्रसाद ने कहा कि ब्रह्मविद्या सत्संग की महिमा अत्यंत महान है। उन्होंने लोगों से आत्ममंथन करने और अपनी गलतियों का स्वयं अवलोकन करने की अपील की, ताकि जीवन में कल्याण संभव हो सके। रून्नी देवी ने भक्ति गीत प्रस्तुत करते हुए कहा, जो प्यारे प्रभु से मिलना है, कर्म भ्रम सब त्याग करो, उनके भजन ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। परब्रह्म परमात्मा की भक्ति ही जीवन का सच्चा मार्ग रीता देवी ने कहा कि सत्संग मन को निर्मल और पवित्र बनाने का सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने सभी से अपने अवगुणों को दूर करने का प्रयास करने की बात कही। शिवशंकर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस सृष्टि के संचालनकर्ता परब्रह्म परमात्मा की भक्ति ही जीवन का सच्चा मार्ग है, जिससे दिव्य आनंद की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम में बिहार राज्य समन्वयक सह दक्षिण बिहार महामंत्री भूपेंद्र राय ने कहा कि आज का सत्संग विशेष रूप से मातृशक्ति को समर्पित है। समाज, सत्संग और भक्ति में मातृशक्ति का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण और सराहनीय है। उन्होंने कहा कि परमात्मा के संदेशवाहक अध्यात्म पथिकों को भक्ति के मार्ग पर अग्रसर करते हैं, जिसके लिए समर्पण और श्रद्धा आवश्यक है।

### वंचित बच्चों को मिल रही निःशुल्क शिक्षा और संस्कार

**आरा**। अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ द्वारा संचालित, श्रीराम बाल संस्कारशाला के माध्यम से समाज के उपेक्षित और जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा एवं संस्कार दिए जा रहे हैं। यह संस्कारशाला सोमवार से शनिवार तक प्रतिदिन शाम 5:00 बजे से 6:00 बजे तक नियमित रूप से संचालित की जाती है। संस्कारशाला का मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को शिक्षा से जोड़ना है, जो आर्थिक तंगी या अन्य कारणों से पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं। यहां बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और अच्छे संस्कारों की भी शिक्षा दी जाती है, जिससे उनके सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त हो सके। इस पहल का संचालन संटू जी कर रहे हैं, जबकि सोनू जी, नीरज जी, राहुल जी और विक्रांत जी सहित अन्य सहयोगी इसमें सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे और इस प्रयास की सराहना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की पहल से न केवल बच्चों का भविष्य संवर रहा है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव भी देखने को मिल रहा है।

### आरओबी निर्माण में देरी से परेशानी

**बक्सर**| रेल मंत्रालय से जून 2025 को बिहार में 223 आरओबी निर्माण की घोषणा के बाद भी बक्सर जिले में अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। पांडेयपट्टी–चक्रहंसी मार्ग पर प्रस्तावित आरओबी के निर्माण की घोषणा के बावजूद कार्य शुरू नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। आरओबी बनने से लोगों को काफी सहूलियत होने की उम्मीद जताई गई थी, लेकिन अब तक जमीन पर कोई गतिविधि नजर नहीं आई है। क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या पहले की तरह बनी हुई है। लोगों का कहना है कि जल्द निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो समस्या और गंभीर हो सकती है। वहीं, प्रशासन की ओर से इस मामले में अब तक कोई स्पष्ट अपडेट सामने नहीं आया है।

### बुजुर्ग महिला पर जानलेवा हमला

**आरा**। भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के कोहलरामपुर गांव में जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पाटीदारों ने एक बुजुर्ग महिला पर लोहे के रॉड और धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले को शांत कराने के बाद जख्मी बुजुर्ग महिला को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में इलाज कराया जा रहा है। महिला के सिर और हाथ पर गंभीर चोटें आई हैं। डॉक्टरों के अनुसार उनके सिर में 32 से अधिक टांके लगाए गए हैं। घायल महिला की पहचान कोहलरामपुर वार्ड-10 निवासी बालेश्वर राय की 53 वर्षीय पत्नी ज्ञांति देवी के रूप में हुई है।

**घर पर ईंट-पत्थरबाजी, मवेशियों को भी बनाया निशाना:** घटना के दौरान आरोपियों ने घर पर ईंट-पत्थरबाजी की और मवेशियों को लाठी-डंडे से पीटकर भगा दिया। उस समय घर के पुरुष सदस्य खेत (बधार) में थे, जिसका फायदा उठाकर हमलावरों ने वारदात को अंजाम दिया। वहीं, मारपीट के दौरान पाटीदारों ने घर में ईंट पत्थर फेंक कर जानवरों को भी निशाना बनाते हुए लाठी–डंडे से मारकर भगा दिया।

**डेढ़ साल से चल रहा था जमीन विवाद:** घायल महिला के पति बालेश्वर राय ने बताया कि, एक बीघा जमीन को लेकर पाटीदारों के साथ पिछले डेढ़ साल से विवाद चल रहा है। उक्त लोगों के द्वारा उनके भाई से सभी एक बिगहा जमीन को लिखवा लिया गया था, जिसका केस चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक बिगहा में हम चार भाईयों का हिस्सा है, जिस पर हम लोग खेती करते हैं। जब हम लोगों इसका विरोध किया तो उनके द्वारा अंजाम भुगतने की धमकी दी गई।

**अकेला पाकर किया हमला:** बालेश्वर राय ने बताया कि, 'आज घर से सभी पुरुष लोग बधार में गए हुए थे। तभी उक्त पाटीदारों के द्वारा अचानक घर में ईंट पत्थर फेंकना शुरु कर दिया और मवेशियों को लाठी डंडे से मारकर भगा दिया गया। घर में बहु किसी तरह घर में छिपी रही। उसके बाद मेरी पत्नी बोलने के लिए गई तो उसे अकेला देखकर हमला कर दिया। इस दौरान लोहे के रॉड से मारकर सिर फोड़ दिया गया।'

**पुलिस में शिकायत, जांच शुरू:** पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# कर्जदार टॉर्चर करते थे इसलिए ट्रेन के आगे कूदा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**आरा**। ''मुझ पर काफी ज्यादा कर्ज हो गया था। इसके बाद इनकम टैक्स का एक करोड़ 80 लाख रुपए का नोटिस आ गया। 5 लाख देने वाले कर्जदार टॉर्चर करते थे, जिसके कारण मैं काफी परेशान था। मुर्गी फार्म, अंडा फार्म के लिए कर्ज लिया था। मेरी पत्नी को कर्ज देने वालों और टॉर्चर करने वालों के बारे में सब कुछ पता है।'' आरा-दानापुर रेलवे ट्रैक के आरा जंक्शन पर शुक्रवार की शाम 54 साल के कारोबारी विजय कुमार गुप्ता ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की कोशिश की थी। विजय का फिलहाल पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज जारी है। डॉक्टरों ने उनकी हालत बेहद नाजुक बताया है। डॉक्टरों के मुताबिक, विजय के राइट साइड की किडनी फट गई है, पेट में भारी मात्रा में खून भर गया है। शरीर के दोनों हिस्सों में ब्लड जम गया है। इसके अलावा, कमर और स्पाइनल में भी चोटें आई हैं। विजय कुमार गुप्ता ने आखिर सुसाइड की कोशिश क्यों की? एक करोड़ 80 लाख रुपए के इनकम टैक्स के नोटिस का क्या मामला है, कारोबारी विजय की पत्नी का घटना को लेकर क्या कहना है? पढ़िए पूरी रिपोर्ट।

**इनकम टैक्स का 1.80 करोड़ का नोटिस, ऊपर से कर्जदारों का टॉर्चर:** कारोबारी विजय कुमार गुप्ता भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। विजय लंबे समय से आर्थिक तंगी और कर्ज के बोझ से दबे हुए हैं। करीब 10 साल पहले शराबबंदी लागू होने के बाद विजय गुप्ता का कारोबार पूरी तरह ठप हो गया था। विजय गुप्ता का शराब का पुश्तैनी कारोबार था। शराबबंदी के दौरान ही इनकम टैक्स का नोटिस आया, जो धीरे-धीरे बढ़कर एक करोड़ 80 लाख रुपए तक पहुंच गया। हालात तब और बिगड़ गए जब विजय ने अपने पार्टनर से लिए गए कर्ज को समय पर नहीं चुका सके और पार्टनर की ओर से उन्हें धमकी मिलने लगी। धमकियों से परेशान विजय ने ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड की कोशिश की।

**पत्नी बोली– कर्जदार फोन कर पति को धमकाते थे:** विजय की पत्नी सुप्रिया गुप्ता ने बताया, 'शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे मेरे पति खाना खाकर आराम कर रहे थे। तभी किसी कर्जदार का फोन आया और धमकी देना शुरू कर दिया। इसी डर से किसी को कुछ भी बताए बिना विजय घर से निकल गए। देर शाम मेरे बड़े बेटे का फोन आया कि पापा ट्रेन के आगे कूद गए हैं। उनकी स्थिति काफी नाजुक है।'

## नव नियुक्त सिपाहियों का 25 किमी पैदल रूट मार्च



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। शनिवार को पुलिस केंद्र बक्सर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नव नियुक्त सिपाहियों के लिए 25 किलोमीटर का पैदल रूट मार्च आयोजित किया गया। सुबह लगभग 8 बजे से आयोजित यह रूट मार्च प्रशिक्षण कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा, जिसका उद्देश्य सिपाहियों में शारीरिक क्षमता, अनुशासन, सहनशीलता और टीम भावना का विकास करना है। निर्धारित मार्ग पर सिपाहियों ने अनुशासित ढंग से कदमताल करते हुए मार्च पूरा किया और अपने प्रशिक्षण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूरे मार्च के दौरान प्रशिक्षकों की टीम मौजूद रही, जिन्होंने सिपाहियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और उनका उत्साहवर्धन किया। प्रशिक्षकों ने सिपाहियों को उनके कर्तव्यों के प्रति सजग, जिम्मेदार और समर्पित रहने की सीख दी। साथ ही कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और साहस बनाए रखने पर जोर दिया गया। पुलिस केंद्र में चल रहे इस प्रशिक्षण के तहत सिपाहियों को आधुनिक पुलिसिंग के साथ-साथ शारीरिक रूप से भी मजबूत बनाया जा रहा है

## सहार में प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी, आवेदन दिया



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**| प्रखंड प्रमुख सहार प्रियरंजन कुमार उर्फ गुड्डू सिंह के खिलाफ पंचायत समिति सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है। बहुसंख्यक निर्वाचित सदस्यों ने बिहार पंचायत राज अधिनियम 2006 की धारा 44(बी) के तहत अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए अभ्यावेदन सौंपते हुए विशेष बैठक बुलाने की मांग की है। अभ्यावेदन में आरोप लगाया गया है कि प्रखंड प्रमुख सदन का विश्वास खो चुकी हैं और अब अल्पमत में आ गई हैं। सदस्यों का कहना है कि उनके दो वर्षों के कार्यकाल में प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा गई है तथा विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं। वित्त आयोग से प्राप्त योजना राशि के वितरण में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया गया है। साथ ही अपने करीबी सदस्यों को अधिक राशि देने और अन्य सदस्यों की उपेक्षा करने की बात कही गई है।

# बच्चों के विवाद में मां की पीटकर हत्या

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर में शनिवार शाम बच्चों के बीच विवाद में महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। यह घटना कोरानसराय थाना क्षेत्र के कनझरुआं गांव में उत्क्रमित उच्च विद्यालय के पास शाम करीब 7:30 बजे हुई। पुलिस ने इस मामले में एक महिला और उसकी 3 नाबालिग बेटियों को हिरासत में लिया है। मृतका की पहचान कनझरुआ गांव निवासी बीरबहादुर कानू की पत्नी सुनीता देवी (44) के रूप में हुई है। सुनीता देवी 2 बेटे और 3 बेटियों की मां थी। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर बताई जा रही है।

**सुनीता देवी के घर उलाहना देने पहुंची कंचन देवी:** जानकारी के अनुसार, विवाद 1 अप्रैल को शुरू हुआ था, जब मृतका का सबसे छोटा बेटा आकाश कुमार (12) पड़ोस की कंचन देवी की बेटी अंशिका के साथ ट्यूशन में झगड़ हुआ था। इस विवाद को लेकर 2 अप्रैल को कंचन देवी सुनीता देवी के घर उलाहना देने पहुंची थीं, जिसके बाद से दोनों परिवारों में तनाव बढ़ गया था। शनिवार शाम सुनीता देवी अपनी मां सुनैना देवी और पुत्री अंशु कुमारी के साथ विद्यालय के पास टहल रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान कंचन देवी और उनकी तीन नाबालिग पुत्रियों ने उन्हें रोक लिया। कहासुनी जल्द ही मारपीट में बदल गई।



**सुनीता देवी पर मुक्के-घूंसे चलाए, बाल खीचकर पीटा:** चारों आरोपियों ने सुनीता देवी पर मुक्के-घूंसे बरसाए और उनके बाल खीचकर पीटा। हमले में सुनीता देवी को गंभीर आंतरिक चोटें आईं और वह घटनास्थल पर ही गिर पड़ीं, जिससे उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल डायल-112 पर घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया। कोरानसराय थाना प्रभारी भी दल-बल के साथ पहुंचे और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला कंचन देवी और उसकी तीनों नाबालिग पुत्रियों को हिरासत में ले लिया। मृतका के परिवार में नवंबर में बड़े बेटे की शादी होने वाली थी। इस घटना से परिवार सदमे में है।

**आरोपी महिला कंचन देवी मौके से ही गिरफ्तार:** पुलिस ने आरोपी महिला कंचन देवी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसकी तीन नाबालिग पुत्रियों को भी हिरासत में ले लिया गया। मृतका के परिजनों के बयान पर चार नामजदों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने बताया कि सभी आरोपित पुलिस हिरासत में हैं और पूरे मामले की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि नाबालिगों के संबंध में कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मृतका के पति चंडीगढ़ में करते हैं राजमिस्त्री का काम:** सुनीता देवी की मौत से पूरा परिवार सदमे में है। मृतका के पति बीरबहादुर कानू चंडीगढ़ में राजमिस्त्री का काम करते हैं और घटना की सूचना मिलते ही वो घर लौटने के लिए रवाना हो गए हैं। मृतका का अंतिम संस्कार उनके घर पहुंचने से पहले ही कर दिया गया, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सुनीता देवी के परिवार में उनके बेटे-बेटियों को लेकर कई जिम्मेदारियां बाकी थीं। बड़े बेटे बिट्टू कुमार की शादी इसी साल 26 नवंबर को होनी थी। मध्यम बेटी चंदा कुमारी की शादी पहले ही हो चुकी है, जबकि तीसरी संतान अंशु कुमारी अभी पढ़ाई कर रही है। चौथे नंबर पर बेटा विकास है और सबसे छोटा बेटा आकाश है, जिसके विवाद ने यह भयावह रूप ले लिया।

# कुत्ते के काटने से बच्चे की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सोहरा गांव में एक माह पूर्व कुत्ते के काटने से में बीमार बालक की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृत बालक कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सोहरा गांव निवासी ब्रह्मचारी चौधरी का 9 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार है।



**कुत्ते के काटने के बाद नहीं लगा था इंजेक्शन:** मृत बालक के पिता ब्रह्मचारी चौधरी ने बताया कि, एक महीना पहले वह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव अपने ननिहाल गया था, जहां खेलने पर एक कुत्ते ने उसे काट लिया था। हालांकि, कुते के काटने के बाद परिज उसकानों ने उसका इलाज नहीं कराया था। न हीं उसे रेबीज की कोई सुई दिलाई गई थी।

**अचानक बिगड़ी तबीयत, दिखे खतरनाक लक्षण:** परिजनों ने बताया कि, तीन दिन पहले अचानक उसे बुखार और खांसी शुरू हुई। स्थिति तब गंभीर हो गई जब वह पानी देखकर घबराने लगता था और कभी-कभी कुत्ते जैसी आवाज निकालता था। ये लक्षण रेबीज के माने जा रहे हैं।

**अस्पताल में इलाज के दौरान मौत:** शनिवार को जब उसकी तबीयत काफी बिगड़ गई तो परिजनों ने उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। लेकिन पटना ले जाने की तैयारी के दौरान ही बच्चे ने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन उसके शव को वापस गांव ले गए। ऑन ड्यूटी चिकित्सक अशोक कुमार ने बताया कि, 'परिजनों द्वारा बोला गया कि कुत्ता काटने के बाद कुछ दिन ठीक था। अच्छे खेल कूद रहा था, लेकिन अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। कभी–कभी कुत्ते जैसा हरकत करता था। इमरजेंसी वार्ड में प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया था।'

**परिवार में मचा कोहराम:** मृत बालक अपने तीन भाई और एक बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां सोनाझारो देवी और दो भाई रैशन कुमार-प्रमोद कुमार, एक बहन अंशु कुमारी है। घटना के बाद मृत बालक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृत बालक की मां सोनाझारो देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## कोईलवर उच्च विद्यालय खेल मैदान में झाड़ियों का कब्जा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोईलवर**। नगर पंचायत कोईलवर अवस्थित उच्च विद्यालय का खेल मैदान इन दिनों उपेक्षा का शिकार होकर बदहाली की तस्वीर पेश कर रहा है। मैदान के चारों ओर तेजी से उगी घनी झाड़ियां अब जंगल का रूप ले चुकी हैं, जिससे यहां आने वाले लोगों के लिए खतरा बढ़ गया है। सुबह-शाम टहलने आने वाले महिला-पुरुषों के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह मैदान क्षेत्र के युवाओं के लिए शारीरिक अभ्यास और दौड़ का प्रमुख केंद्र है, लेकिन चारों ओर फैली झाड़ियों के कारण उनका अभ्यास बाधित हो रहा है। खासकर मैदान के किनारों पर अत्यधिक झाड़ियां होने से लोगों



को सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जीवों का डर सताता रहता है, जिससे वे असुरक्षित महसूस करते हैं। लेकिन मौजूदा स्थिति में यह मैदान उपयोग से अधिक खतरे का केंद्र बनता जा रहा है। स्थानीय ललन राय, अजित चन्द्रवंशी, राजकुमार सिंह, राजू यादव, अमरजीत कुमार, राज कुमार साव ने नाराजगी जताते हुए कहा कि एक ओर सरकार खेल और युवाओं को बढ़ावा देने की बात करती है।

# प्रतिदिन 4 घंटे का पावर कट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर जिले में गेहूं की फसल और घरों को आग लगने की घटनाओं से बचाने के लिए बिजली विभाग ने एक बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत, ग्रामीण इलाकों में अब प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक छह घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। यह व्यवस्था गेहूं की कटाई पूरी होने तक लागू रहेगी। बक्सर अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न फीडरों और ग्रिड से जुड़े दर्जनों गांव इस बिजली कटौती से प्रभावित होंगे। बिजली विभाग का मानना है कि गर्मी के मौसम में जर्जर तारों से निकलने वाली चिंगारी के कारण खेतों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसी को रोकने के लिए दिन के समय आपूर्ति बंद रखने का निर्णय लिया गया है।



**JE को समय पर बिजली बंद करने का आदेश:** विभागीय निर्देश के अनुसार, संबंधित क्षेत्रों के जूनियर इंजीनियरों (जेई) को तय समय पर बिजली बंद और चालू करने का आदेश दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम पूरी तरह एहतियाती तौर पर उठाया गया है, ताकि किसानों की फसल सुरक्षित रह सके। हालांकि, इस निर्णय से आम उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच दिन में छह घंटे बिजली नहीं रहने से लोगों को पानी भरने, मोबाइल चार्ज करने और अन्य जरूरी कामों में दिक्कत हो रही है।

♦ सुबह 10 से शाम 4 बजे तक कटौती, गेहूं फसल को आगजनी से बचाने उद्देश्य

**लोगों से पानी स्टोर कर लेने की अपील:** बिजली विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे सुबह 10 बजे से पहले ही पानी स्टोर कर लें और सभी जरूरी बिजली से जुड़े कार्य समय रहते पूरा कर लें। अगले 10 से 15 दिनों तक इस व्यवस्था को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी गई है। गौरतलब है कि जिले के कई क्षेत्रों में बिजली के तार और पोल जर्जर स्थिति में हैं, जिससे हल्की हवा में भी तार टूटने की घटनाएं सामने आती रही हैं। ऐसे में विभाग ने जोखिम को कम करने के लिए यह अस्थायी कदम उठाया है।

## 3 जून 2025 को मुंबई एयरपोर्ट से दुबई रवाना होकर अपनी नौकरी ज्वाइन किए थे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। मध्य पूर्व में जारी युद्ध के बीच बक्सर जिले के सन्नी कुमार ईरान के समुद्री क्षेत्र में पिछले 30 दिनों से फंसे हैं। इस खबर से परिवार के लोग परेशान और चिंतित हैं। नगर थाना के वार्ड संख्या 23 के कुम्हार टोली निवासी 29 वर्षीय सन्नी कुमार पिछले कई हफ्तों से ईरान के समुद्री क्षेत्र में अपने जहाज पर फंसे हुए हैं। सन्नी कुमार मर्चेंट नेवी में कार्यरत हैं। वह 3 जून 2025 को मुंबई एयरपोर्ट से दुबई रवाना होकर अपनी नौकरी ज्वाइन किए थे। दुबई से उन्हें चार पहिया वाहनों को समुद्री मार्ग से ईरान तक पहुंचाने की जिम्मेदारी मिली थी। इसी दौरान मिडिल ईस्ट में युद्ध की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसके कारण उनका जहाज पिछले एक माह से



अधिक समय से समुद्र में रुका हुआ है। बेटे को सुरक्षित स्वदेश वापस लाने की मांग शिवजी प्रसाद ने भारत सरकार से अपील करते हुए कहा कि उनके बेटे को सुरक्षित स्वदेश वापस लाने के लिए जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाए जाएं। सन्नी की माता आरती देवी का वर्ष 2024 में निधन हो चुका है। वर्ष 2023 में उनकी शादी विनीता देवी से हुई थी और उनके दो वर्षीय पुत्र सात्विक है। कई भारतीय नाविक भी समुद्र में फंसे हुए हैं वर्तमान में सन्नी की पत्नी और पुत्र प्रयागराज हवाई अड्डे के समीप झपिया, लाल बिहरा में रह रहे हैं, जबकि अन्य परिजन बक्सर स्थित पैतृक गांव में निवास करते हैं। परिवार में उनकी बड़ी बहन पूनम कुमारी और छोटी बहन ज्योति कुमारी भी हैं। चाचा शशि कुमार, जो पूर्व सैनिक हैं, उन्होंने भी केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि पूरा परिवार काफी चिंतित है और जल्द से जल्द शनि की सुरक्षित वापसी चाहता है। युद्ध के कारण समुद्री मार्ग बाधित होने से शनि कुमार समेत कई अन्य भारतीय नाविक भी समुद्र में फंसे हुए हैं। परिजनों ने केंद्र सरकार और विदेश मंत्रालय से अपील की है कि जल्द हस्तक्षेप कर सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की जाए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत, इलाके में मचा हड़कंप

**मसौढ़ी।** रविवार की देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से 55 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोगों में आक्रोश भी देखा गया। मिली जानकारी के अनुसार, मसौढ़ी-पाली मार्ग स्थित चकिया पेट्रोल पंप के पास यह हादसा हुआ। बताया जाता है कि मसौढ़ी की ओर से तेज गति से आ रहे एक बाइक सवार ने सड़क किनारे पैदल जा रहे अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान भगवानगंज थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी 55 वर्षीय उदय सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क पर अक्सर तेज रफ्तार वाहन चलते हैं, जिससे आए दिन हादसे होते रहते हैं। लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर गति नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

### जुआ खेलते 8 जुआरी गिरफ्तार, बाइक-मोबाइल जब्त

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के देसरी थाना क्षेत्र के मुरौवतपुर स्थित ब्रह्मोत्रा गाछी में पुलिस ने जुआ खेलते हुए 8 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई डीआईओ, क्यूआरटी और स्थानीय थाना की संयुक्त टीम ने की। मौके से कई बाइक और मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। एसडीपीओ प्रवीण कुमार ने रविवार दोपहर प्रेसवार्ता में मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुल्तानपुर और मुरौवतपुर इलाकों में लंबे समय से जुआ खेलने की सूचना मिल रही थी। पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के निर्देश पर डीआईओ और क्यूआरटी टीम ने कई दिनों तक रेकी की। पुख्ता सूचना मिलने के बाद शनिवार को देसरी थाना पुलिस के साथ संयुक्त छापेमारी की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान महनार स्टेशन रोड निवासी नबिन्दु चौधरी के पुत्र राकेश कुमार, खरजम्मा निवासी दीनानाथ राय के पुत्र बंजारी राय, हरेराम पोद्दार के पुत्र राजेश उर्फ गोलू, उमेश राय के पुत्र धर्मेंद्र कुमार, शिव नारायण महतो के पुत्र कर्पूरी महतो, योगेंद्र चौधरी के पुत्र मुकेश कुमार, कबीर मियां के पुत्र मोहम्मद मुस्ताख और योगेंद्र राय के पुत्र मंटू कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बिना गेटमैन खुले रेलवे फाटक पर 10 मिनट रुकी ट्रेन, घटारो हॉल्ट के पास नहीं था ,अधिकारियों ने बंद किया

**हाजीपुर।** वैशाली से कोडरमा जाने वाली एक ट्रेन को घटारो हॉल्ट के समीप नामीडीह से करताहां जाने वाली सड़क पर स्थित रेलवे फाटक पर लगभग 10 मिनट तक रुकना पड़ा। यह घटना तब हुई जब फाटक खुला था और वहां कोई गेटमैन मौजूद नहीं था। मौके पर गेटमैन की अनुपस्थिति सबसे चिंताजनक पहलू थी। ट्रेन लगातार हॉर्न बजाती रही, जिससे यात्रियों और आसपास के लोगों में भ्रम और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए, ट्रेन में सवार रेलवे के दो अधिकारी नीचे उतरे। उन्होंने स्वयं फाटक को बंद किया, जिसके बाद ट्रेन को सुरक्षित रूप से आगे बढ़ाया जा सका। फाटक बंद करने के बाद दोनों अधिकारी वापस ट्रेन में सवार होकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए। इस घटना ने रेलवे फाटकों पर सुरक्षा व्यवस्था और कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### हाजीपुर के 2 कॉलेज में गंभीर लापरवाही उजागर

**हाजीपुर।** वैशाली जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर हाजीपुर के दो प्रोफेशनल कॉलेजों - इंदू देवी रंजीत कुमार प्रकाश प्रोफेशनल कॉलेज और डॉ० रंजीत कुमार प्रकाश कॉलेज - में गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं। 23 मार्च 2026 को गठित एक जांच समिति द्वारा किए गए स्थलीय निरीक्षण के बाद प्रस्तुत रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। जांच प्रतिवेदन के अनुसार, इन संस्थानों में नामांकित छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक गुणवत्ता पर गंभीर संदेह व्यक्त किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि छात्र इन संस्थानों से डिग्री प्राप्त करते हैं, तो उनकी योग्यता पर प्रश्नचिह्न खड़ा होगा। जांच टीम ने इसे बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड (BSCC) जैसी महत्वाकांक्षी योजना को प्रभावित करने वाला कृत्य बताया है। इन संस्थानों के खिलाफ आरोप थे कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की राशि में से प्रथम वर्ष में छात्रों से लगभग दो लाख रुपये तक की वसूली की जाती थी और बाद में आंशिक राशि लौटाई जाती थी। हालांकि, जांच टीम ने स्पष्ट किया कि योजना के तहत ऋण राशि सीधे विभाग द्वारा महाविद्यालय और छात्र-छात्राओं के खातों में भेजी जाती है, इसलिए इन आरोपों की पुष्टि नहीं हो सकी है। जांच के दौरान समिति ने विगत पांच वर्षों के नामांकन और उत्तीर्ण छात्रों से संबंधित आंकड़े मांगे थे, लेकिन संबंधित महाविद्यालयों द्वारा यह जानकारी अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। जांच में सहयोग न करना और आवश्यक सूचनाएं प्रदान न करना संस्थानों की मंशा पर संदेह पैदा करता है। इस कारण यह भी स्पष्ट नहीं हो सका कि कितने छात्रों ने पढ़ाई बीच में छोड़ी या कितने छात्रों ने योजना के तहत प्राप्त ऋण का उचित उपयोग किया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान दोनों संस्थानों में कोई छात्र, शिक्षक या गैर-शिक्षण कर्मचारी उपस्थित नहीं पाए गए।

### वैशाली में बोलेरो चोरी करते दो चोर पकड़ाए, ग्रामीणों ने पेड़ से बांधकर पीटा, पुलिस ने हिरासत में लिया

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में बोलेरो चोरी का प्रयास कर रहे दो चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। यह घटना वैशाली थाना क्षेत्र के मतैया स्थित भैया राम चौक पर हुई। आक्रोशित ग्रामीणों ने दोनों चोरों को पेड़ से बांधकर उनकी पिटाई की। जानकारी के अनुसार, चार से अधिक चोर एक बोलेरो गाड़ी चुराने की कोशिश कर रहे थे। वाहन मालिक को इसकी भनक लगते ही उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, जिसके बाद चोर भागने लगे। ग्रामीणों ने पीछा कर दो चोरों को पकड़ने में सफलता पाई। घटना की सूचना मिलते ही वैशाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस दोनों आरोपियों को अपनी हिरासत में लेने का प्रयास कर रही थी, लेकिन ग्रामीण आक्रोशित थे। ग्रामीणों ने बताया कि इस इलाके से पहले भी कई दोपहिया और चारपहिया वाहन चोरी हो चुके हैं। आक्रोशित ग्रामीण पकड़े गए चोरों पर कड़ी कार्रवाई और उनके गिरोह के अन्य सदस्यों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि पकड़े गए आरोपियों में से एक मुजफ्फरपुर जिले के चैनपुर का निवासी है, जबकि दूसरा वैशाली थाना क्षेत्र के भागवतपुर का रहने वाला है। पुलिस दोनों आरोपियों को अपनी अभिरक्षा में लेने और भीड़ को शांत करने का प्रयास कर रही है, ताकि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सके।

### मुजफ्फरपुर में 8 साल से फरार डकैत गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले के पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर 8 साल पुराने डकैती कांड का खुलासा किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कथैया थाना के श्रीरामपुर निवासी भबिक्षण राम के बेटे लक्ष्मण राम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, लक्ष्मण राम वर्ष 2018 में कांटी थाना क्षेत्र के बकटपुर पूर्वी टोला में कौशल किशोर सिंह के घर हुई भीषण डकैती कांड में वांछित था। घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। करीब 8 साल बाद पुलिस ने उसे दबोचने में सफलता पाई है। इस मामले की जानकारी कांटी थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ (पश्चिमी) सुचित्रा कुमारी ने दी। उन्होंने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कांटी थाना पुलिस को यह बड़ी सफलता मिली है। गिरफ्तार आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ मुजफ्फरपुर समेत अन्य जिलों के कुल 6 थानों में 9 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें डकैती, लूट और अन्य गंभीर अपराध शामिल है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, आरोपी बरुराज, देवरिया, साहेबगंज, मोतीपुर, कथैया समेत विभिन्न थानों में मामले दर्ज है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उससे कई अहम जानकारियां मिली हैं, जिसके आधार पर अन्य मामलों में भी जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

# मोतिहारी में दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति का संबोधन, छात्रों को दिया 'राष्ट्र प्रथम' का संदेश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता








**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** बिहार के मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने छात्रों को संबोधित करते हुए 'राष्ट्र सर्वप्रथम' को जीवन का मूल मंत्र अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि आजीवन सीखने की शुरुआत है। अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने चंपारण की ऐतिहासिक महत्ता को रेखांकित करते हुए चंपारण सत्याग्रह का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इसी धरती पर महात्मा गांधी एक साधारण बैरिस्टर से जन-नेता के रूप में उभरे और सत्य व अहिंसा के बल पर देश को नई दिशा दी।

बिहार की गौरवशाली विरासत का जिक्र करते हुए उन्होंने गौतम बुद्ध, नालंदा विश्वविद्यालय और चाणक्य जैसे महान व्यक्तित्वों को याद किया। उन्होंने कहा कि बिहार हमेशा से ज्ञान, विचार और सामाजिक परिवर्तन की भूमि रही है। उपराष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, 'इंडियन नॉलेज सिस्टम' केंद्र की स्थापना और 'फिट इंडिया मूवमेंट' के तहत खेल व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान सराहनीय है। उन्होंने यह भी खुशी जताई कि विश्वविद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तरों पर छात्राएं टॉपर रही हैं, जो देश में महिलाओं के बढ़ते नेतृत्व का प्रतीक है।

छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के तकनीकी युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस जैसे क्षेत्र नए अवसर लेकर आए हैं। ऐसे में युवाओं को इन तकनीकों का उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से नशा मुक्ति के प्रति जागरूक रहने और समाज को स्वस्थ बनाने में योगदान देने की अपील भी की। कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार और सांसद राधा मोहन सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने मोतिहारी स्थित चरखा पार्क और महात्मा गांधी सत्याग्रह स्मारक का भी दौरा किया और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने गांधीजी के सत्य, अहिंसा और राष्ट्र सेवा के संदेश को आज के समय में भी प्रासंगिक बताया।

# भैंस खोलने को लेकर विवाद में चचेरे दादा ने युवक को मारी गोली, इलाज के दौरान मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के निजामत गांव में रविवार की सुबह आपसी विवाद ने खूनी रूप ले लिया। मामूली कहासुनी और भैंस खोलने को लेकर हुए विवाद में एक चचेरे दादा ने 25 वर्षीय युवक को गोली मार दी। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव और दहशत का माहौल है। मृतक की पहचान निजामत गांव निवासी भूषण प्रसाद के 25 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि शनिवार की शाम सोनू कुमार ने शराब के नशे में अपने चचेरे दादा बिजेंद्र यादव के साथ गाली-गलौज की थी। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच तनाव बना हुआ था।

रविवार की सुबह विवाद और बढ़ गया। बताया जा रहा है कि बिजेंद्र यादव के पोते को जब शनिवार की घटना की जानकारी हुई तो वह सोनू के घर पहुंचा। उस समय सोनू गांव के बाहर खेत में गेहूं कटवाने गया हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान उसने सोनू की भैंस खोलकर अपने घर ले गया। जब सोनू खेत से वापस लौटा तो उसे भैंस ले जाने की जानकारी मिली। इसके बाद वह भैंस वापस लाने के लिए बिजेंद्र यादव के घर पहुंचा। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच फिर से कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि भैंस खोलने के दौरान ही बिजेंद्र यादव ने देशी कट्टे से सोनू के सीने में गोली मार दी।

गोली लगते ही सोनू मौके पर ही गिर पड़ा। फायरिंग की आवाज सुनते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े और गंभीर रूप से घायल सोनू को इलाज के लिए दनियांवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे तत्काल एनएमसीएच रेफर कर दिया। हालांकि अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में सोनू ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही धनरूआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से एक देशी कट्टा बरामद किया है। साथ ही एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। घटना के बाद गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। वहीं युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### मैट्रिक के मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान, उज्ज्वल भविष्य के लिए किया गया प्रेरित



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी।** क्षेत्र के चपौर पंचायत अंतर्गत हरवंशपुर गांव में शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। यहां वार्ड संघ के अध्यक्ष अरुण प्रसाद के नेतृत्व में मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच पठन-पाठन से जुड़ी सामग्री भी वितरित की गई, जिससे उनके आगे की पढ़ाई में सहायता मिल सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने मेधावी विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी जताई और उनका उत्साहवर्धन किया। सम्मानित छात्रों को मंच पर बुलाकर प्रशस्ति स्वरूप सामग्री प्रदान की गई, जिससे उनका मनोबल और भी बढ़ा। इस अवसर पर अरुण प्रसाद ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण बेहद जरूरी है। उन्होंने छात्रों को निरंतर पढ़ाई करने, समय का सही उपयोग करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि गांव के बच्चे प्रतिभा के मामले में किसी से कम नहीं हैं, जरूरत सिर्फ सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की होती है। कार्यक्रम के दौरान सफल विद्यार्थियों की मेहनत और लगन की सराहना की गई। उनकी उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे गांव का नाम रोशन किया है। इन छात्रों की सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिली और उनमें आगे बढ़ने का उत्साह देखने को मिला।

ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है और वे बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होते हैं। अंत में सभी ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षा के महत्व को समझते हुए आगे भी इस तरह के आयोजन जारी रखने का संकल्प लिया।

### मसौढ़ी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन हुआ





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी!** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत रविवार को नगर के ब्लॉक रोड स्थित विद्या इंटरनेशनल स्कूल में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में नगरध्यक्ष आशीष देव जिला महामंत्री विजय यादव जिला मंत्री अजय शर्मा राकेश यादव मौजूद रहे।कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और जनसंपर्क से जुड़े विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई.जिला महामंत्री विजय यादव ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करना और उन्हें समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार करना है।प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को संगठन के इतिहास, विचारधारा, विकास कार्यों और सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया गया।प्रशिक्षण सत्र के दौरान अन्य वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं।

उनके माध्यम से ही सरकार की योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सेवा और विकास के कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

# दुल्हिनबाजार में गैस सिलेंडर फटा, परिवार बाल-बाल बचा

एजेंसी, पटना




पटना के दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र के सदावह गांव में देर रात गैस सिलेंडर फटने से भीषण आग लग गई। हादसे में घर का लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया, हालांकि समय रहते परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बाहर निकल गए। यह घटना गांव निवासी अशोक मिस्त्री के घर में हुई। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और दमकल विभाग को बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, देर रात खाना बनाने से पहले वह गैस सिलेंडर की जांच कर रहे थे। इसी दौरान अचानक जोरदार धमाका हुआ और आग भड़क उठी। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत परिवार के सभी सदस्यों को घर से बाहर निकाल लिया। इस दौरान आग तेजी से पूरे घर में फैल गई और सामान जलने लगा।

अशोक मिस्त्री ने बताया कि, इस हादसे में घर का सारा सामान जल गया है, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं, ऐसे में यह नुकसान उनके लिए बड़ा झटका है। प्राथमिक जांच में सिलेंडर लीकेज के दौरान हादसा होने की बात सामने आई है। थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया। राहत की बात है कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं लोग गैस सिलेंडर के इस्तेमाल में सतर्कता बरतने की अपील कर रहे हैं।

### बिहार में स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव, 6 अप्रैल से मॉर्निंग शिफ्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**पटना।** बिहार में गर्मी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। तेज धूप के कारण तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच चुका है। लगातार बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। बिहार शिक्षा विभाग के मुताबिक, राज्य के सभी सरकारी स्कूल सुबह 6:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक संचालित होगी। नई टाइमिंग 31 मई तक गर्मी की छुट्टियों से पहले तक लागू रहेगी। इधर, मौसम विभाग ने 6 अप्रैल से 12 जिलों में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में बिजली गिरने की आशंका है। साथ ही 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

**सुबह 7 बजे से स्कूलों में होगी पढ़ाई:** नई समय-सारणी के तहत सुबह 6:30 बजे स्कूल खुलेगा। पहले आधे घंटे प्रार्थना और अन्य गतिविधियां होंगी। इसके बाद 7 बजे से क्लास शुरू हो जाएगी। कुल सात पीरियड चलेंगे। हर पीरियड 40 मिनट का होगा। दोपहर 12:20 बजे तक बच्चों की छुट्टी हो जाएगी। इसके बाद 10 मिनट तक शिक्षकों की समीक्षा बैठक होगी। मिड-डे मिल को लेकर भी विभाग ने लचीलापन दिया है। जिन स्कूलों में बच्चों की संख्या ज्यादा है। वहां एक साथ भोजन कराना जरूरी नहीं है। ऐसे स्कूलों में दो चरणों में मिड-डे मील कराया जा सकेगा।

# तेजस्वी यादव ने गिनाई बिहार की बदहाली

**जेडीयू का पलटवार- आपकी बातों को कोई गंभीरता से नहीं लेता, नीरज कुमार बोले-हम बहस के लिए तैयार**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** बिहार की राजनीति में एक बार फिर आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर किए गए तीखे पोस्ट के बाद जनता दल यूनाइटेड के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने जोरदार पलटवार किया है।

**तेजस्वी ने गिनाए विकास के आंकड़े:** तेजस्वी यादव ने अपने पोस्ट में बिहार की बदहाल स्थिति को लेकर एनडीए सरकार पर निशाना साधते हुए कई सामाजिक, आर्थिक और विकास से जुड़े आंकड़े गिनाए और 21 वर्षों के शासन पर सवाल खड़े किए। साथ ही उन्होंने अपराध, बेरोजगारी, गरीबी, पलायन और प्रदूषण को लेकर भी बिहार की स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए। तेजस्वी यादव ने अपने पोस्ट में दावा किया कि बिहार देश के लगभग हर प्रमुख विकास सूचकांक में सबसे नीचे है। उन्होंने साक्षरता, प्रति व्यक्ति आय, किसानों की आय, निवेश, बिजली खपत, शिक्षा की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सेवाएं और रोजगार जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरा।

**मुख्यमंत्री और दोनों डिप्टी सीएम को दी बहस की चुनौती:** तेजस्वी ने कहा कि इतने लंबे शासन के बावजूद बिहार की हालत में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है और सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए विपक्ष पर आरोप लगाती रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों को खुले मंच पर बहस की चुनौती भी दी। तेजस्वी के इस हमले पर जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि, तेजस्वी यादव की बातों को अब कोई गंभीरता से नहीं लेता।' नीरज कुमार ने तंज कसते हुए कहा कि, 'तेजस्वी अपने पिता का संदेश लेकर केरल गए थे, लेकिन वहां अपनी सरकार की उपलब्धियां बताने में असफल रहे।' उन्होंने आरोप लगाया कि, 'आरजेडी शासन में "जमीन लेकर नौकरी देने" जैसी परंपरा रही, जबकि वर्तमान सरकार ने पारदर्शी तरीके से लाखों शिक्षकों की बहाली की है।' नीरज कुमार ने आगे कहा कि, 'नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में आधारभूत संरचना, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम हुआ है।' उन्होंने तेजस्वी यादव को खुली चुनौती देते हुए कहा कि वे कहीं भी, कभी भी सार्वजनिक बहस के लिए तैयार हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि, 'जेडीयू का कोई भी कार्यकर्ता या पदाधिकारी तेजस्वी के दावों का जवाब देने में सक्षम है।' जेडीयू प्रवक्ता ने यह भी कहा कि जनता ने बार-बार एनडीए को जनादेश दिया है, जो सरकार के विकास कार्यों पर भरोसे को दर्शाता है। उन्होंने तेजस्वी को अपने पुराने और नए बयानों की तुलना करने की चुनौती देते हुए कहा कि सच्चाई आईने की तरह सामने आ जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## रसोई गैस की आपूर्ति के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए प्रशासन : कालीचरण मुंडा



**खूंटी।** खूंटी लोक सभा सांसद कालीचरण मुंडा ने जिले में एलपीजी गैस की लगातार हो रही कमी और आम जनता को हो रही परेशानी को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आज खूंटी जिले के लोग गैस संकट से त्रस्त हैं, लेकिन जिला प्रशासन इस गंभीर समस्या पर अपेक्षित तत्परता नहीं दिखा रहा है, जिसके कारण आम नागरिकों को रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और इसे जल्द से जल्द सुधारने की आवश्यकता है। सांसद ने जिला प्रशासन से मांग की है कि एलपीजी गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तत्काल ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। उन्होंने संबंधित जिला अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस समस्या के समाधान के लिए शीघ्र कार्रवाई करें और स्थिति को सामान्य बनाने की दिशा में काम करें ।

## बाइक सवार बदमाशों ने महिला से चेन छीना



**पूर्वी सिंहभूम।** बिरसानगर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात चेन छिनतई की एक घटना सामने आई है। बाइक पर सवार दो अज्ञात बदमाशों ने एक महिला के गले से सोने की चेन झपट ली और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने रविवार को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता विभा देवी अपने पति नंदलाल ओझा के साथ सिदगोड़ा से लौट रही थीं। जैसे ही दोनों आस्था ट्विन सिटी के मलबरी ब्लॉक के पास ऑटो से उतरे, पहले से घात लगाए बदमाशों ने वारदात को अंजाम दे दिया। बाइक पर बैठे एक अपराधी ने अचानक झपट्टा मारकर विभा देवी के गले से चेन छीन ली और साथी के साथ तेजी से फरार हो गया। घटना के बाद विभा देवी ने शोर मचाया, लेकिन देर रात होने के कारण आसपास कोई मौजूद नहीं था, जिससे बदमाश आसानी से भागने में सफल रहे। छीनी गई चेन का वजन करीब 15 ग्राम बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर बिरसानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। पीड़ित के पति नंदलाल ओझा ने अपार्टमेंट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यहां गार्ड की व्यवस्था बेहद कमजोर है, जिसके कारण बाहरी लोग आसानी से अंदर प्रवेश कर जाते हैं। उन्होंने परिसर में सुरक्षा को मजबूत करने की मांग की है।

## रांची में ईस्टर पर बच्चों ने दिखाई रचनात्मकता, एग पेंटिंग प्रतियोगिता में बिखरे रंग



**रांची।** ईस्टर के अवसर पर रांची में आईफा इंटरनेशनल की ओर से रविवार को बच्चों के लिए रंगारंग 'ईस्टर एग पेंटिंग' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में कला के प्रति रुचि विकसित करना और उनकी रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के निदेशक मोहम्मद साबिर हुसैन ने किया। उन्होंने बच्चों को एग पेंटिंग की तकनीक और आकर्षक डिजाइन बनाने के विभिन्न तरीके समझाए। उनके मार्गदर्शन में बच्चों ने अंडों पर रंग-बिरंगे और सुंदर डिजाइन बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मोहम्मद साबिर हुसैन ने कहा कि कला बच्चों के व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से ऐसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा तैयार की गई रंगीन कलाकृतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस आयोजन में रूहान, आयाना, हूमरा, मिस्कत, मुनमुन, आयात, महक, मेहरीन, डानियाल, नायरा, अली, शान और एनम सहित कई बच्चों ने भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। आयोजन को सफल बनाने में शगुफ्ता बानो और शामा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## रांची के धुर्वा में शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण, छात्रों के समग्र विकास पर जोर



**रांची।** रांची के धुर्वा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य ललन कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर शिक्षकों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन, तनाव प्रबंधन और विद्यालय में सकारात्मक वातावरण के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में व्यवहारिक पहलुओं पर विशेष जोर दिया गया, ताकि शिक्षक छात्रों की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझकर उन्हें सही दिशा प्रदान कर सकें। प्राचार्य ललन कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों को नई सोच और दृष्टिकोण देते हैं, जिससे विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के निर्माण में मदद मिलती है। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील रहने और उन्हें सहयोग देने की अपील की। कार्यक्रम में सुरेन्द्रनाथ सेंटेनरी पब्लिक स्कूल के उप-प्राचार्य प्रसेनजीत हाजरा एवं गोविंद राम कटारुका पब्लिक स्कूल के पीजीटी उत्तम कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में 60 से अधिक शिक्षक और अन्य लोग मौजूद रहे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की और इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया।

# रांची में गैस रिफिलिंग गिरोह का भंडाफोड़, बिरयानी की दुकान से 9 सिलेंडर बरामद

**एजेंसी। रांची**




झारखंड की राजधानी रांची के ओरमांझी क्षेत्र में अवैध गैस सिलेंडर रिफिलिंग और कालाबाजारी के खिलाफ जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए एक संगठित गिरोह का खुलासा किया है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर जिला स्तरीय टीम ने ईरवा स्थित एक बिरयानी दुकान में छापेमारी की और वहां से एलपीजी सिलेंडर बरामद की। ओरमांझी के प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में एक गुप्त सूचना के आधार पर हुई इस कार्रवाई के दौरान "दिल्ली दरबार" नामक बिरयानी दुकान से कुल नौ व्यवसायिक गैस सिलेंडर बरामद किए गए। इनका कुल वजन लगभग 19.02 किलोग्राम था, जिनमें एचपी और इंडेन के सिलेंडर शामिल हैं। जांच में पाया गया कि कुछ सिलेंडर सील थे, जबकि कुछ का उपयोग अवैध रिफिलिंग के लिए किया जा रहा था। दुकान संचालक से पूछताछ में खुलासा हुआ कि सिलेंडर एक बिचौलिए के माध्यम से कार से सप्लाई किए जाते थे। यह बिचौलिया अवैध रूप से सिलेंडरों की रिफिलिंग कर उन्हें ऊंचे दामों पर बेचता था और मुनाफे में हिस्सेदारी भी तय थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम ने गिरफ्तार व्यक्ति की निशानदेही पर ओरमांझी थाना क्षेत्र में आरोपित के घर पर भी छापेमारी की। इस दौरान एक 19.02 किलोग्राम क्षमता का एचपी गैस सिलेंडर बरामद किया गया, जिसमें करीब 10 किलोग्राम गैस भरी हुई थी और उस पर रिफिलिंग नोजल लगा हुआ था। साथ ही एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी जब्त किया गया, जिससे इस अवैध कारोबार के व्यवस्थित तरीके से संचालित होने की पुष्टि हुई। हालांकि मुख्य आरोपित छापेमारी के दौरान फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां 'आपूर्ति और वितरण विनियमन आदेश, 2000' (रेगुलेशन ऑफ सप्लाई एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑर्डर-2000) और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी में आती हैं। इस संबंध में ओरमांझी थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन लगातार ऐसी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है और सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर से जुड़ी अवैध गतिविधियां न केवल कानूनन अपराध हैं, बल्कि आम लोगों की जान के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करती हैं। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं इस तरह की गतिविधियों की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन या नजदीकी थाने को सूचित करें।

## आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया ईस्टर, चर्चों और कब्रिस्तानों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

शहर में रविवार को ईस्टर का पर्व पूरे श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न चर्चों में सुबह से ही विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन हुआ, जहां बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग एकत्रित हुए और प्रभु ईसा मसीह के पुनर्जीवन की स्मृति में प्रार्थना की। प्रार्थना सभाओं में शांति, प्रेम और मानवता का संदेश दिया गया, वहीं लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर इस पावन दिन की खुशियां साझा कीं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गुड फ्राइडे के दिन सूली पर चढ़ाए जाने के तीन दिन बाद ईसा मसीह पुनर्जीवित हुए थे। इसी घटना की स्मृति में ईस्टर मनाया जाता है, जो जीवन, आशा और नए आरंभ का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर गिरजाघरों को विशेष रूप से सजाया गया और भजनों व प्रार्थनाओं के माध्यम से प्रभु की महिमा का गुणगान किया गया। ईस्टर के दिन एक विशेष परंपरा के तहत लोग अपने दिवंगत परिजनों को याद करने के लिए कब्रिस्तानों में भी पहुंचे। श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों की कब्रों पर फूल-मालाएं अर्पित कीं, मोमबत्तियां जलाईं और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान कई स्थानों पर भावुक माहौल देखने को मिला, जहां लोग अपने प्रियजनों को याद करते नजर आए।

# रांची में मुक्ति संस्था ने 24 अज्ञात शवों का किया अंतिम संस्कार

**एजेंसी। रांची**



रांची में मानवता की मिसाल पेश करते हुए मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 24 अज्ञात शवों का पूरे विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया। संस्था के सदस्यों ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स)की शव गृह से शवों को सुरक्षित तरीके से निकालकर उन्हें जुमार नदी तट तक पहुंचाया, जहां धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान मुक्ति संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने सभी अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी। उन्होंने बताया कि संस्था अब तक कुल 2153 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार कर चुकी है। यह कार्य समाज के प्रति संस्था की गहरी संवेदनशीलता और सेवा भावना को दर्शाता है। अंतिम संस्कार के बाद परमजीत सिंह टिंकू द्वारा अरदास की गई। पूरे आयोजन में संस्था के सदस्यों ने मिलकर सक्रिय भूमिका निभाई और इस पुनीत कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इस अवसर पर प्रवीण लोहिया, रवि अग्रवाल, संजय गोयल, राहुल जायसवाल, विजय धानुका, सौरभ बथवाल, पंकज खिरवाल, निर्मल मोदी, सुमित अग्रवाल, वीरेंद्र गुप्ता, आदित्य शर्मा, आशीष भाटिया, गौरीशंकर शर्मा, राहुल चौधरी, अरुण कुतरियार, संजय सिंह, नवीन मित्तल, उज्ज्वल जैन, राजा गोयनका, अमित अग्रवाल, गोपाल गाड़ोदिया, हरीश नागपाल, आर के गांधी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## खूंटी के गम्हरिया में 168 साल पुराना मंडा भगतिया महोत्सव संपन्न,भगतिया झूलन बना आकर्षण का केंद्र

**एजेंसी। खूंटी**



खूंटी जिले के मुरहू प्रखंड अंतर्गत ग्राम गम्हरिया में पिछले 168 वर्षों से आयोजित हो रहा पारंपरिक मंडा भगतिया महोत्सव रविवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में भगतिया झूलन के साथ संपन्न हो गया। इस ऐतिहासिक और धार्मिक महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महोत्सव के दौरान श्रद्धालु एक सप्ताह तक कठिन उपवास रखकर भगवान भोले बाबा और भैरवनाथ की आराधना करते हैं। इस दौरान वे पूजा-अर्चना कर अपनी गहरी आस्था प्रकट करते हैं और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। समापन अवसर पर आयोजित भगतिया झूलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर समाजसेवी विजय राम महोत्सव में शामिल हुए। मुख्य अतिथि काशीनाथ महतो ने अपने संबोधन में कहा कि इस महोत्सव की सटीक शुरुआत का इतिहास स्पष्ट नहीं है, लेकिन गांव के बुजुर्गों के अनुसार इसकी शुरुआत तत्कालीन जमींदार परिवार द्वारा वर्ष 1858-1859 के आसपास की गई थी। उन्होंने बताया कि बाबा भोलेनाथ की कृपा से यह परंपरा पिछले 168 वर्षों से निरंतर जारी है और भविष्य में भी इसी तरह चलती रहेगी। महोत्सव के दौरान शनिवार रात को भव्य छऊ नृत्य का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से पूरी रात दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर उपेंद्र कश्यप, जगदीश नाथ, तेतरू महतो, देवेंद्र महतो सहित कई गणमान्य लोग और ग्रामीण उपस्थित रहे। यह महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

## दहकते अंगारों में नंगे पांव चलकर भक्तों ने दी भक्ति की परीक्षा



**एजेंसी। खूंटी**

भोक्ता झूलन के साथ साथ पिछले नौ दिनों से चल रहा शिवोपासना का ऐतिहासिक तोरपा मंडा रविवार को सम्पन्न हो गया। इसके पूर्व भोक्ताओं ने दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर भक्ति और निष्ठा का परिचय दिया। इस वार्षिक धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत चैत्र शुक्ल नवमी से हुई थी। इस नौ दिनों के दौरान शिव भक्त अपना घर परिवार का त्याग कर मंदिर में रहकर भगवान भोलेनाथ की आराधना में लीं रहे। जिस समय भोक्ता नंगे पांव आग में चल रहे थे, जिसे फूलखुंदी कहते हैं, उस समय परिवार की महिलाएं सिर पर आम के पल्लव और पवित्र जल से भरा लोटा लेकर खड़ी थीं। फूलखुंदी के बाद भक्तों ने 24 घंटे के निर्जला उपवास का समापन किया। फूलखुंदीकौर झूलन को देखने के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। झूलन के दौरान भागतीयों ने दर्शकों पर फूल वर्षा कर लोगों के मंगल कामना की। मंडा महोत्सव का आयोजन तोरपा के पूर्व जमींदार विजय बड़ाइक के परिवार की ओर से किया जाता है।

# आरटीआई कार्यकर्ता संघ की बैठक, सूचना आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया पर गंभीर सवाल

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



जमशेदपुर में आरटीआई कार्यकर्ता संघ की केंद्रीय समिति की बैठक पुराना कोर्ट परिसर स्थित बाल मजदूर मुक्ति सेवा संस्थान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष दिलबहादुर ने की। बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में संघ के पदाधिकारियों ने राज्य में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए। केंद्रीय अध्यक्ष दिलबहादुर ने कहा कि सूचना आयुक्त और मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति सरकार का स्वागत योग्य कदम है, जो लंबे समय से संघ के आंदोलन और न्यायालयों में दायर याचिकाओं का परिणाम है। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद यह प्रक्रिया संभव हो सकी है। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि इन नियुक्तियों में उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया गया। दिलबहादुर ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित और योग्य व्यक्तियों में से की जानी चाहिए, लेकिन राज्य सरकार ने राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों को नियुक्त कर इस पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने इसे सरकार और विपक्ष के बीच मिलीभगत कर पदों का बंटवारा बताया, जिससे सूचना आयोग के उद्देश्य पर सवाल खड़े हो गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस मुद्दे को लेकर संघ जल्द ही राज्यपाल संतोष गंगवार को ज्ञापन सौंपेगा और वर्तमान नियुक्तियों को निरस्त करने की मांग करेगा। साथ ही उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आरटीआई कार्यकर्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न क्षेत्रों के योग्य व्यक्तियों को इन पदों पर नियुक्त करने की मांग की जाएगी। संघ के केंद्रीय महासचिव कृतिवास मंडल ने कहा कि आरटीआई कार्यकर्ताओं को सूचना मांगने पर अक्सर जान से मारने की धमकियां मिलती हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से उन्हें पर्याप्त सुरक्षा या कानूनी सहायता नहीं दी जाती। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन कई बार आरोपितों को बचाने का काम करता है, जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता है। इस मौके पर उपाध्यक्ष सदन कुमार ठाकुर, सुनील कुमार मुर्मू, सुनील प्रसाद, ऋषुनदू केसरी, रंजीत सिंह, दिनेश कुमार शर्मा, बवीता कुमारी, सुलोचना देवी, राजू बेसरा, लक्ष्मण किस्कू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजधानी रांची समेत झारखंड के विभिन्न जिलों में मध्यम बारिश,ओलावृष्टि-वज्रपात का अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई। इस दौरान सबसे अधिक 21 मिलीमीटर बारिश रामगढ़ में रिकॉर्ड की गई, जबकि रांची में 18.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। राज्य के अन्य इलाकों में भी हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। इनमें बरही में 12.4 मिमी, चाकुलिया में 8.6 मिमी, बुढ़मू में 7.8 मिमी, बोकारो थर्मल में 6.8 मिमी, मांडर में 6.6 मिमी, चाईबासा में 6.1 मिमी, मुरहू में 6 मिमी और कोडरमा डीवीसी में 5.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार 6, 7 और 8 अप्रैल को राज्य के कई जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। इस दौरान 50 से 60 किलमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का भी अनुमान है। इसे देखते हुए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं 9 अप्रैल तक कुछ इलाकों में हल्की बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान जमशेदपुर में 39.5 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान लातेहार में 16.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से बादल छाए रहे, हालांकि दोपहर में आसमान साफ हो गया और तेज धूप निकल आई। तड़के हुई बारिश के कारण लोगों को ठंडक का एहसास हुआ। तापमान की बात करें, तो रांची में अधिकतम 34.8 डिग्री और न्यूनतम 18.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम 39.5 और न्यूनतम 21.5 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 37.8 और न्यूनतम 21.7 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 36.5 और न्यूनतम 20.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 38 डिग्री और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## विराट हिंदू सम्मेलन 15 को कांके में, तैयारियां शुरू




**एजेंसी। रांची**

कांके में 15 अप्रैल को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता विवेक प्रताप सिंह ने रविवार को बताया कि यह कार्यक्रम हिंदू समाज में जनजागरण और एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन के माध्यम से लोगों को पंच परिवर्तन के संकल्प से जोड़ा जाएगा। इसमें स्वदेशी अपनाना, नागरिक कर्तव्यों का पालन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और परिवार सशक्तीकरण जैसे मुद्दों पर विशेष बल दिया जाएगा। सम्मेलन में संत-महात्माओं की ओर से धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को लेकर मार्गदर्शन किया जाएगा। साथ ही नशा मुक्ति, गो संरक्षण, मतांतरण, पारंपरिक हिंदू व्यवसायों पर बढ़ते कब्जे से सचेत करना और सामाजिक कुरीतियों पर भी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कांके, बुढ़मू और ओरमांझी प्रखंडों में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। राम भक्तों की टोली गांव-गांव जाकर लोगों को सम्मेलन से जोड़ेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### उदयनिधि ने किया था सनातन पर 'वार', अब भगवान के दरबार

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु की राजनीति हमेशा से आत्म-सम्मान आंदोलन और तर्कवाद पर आधारित रही है। लेकिन 2026 के चुनावी मैदान में एक अलग ही दृश्य दिखाई दे रहा है। जो नेता कल तक धार्मिक कर्मकांडों का विरोध करते थे, वे आज मंदिरों में पूजा-अर्चना कर रहे हैं और जो जातिगत समीकरणों में बंधे थे वे अब विरोधी खेमों के स्मारकों पर माथा टेक रहे हैं। द्रमुक के दिग्गज नेता और उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन जो कई इंटरव्यू में स्पष्ट कह चुके हैं कि वे पूजा-पाठ नहीं करते, वह हाल ही में अपने निर्वाचन क्षेत्र के सेंजेनियमन मंदिर में पूजा करते देखे गए। उनके साथ सांसद दयानिधि मारन भी मौजूद थे। यह बदलाव इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उदयनिधि को द्रविड़ विचारधारा के कट्टर समर्थक के रूप में देखा जाता है। उदयनिधि पर हाल के कुछ वर्षों में हिंदू धर्म का अपमान करने का भी आरोप लगा है। वह सनातन को लेकर दिए अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहे हैं।

**डॉ. सेंथिल कुमार का बदला रुख**

धर्मपुरी के पूर्व सांसद और वर्तमान उम्मीदवार डॉ. सेंथिल कुमार सड़क परियोजना के भूमि पूजन और धार्मिक अनुष्ठानों पर आपत्ति जताकर विवादों में रहे थे, अब अपने अभियान के दौरान मंदिरों का दौरा कर रहे हैं। जानकारों का मानना है कि यह 'सॉफ्ट हिंदुत्व' या बहुसंख्यक मतदाताओं को नाराज न करने की एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है।

**मस्जिद में हिंदू, रैलियों में विभूति**

इस बार चुनाव प्रचार में धार्मिक सीमाओं का धुंधला होना एक प्रमुख ट्रेंड है। शिवकाशी की उम्मीदवार कीर्तना जैसे हिंदू नेता मस्जिदों में जाकर प्रचार कर रहे हैं। कई रैलियों में मुस्लिम उम्मीदवारों के माथे पर विभूति के निशान देखे जा रहे हैं, जो उनकी सर्व समावेशी छवि पेश करने की कोशिश है।

तमिलनाडु में जाति हमेशा से एक निर्णायक कारक रही है। 'थेवर' समुदाय से आने वाले मंत्री थंगम थेनारासु का परमकुडी में दलित नेता इमैनुएल सेकरन के स्मारक पर जाना एक बड़ी राजनीतिक घटना मानी जा रही है। आमतौर पर गैर-दलित नेता ऐसे स्मारकों पर केवल विशिष्ट जयंतियों के दौरान ही जाते हैं, लेकिन चुनाव प्रचार के दौरान ऐसी यात्राएं संकेत देती हैं कि द्रमुक किसी भी वर्ग को अछूता नहीं छोड़ना चाहती।

### सौरभ भारद्वाज का दावा- भाजपा में जाएंगे राघव चड्ढा? पीएम मोदी के खिलाफ पुरानी पोस्ट्स कीं डिलीट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या राघव चड्ढा भाजपा में शामिल होने वाले हैं। आम आदमी पार्टी के कद्दावर नेता सौरभ भारद्वाज के एक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद राघव चड्ढा के भाजपा में शामिल होने की अटकलों को हवा मिली है। सौरभ भारद्वाज ने दावा किया है कि राघव चड्ढा ने अपने एक्स हैंडल से प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की आलोचना करने वाले सभी पुराने पोस्ट डिलीट कर दिए हैं। अब उनके प्रोफाइल पर मोदी से जुड़े केवल दो पोस्ट हैं। इनमें से एक में उनकी प्रशंसा की गई है। इस डेवलपमेंट के बाद राजनीतिक गलियारों में अटकलों का बाजार गर्म है। सोशल मीडिया पर राघव चड्ढा के आने वाले समय में आप को छोड़कर भाजपा का दामन थामने के कयास लगाए जा रहे हैं।

**पीएम मोदी विरोधी पोस्ट्स की डिलीट**

आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर अपने एक पोस्ट में दावा किया कि राघव चड्ढा ने एक्स अकाउंट पर अपनी उन तमाम पुरानी पोस्टों को डिलीट कर दिया है जिनमें पीएम मोदी या BJP की आलोचना की गई थी। सौरभ भारद्वाज ने आगे लिखा कि एक्स पर कुछ लोगों के सुझाव के बाद मैंने राघव चड्ढा की टाइमलाइन पर BJP या मोदी शब्द खोजे। मोदी की आलोचना वाली कोई भी पोस्ट मौजूद नहीं सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि राघव चड्ढा की टाइमलाइन पर भाजपा या मोदी की आलोचना वाली कोई भी पोस्ट मौजूद नहीं है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इसका मतलब है कि राघव चड्ढा ने अपनी सभी पुरानी पोस्ट भी डिलीट कर दी हैं। राघव की टाइम लाइन पर मोदी शब्द वाली केवल दो पोस्ट ही हैं।

# इस साल 19 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा

## गैर सनातनी को मंदिर में प्रवेश नहीं मिलेगा, मोबाइल फोन, तस्वीर और रील पर पाबंदी रहेगी

**देहरादून, एजेंसी।** इस साल 19 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी का कहना है कि यात्रा की सभी तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि चारधाम में गैर सनातनियों के प्रवेश पर सख्ती के साथ प्रतिबंध लागू कराया जाएगा। मोबाइल, कैमरों से फोटो, वीडियो और रील बनाने पर भी प्रतिबंध रहेगा।

बीकेटीसी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि चारधाम यात्रा को लेकर सभी तैयारियां हो गई हैं। सारी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं के दर्शनों को सुलभ बनाने के लिए वीडियो रील बनाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। अब मंदिर परिसरों के 70 मीटर के दायरे में फोन ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा।

**मंदिर की गरिमा के मद्देनजर कड़े फैसले:** यह निर्णय मंदिर की गरिमा एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखकर लिया गया है। गैर सनातनियों के प्रवेश पर प्रतिबंध को लेकर सख्ती बरती जाएगी। उनके अनुसार, अभी तक चारधाम में 11,68,644 पंजीकरण हो चुके हैं।

**बीकेटीसी वेबसाइट से पूजा की बुकिंग जल्द:** बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने यह भी जानकारी दी कि विभागीय वेबसाइट से जल्द ही पूजा की बुकिंग शुरू कर दी जाएगी। इससे श्रद्धालु घर बैठे ही अपनी पूजा की व्यवस्था सुनिश्चित कर सकेंगे। वहीं, श्रद्धालुओं के लिए विश्राम गृहों में बेहतर सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस बार दर्शन व्यवस्था को अधिक सरल और सुगम बनाया जाएगा।



### गैर सनातनी का मामला क्यों गर्माया

इस साल चारधाम यात्रा में गैर सनातनियों की एंट्री बैन को लेकर मामला तब गर्माया, जब बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी से सारा अली खान को लेकर सवाल किया गया था। सारा अली खान बॉलीवुड अभिनेत्री हैं और लगातार बाबा केदार के धामों की यात्रा के लिए उत्तराखंड आती रहती हैं। उन्होंने 20 किलोमीटर की कठिन रुद्रनाथ यात्रा से लेकर 14 किलोमीटर की केदारनाथ यात्रा की है। हेमंत द्विवेदी ने गैर सनातनियों को लेकर स्पष्ट कहा है कि अगर किसी दूसरे धर्म के व्यक्ति में सनातन के प्रति आस्था है तो उसे प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी।

### किस धाम के कब कपाट खुलेंगे

जानकारी के अनुसार, चारधाम यात्रा के कपाट अप्रैल माह में खुलने जा रहे हैं। यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर खुलेंगे। केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को सुबह करीब 8 बजे और बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को ब्रह्म मुहूर्त में सुबह लगभग 6:15 बजे खुलेंगे। वहीं, श्री हेमकुंड साहिब के कपाट की तारीख अलग से मई के आसपास घोषित की जाएगी।

# हिमंता बिस्व सरमा ने राहुल गांधी पर साधा निशाना कहा-वह कुछ भी कह सकते हैं

**गुवाहटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने राहुल गांधी पर करारा हमला बोला है। हिमंता ने राहुल गांधी को रजिस्टर्ड पागल कह दिया है। साथ ही कहाकि वह एक क्रेजी इंसान हैं, जो कुछ भी कह सकता है। हिमंता ने यह बातें राहुल गांधी द्वारा उनके खिलाफ दिए गए बयान पर कहीं। हिमंता सरमा एएनआई से बात कर रहे थे। इस दौरान राहुल गांधी द्वारा उनके खिलाफ बयान को लेकर सवाल पूछा गया था। इसके जवाब में हिमंता ने बड़े ही आक्रामक अंदाज में कहाकि वह पागल हैं। उनका दिमाग क्रैक हो चुका है।

**कितनी सीटें जीतने का दावा:** इसी दौरद्यन हिमंता से पूछा गया कि भाजपा इस चुनाव में कितनी सीटें जीतेगी? इसके जवाब में सरमा ने कहाकि भाजपा 90 से 100 सीटें जीतेगी। गौरतलब है कि असम में 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव नौ अप्रैल को होगा




जबकि नतीजे चार मई को घोषित किए जाएंगे।

**क्या बोले थे राहुल गांधी:** गौरतलब है कि दो दिन पहले राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को भारत का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री बताया था। उन्होंने कहाकि सरमा, पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मिलकर राज्य में 'लैंड एटीएम' चला रहे हैं और आम लोगों से जमीन छीनकर बड़े उद्योगपतियों को दे रहे हैं। कार्बी आंगलोंग और जोरहाट जिलों में लगातार चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए गांधी ने आरोप लगाया कि लोगों से जमीन छीनकर बड़ी-बड़ी कंपनियों को सौंपी जा रही है।

**जुबिन गर्ग का भी लिया नाम:** इस दौरान गायक जुबिन गर्ग का जिक्र करते हुए गांधी ने कहा कि वे असम की भावना का प्रतिनिधित्व करते थे और उन्होंने उनकी मौत के संबंध में न्याय का आश्वासन दिया। राहुल गांधी ने असम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें शासन, पहचान और स्वास्थ्य सेवा जैसे 11 क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सरमा असम को गिरोहों के माध्यम से चला रहे हैं और उनके भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण मोदी ने उन पर पूरी तरह से नकेल कसी हुई है।

## रामनगरी में रामायण टीका की 200 वर्ष पुरानी पांडुलिपि मिली, किया जाएगा संरक्षण



**अयोध्या, एजेंसी।** अयोध्या राम मंदिर के दूसरे तल पर रामायण की प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण व संग्रहण की योजना के अन्तर्गत अब दूसरी पांडुलिपि भी शीघ्र राम मंदिर की शोभा बढ़ाएगी। यह पांडुलिपि अयोध्या जनपद में ही सुलभ हुई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से प्राचीन पांडुलिपियों के संग्रहकर्ताओं के लिए देश के सभी राज्यों अलग-अलग समाचार माध्यमों में विज्ञापन प्रकाशित कराया था।

इसी विज्ञापन के माध्यम से अयोध्या जनपद के निवासी जगजीत सिंह ने अन्तर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय के निदेशक डा. संजीब कुमार सिंह से सम्पर्क साधा और जानकारी दी कि उनके दादा ने रामायण की प्राचीन पांडुलिपि भेंट की थी जिसे वह श्रद्धापूर्वक पूजन स्थल पर रखकर पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा है कि इसका संरक्षण राम मंदिर में हो। रामकथा संग्रहालय के निदेशक डा. सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुरातात्विक दृष्टि से देखें तो यह पांडुलिपि करीब दो सौ साल पुरानी नजर आती है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया इसकी लिपि नागरी लिपि जो देवनागरी कहलाती है।

उन्होंने बताया कि फिलहाल इस कृति का परीक्षण निर्धारित कमेटी के विशेषज्ञ करेंगे। उनके परीक्षण की रिपोर्ट के आधार पर पांडुलिपि को स्वीकार किया जाएगा। बताया गया कि यह दुर्लभ पांडुलिपि देवनागरी लिपि में है और इसमें 'तत्त्वदीपिका' टीका सहित रामायण के पांच कांड शामिल हैं। कहा गया कि हस्त लिखित विशेष प्रकार के रसायन से तैयार स्याही से 400 पन्ने की यह पांडुलिपि देश की धरोहर बन सकेगी।

**देश ही नहीं विदेशों में उपलब्ध है रामायण की प्राचीन पांडुलिपियां:** रामकथा संग्रहालय के निदेशक डा संजीब सिंह का कहना है कि देश-विदेश से लगभग 80 से 90 लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय से संपर्क किया था और 8 से 10 लोगों ने पांडुलिपि की प्रति लेकर सम्पर्क भी किया था। बताया गया कि अभी भी पत्राचार कर रहे हैं। डा. सिंह का कहना है कि राम मंदिर में संग्रहालय का निर्माण नहीं होना है बल्कि यहां दुर्लभ कृतियों को संरक्षित किया जाना है, वह चाहे भी जिस भाषा में हो। निदेशक सिंह का कहना है कि जहां तक कृति लाने की बात है तो यहां एक ही कृति अभी तक लाई गयी है। उन्होंने बताया कि अभी लोगों ने अभिरुचि ली है और लोग अपने विश्वास के साथ आ भी रहे हैं।

**कृतियों के परीक्षण के अलग-अलग विधाएं हैं:** पुराविद् डा. संजीब सिंह कहते हैं कि प्राचीन पांडुलिपियों के काल निर्धारण के परीक्षण की अलग-अलग विधा है। पहले में कृति की भाषा और लिपि देखी जाती है कि यह लिपि किस काल में प्रचलित थी। दूसरी बात होती है इंक अथवा स्याही की, तीसरी बात है पेपर, और चौथी है कि लिखने का स्टाइल स्क्रिप्टोलॉजी कब की है। उर्दू में कितावत करने की प्रक्रिया कहते हैं। यह कैलीग्राफर यानि सुलेख लिखने वाले लोग के आधार पर निश्चित की जाती हैं।

### एसटी -एससी छात्रों के लिए दोगुना हुआ आरक्षण, मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में फायदा

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी शासित ओडिशा में शनिवार देर रात कैबिनेट की एक बैठक हुई। इस बैठक में ओडिशा की सरकार ने राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में दशकों से चली आ रही आरक्षण व्यवस्था को बदल दिया है। अब राज्य के मेडिकल, इंजीनियरिंग और उच्च तकनीक की शिक्षा देने वाले कॉलेजों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की सीमा को लगभग दोगुना कर दिया गया है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी का कहना है कि यह कदम इन समुदायों की जनसंख्या के अनुपात में उन्हें अधिकार देने और सामाजिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। सबसे खास बात यह है कि पहली बार पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए भी तकनीकी शिक्षा के द्वार आरक्षण के जरिए खोले गए हैं। कैबिनेट के फैसले के अनुसार, अब राज्य के उच्च और तकनीकी शिक्षण संस्थानों में सीटों का बंटवारा नई दरों पर होगा। अनुसूचित जनजाति को मिलने वाले आरक्षण को 12% से बढ़ाकर 22.50% कर दिया गया है। वहीं, अनुसूचित जाति के कोटा को 8% से बढ़ाकर 16.25% कर दिया गया है। पिछड़ा वर्ग के लिए पहली बार 11.25% सीटें आरक्षित की गई हैं, जिन्हें अब तक कोई आरक्षण नहीं मिल रहा था। इन बदलावों के बाद भी सरकार ने कुल आरक्षित सीटों को 50% की सीमा के भीतर ही रखा है, ताकि कानूनी जटिलताओं से बचा जा सके। नए नियमों का सबसे बड़ा लाभ उन छात्रों को मिलेगा जो डॉक्टर या इंजीनियर बनने का सपना देख रहे हैं। ओडिशा में यूजी और पीजी कोर्स को मिलाकर मेडिकल की कुल सीटें 2,421 हैं। एसटी छात्रों के लिए पहले 290 सीटें थीं, अब बढ़कर 545 हो जाएंगी। एससी समुदाय से आने वाले छात्रों के लिए पहले 193 सीटें थीं, अब बढ़कर 393 हो जाएंगी। इंजीनियरिंग की बात करें तो ओडिशा में कुल 44,579 सीटें हैं। एसटी समुदाय के छात्रों के लिए पहले 5,349 सीटें थीं, अब 10,030 सीटें मिलेंगी। एससी छात्रों के लिए पहले 3,566 सीटें थीं, अब 7,244 सीटें मिलेंगी। स्थ्क्ष्ट छात्रों के लिए 5,015 सीटें आरक्षित होंगी। मुख्यमंत्री के अनुसार, यह नीति राज्य के सभी विश्वविद्यालयों, उनसे संबद्ध कॉलेजों, सरकारी संस्थानों और पॉलिटेक्निक पर लागू होगी। इसके दायरे में मेडिसिन, सर्जरी, डेंटल, नर्सिंग और फार्मेसी जैसे विषय होंगे। इनके अलावा, मैनेजमेंट, कंप्यूटर एप्लीकेशन और आर्किटेक्चर भी इस दायरे में आएंगे।

### असम की सबसे युवा प्रत्याशी कुंकी चौधरी से भिड़े सीएम हिमंता बिस्वा सरमा

**गुवाहटी, एजेंसी।** असम विधानसभा चुनाव में सबसे कम उम्र की प्रत्याशी कुंकी चौधरी और मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के बीच तीखी जुबानी जंग छिड़ गई है। सीएम सरमा ने असम जातीय परिषद की उम्मीदवार कुंकी चौधरी की मां पर बीफ खाने और फिर सोशल मीडिया पर इसका दिखावा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि कुंकी चौधरी की मां ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान और बीफ खाने के पोस्ट शेयर किए थे। इसके बाद कुंकी चौधरी ने भी तस्वीरों को गलत बताते हुए पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवाई है। सीएम सरमा ने कहा था कि कुंकी चौधरी औ उनकी मां सनातनी लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाती हैं। उन्होंने कहा, ''प्रसारित की जा रही सामग्री को कृत्रिम



बुद्धिमत्ता/डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल करके रूपांतरित और मनगढ़ंत बनाया गया है... इन वीडियो को संभवत: जनता में गलतफहमी पैदा करने के उद्देश्य से प्रसारित किया जा रहा है।''

उन्होंने पुलिस से मामले को अत्यावश्यक मानते हुए दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। संपर्क करने पर एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि वे शिकायत की जांच कर रहे हैं और आरोपों को लेकर छानबीन शुरू कर दी गई है। शिकायत दर्ज कराने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कुंकी ने आरोप लगाया कि फर्जी वीडियो अपलोड करने वाले कुछ सोशल मीडिया उपयोगकर्ता सत्ताधारी भाजपा से जुड़े हैं और मुख्यमंत्री शर्मा के करीबी हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे समझ नहीं आता कि भाजपा मेरे खिलाफ इतना घटिया रवैया क्यों अपना रही है। मैं राजनीति में अभी नयी हूं और वे मेरे साथ ऐसा कर रहे हैं।'

# पिनराई विजयन अपने बच्चों को बचाना चाहते हैं, इसलिए मोदी से डरते हैं: राहुल गांधी

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम अपने बच्चों को बचाना चाहते हैं, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से डरते हैं। राहुल ने फोर्ट कोच्चि में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के साथ समझौता किया है। उन्होंने साथ ही किसी का नाम लिए बिना विजयन की बेटी से कथित तौर पर जुड़े एक्सालॉजिक मामले का जिक्र किया। इस मामले में कोचीन मिनरल्स एंड रुटाइल लिमिटेड और एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस के बीच अवैध वित्तीय लेनदेन के आरोप शामिल हैं, जो विजयन की बेटी वीणा के स्वामित्व वाली कंपनी थी और यह अब बंद हो चुकी है। राहुल गांधी ने कहा, 'कौन सा पिता अपने बच्चों की रक्षा करने की कोशिश नहीं करेगा? लेकिन समस्या यह है कि आपने ऐसे कृत्यों की इजाजत दी है जिनके लिए अब सुरक्षा की आवश्यकता है। आपने ऐसे काम किए हैं जिनके लिए सुरक्षा की आवश्यकता है।' उन्होंने कहा कि यह समझना अहम है कि वाम मोर्चे का नेता



किसकी सुरक्षा चाहता है। राहुल ने आरोप लगाया, 'वह देश की सबसे दक्षिणपंथी ताकतों से संरक्षण मांग रहे हैं। केरल की राजनीति का यही स्वरूप है।

### राजनीतिक ताकत के साथ सांठगांठ का आरोप

नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया, 'मुख्यमंत्री अपने बच्चों को बचाने के लिए शासन व्यवस्था की बलि दे रहे हैं। उनके पिछले कार्यों ने उन्हें फंसा दिया है, जिसका खामियाजा केरल की जनता भुगत रही है।' राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा अब वामपंथी संगठन नहीं रहा बल्कि देश की सबसे बदतर राजनीतिक ताकत के साथ सांठगांठ कर चुका है, जो लोगों को उनके धर्म के आधार पर निशाना बनाती है – चाहे वे ईसाई हों, मुस्लिम हों, सिख हों या जैन हों। उन्होंने इसे भारत के संविधान पर सीधा हमला बताया। राहुल गांधी ने कहा, 'मुख्यमंत्री उनके साथ कैसे खड़े हो सकते हैं? वामपंथी शिक्षा के बाद भी उन्हें शर्म क्यों नहीं आती? वे इस ताकत के साथ जुड़े हुए हैं।' उन्होंने कहा कि विजयन को केरल की जनता को जवाब देना होगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला जारी रखते हुए आरोप लगाया कि वह अदाणी समूह और एप्स्टीन फाइलों से संबंधित मुद्दों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि सबरीमाला मंदिर से सोने की चोरी की घटना पर मोदी की चुप्पी राज्य में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की मदद करने की कोशिश का संकेत देती है, जिसके नेताओं को इस मामले के संबंध में गिरफ्तार किया गया था। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा सत्ता में आने पर अपनी पांचों गारंटी लागू करेगा।


## विक्रेताओं के पुनर्वास पर हाईकोर्ट सख्त, 9 अप्रैल को बैठक के आदेश; 15 अप्रैल को अगली सुनवाई

**मुंबई, एजेंसी।** छत्रपति संभाजीनगर शहर के फल और सब्जी विक्रेताओं के लंबित मुद्दों तथा उनके पुनर्वास को लेकर मुंबई उच्च न्यायालय की औरंगाबाद खंडपीठ ने महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है। मामले का सामंजस्यपूर्ण समाधान निकालने के लिए मनपा आयुक्त, संबंधित डेवलपर और याचिकाकर्ता यूनियन के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक 9 अप्रैल को सुबह 11 बजे आयुक्त कार्यालय में आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति संदीपकुमार सी। मोरे और न्यायमूर्ति आबासाहेब डी. शिंदे की खंडपीठ ने दिए। औरंगाबाद जिला फल व सब्जी विक्रेता यूनियन द्वारा वर्ष 2012 में दायर जनहित याचिका से संबंधित अवमानना याचिका पर गुरुवार 2 अप्रैल को सुनवाई हुई।

दोनों पक्षी के वकीलों द्वारा रखे गए मौखिक प्रस्ताव के अनुसार विवाद को आपसी सहमति से सुलझाने के लिए यह बैठक आयोजित की जाएगी। 9 अप्रैल की बैठक में हुई चर्चा का सकारात्मक निष्कर्ष न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। मामले की अगली सुनवाई अब 15 अप्रैल 2026 को तय की गई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता फल व सब्जी विक्रेता यूनियन की ओर से अधिवक्ता विनोद प्रकाश पाटील ने पैरवी की।

राज्य शासन की ओर से अधिवक्ता ए। एस। देशमुख ने पक्ष रखा। वहीं प्रतिवादियों की ओर से अधिवक्ता संभाजी एस। टोपे तथा तलेकर एसोसिएट्स के माध्यम से अधिवक्ता अजिंक्य काले ने पैरवी की।



**सब्जी मंडी तोड़ना प्रस्तावित:** औरंगाबाद जिला फल व सब्जी विक्रेता युनियन की ओर से वर्ष 2013 में उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। उस समय अगले दिन सुबह आठ बजे सब्जी मही को तोड़े जाने की कार्रवाई प्रस्तावित थी। इस पर खंडपीठ ने ऐतिहासिक निर्णय देते हुए उसी रात लगभग साढ़े नौ बजे अंतरिम आदेश जारी किया था। इसके बाद समय-समय पर सुनवाई हुई और मनपा ने विक्रेता यूनियन के सदस्यों के साथ बैठक कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया, औरंगपुरा स्थित सब्जी मंडी खाली कर वहां नई इमारत का निर्माण किया गया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# तेल संकट की दस्तक- जंग से महंगा हुआ ईंधन

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से उपजे संकट का असर अब भारत पर भी साफ दिखने लगा है। अभी तक सरकार यह दावा कर रही थी स्थिति नियंत्रण में है, मगर बुधवार को वाणिज्यिक एलपीजी और विमान ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी से स्पष्ट हो गया है कि समस्या अब गहराने लगी है और इसकी सबसे गंभीर मार आम लोगों पर पड़ने वाली है। अगर ईरान तथा अमेरिका-इजराइल का संघर्ष लंबा चला, तो यह तय है कि हालात और ज्यादा बिगड़ेंगे। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में आए उछाल के कारण घरेलू तेल कंपनियों ने उन्नीस किलोग्राम वाले वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम 195.50 रुपए बढ़ा दिए हैं।इसका असर यह होगा कि होटल, रेस्तरां और ढाबों पर भोजन करना तथा डिब्बाबंद खाद्य सामग्री अब महंगी हो जाएगी। इसके अलावा विमान ईंधन के दाम बढ़ाकर 2.07 लाख रुपए प्रति किलोलीटर से अधिक कर दिए गए हैं। हालांकि, राहत की बात यह है कि सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने इस बढ़ोतरी को घरेलू विमानन कंपनियों के लिए 8.5 फीसद तक ही सीमित रखा है। फिर भी आने वाले दिनों में हवाई यात्रा पहले के मुकाबले महंगी हो सकती है।हाल ही में ऐसी खबरें आईं थी कि ईरान ने भारत समेत पांच देशों के तेल जहाजों को होर्मुज जलमार्ग से गुजरने की अनुमति दे दी है, लेकिन बीते सोमवार को कहा गया कि भारत आ रहे तेल और गैस के उन्नीस जहाज अभी भी इस जलमार्ग में फंसे हुए हैं। यानी युद्ध की वजह से खाड़ी क्षेत्र में स्थितियां इतनी जटिल हो गई हैं कि औपचारिक राहत के बावजूद भारत के लिए तेल जहाजों को इस क्षेत्र से बाहर निकालना आसान नहीं है। जाहिर है, ऐसी स्थिति में ईंधन के वैश्विक संकट के असर से भारत भी अछूता नहीं रहेगा।घरेलू बाजार में जिस तेजी से वस्तुओं के दाम बढ़ने शुरू हुए हैं, उससे रोजमर्रा की चीजों की खरीदारी में आम लोगों को यह सोचने पर विवश होना पड़ रहा है कि क्या ज्यादा जरूरी है और क्या नहीं। खासतौर पर रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर जिस तरह की स्थिति पैदा हुई है, उसे नियंत्रित करने के लिए सरकार के समक्ष भी बड़ी चुनौती है। अभी तो वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम में वृद्धि की गई है, लेकिन गैस आपूर्ति जल्द सामान्य नहीं हुई।

# छोटे शहरों में वायु प्रदूषण का बढ़ता खतरा, बढ़ी चिंता

वायु प्रदूषण केवल महानगरों और बड़े शहरों की समस्या नहीं है, छोटे शहर भी इससे प्रभावित हैं। केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से यह दावा किया जाता है कि प्रदूषण को कम करने के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। देश भर में वायु गुणवत्ता का पता लगाने के लिए निगरानी केंद्र बनाए जाने की बात कही जाती है, मगर हकीकत यह है कि देश के करीब चालीस फीसद जिलों में अब तक निगरानी केंद्र स्थापित नहीं हो पाए हैं।ऐसे में जब यह पता ही नहीं चल पाएगा कि हवा में प्रदूषण का स्तर कितना है, तो उसे कम करने के प्रयास भी सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहेंगे। वैश्विक कंपनी 'एअरवाइस' की ओर से बीते मंगलवार को जारी एक अध्ययन रपट में बताया गया है कि कई शहरों और कस्बों में लोगों को अपने आसपास फैल रहे प्रदूषण के बारे में वास्तविक जानकारी ही नहीं मिल पाती है, जिस कारण उनके स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ रहा है।गौरतलब है कि मुंबई, दिल्ली और बंगलुरु जैसे बड़े शहरों में तो वायु प्रदूषण पर कड़ी निगरानी रखी जाती है, लेकिन इस मामले में छोटे शहरों और कस्बों की आज भी अनदेखी की जा रही है। निगरानी केंद्र होने का एक फायदा यह है कि इससे आम लोगों को हवा में प्रदूषक तत्वों के स्तर की स्टीक जानकारी नियमित रूप से मिलती रहती है। ऐसे में सरकार और स्थानीय प्रशासन की ओर से उठाए जाने वाले कदमों के साथ-साथ लोग खुद भी सतर्क रहते हैं और मास्क लगाने तथा जरूरत पड़ने पर ही घरों से बाहर निकलने जैसे उपायों को प्राथमिकता देते हैं।मगर जब लोगों को इसकी सही जानकारी ही नहीं मिलेगी, तो वे इस तरह की सावधानी कैसे बरतेंगे। यह बात भी सामने आई है कि कुछ जिलों में निगरानी केंद्र तो हैं, लेकिन वे सही तरीके से काम नहीं कर रहे हैं।

*यह भी एक सच्चाई है कि कई बार माता-पिता भी बच्चों के प्रति अत्यधिक अनुशासन, नियंत्रण और अपेक्षाओं का दबाव बनाते हैं। वे चाहते हैं कि बच्चे हमेशा उनकी इच्छाओं के अनुसार ही जीवन जिएं, अपने निर्णय स्वयं न लें, विवाह, करियर, जीवनशैली हर चीज में माता-पिता की इच्छा सर्वोपरि रहे। कई बार माता-पिता बच्चों की निजी जिंदगी में अत्यधिक हस्तक्षेप करते हैं, जिससे परिवार में तनाव उत्पन्न होता है।*

# बुजुर्गों के भरण-पोषण के लिये एक सराहनीय पहल

**(ललित गर्ग)**

तेलंगाना का यह कानून एक महत्वपूर्ण पहल है, लेकिन यह अंतिम समाधान नहीं है। कानून बच्चों को माता-पिता का भरण-पोषण करने के लिए मजबूर कर सकता है, लेकिन वह प्रेम, सम्मान और संवेदना पैदा नहीं कर सकता। इसके लिए समाज में नैतिक शिक्षा, पारिवारिक संस्कार और सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता है। भारतीय संस्कृति में माता-पिता को देवतुल्य माना गया है- मातृदेवो भव, पितृदेवो भव केवल शास्त्रों की पंक्ति नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक संरचना की आत्मा रही है। इसलिए यह किसी भी सभ्य समाज के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है कि जन्म देने और पालन-पोषण करने वाले माता-पिता को जीवन की सांझ में उपेक्षा, अपमान और आर्थिक असुरक्षा का सामना करना पड़े, और उन्हें अपने ही बच्चों से गुजारा भत्ता पाने के लिए कानून और प्रशासन का सहारा लेना पड़े। दुर्भाग्य से यह आज के समय की कठोर वास्तविकता बनती जा रही है। बुढ़ापा अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर की क्षमताएं कम होने लगती हैं, बीमारियां बढ़ने लगती हैं और आय के स्रोत लगभग समाप्त हो जाते हैं। सेवानिवृत्ति के समय जो थोड़ी बहुत जमा-पूंजी होती है, वह बच्चों की पढ़ाई, शादी-ब्याह और मकान बनाने में खर्च हो जाती है। सरकारी नौकरी करने वालों को पेंशन मिल भी जाती है, लेकिन निजी क्षेत्र या छोटे व्यवसाय से जुड़े लोगों की स्थिति अधिक कठिन हो जाती है। ऐसे समय में यदि बच्चे ही माता-पिता की देखभाल न करें तो यह केवल पारिवारिक विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक अपराध की श्रेणी में आता है। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए तेलंगाना विधानसभा द्वारा पारित तेलंगाना कर्मचारी जवाबदेही और माता-पिता सहायता निगरानी विधेयक 2026 एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल के रूप में सामने आया है। इस विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यदि बच्चे अपने माता-पिता की देखभाल नहीं करते, तो उनके वेतन से एक निश्चित राशि काटकर माता-पिता को दी जाए। यह कानून सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र के कर्मचारियों, सांसदों, विधायकों और स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों पर भी लागू होगा। इस प्रकार यह कानून केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी को कानूनी रूप देने का प्रयास है। हालांकि भारत में पहले से माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 मौजूद है, लेकिन तेलंगाना का यह नया विधेयक अधिक व्यापक, संवेदनात्मक और प्रभावी माना जा रहा है। इसमें प्रावधान है कि यदि बच्चे माता-पिता की देखभाल नहीं करते, तो शिकायत मिलने पर उनके वेतन से पंद्रह प्रतिशत या दस हजार रुपये (जो भी कम हो) काटकर माता-पिता के खाते में जमा किए जाएंगे। शिकायत का निस्तारण जिला कलेक्टर द्वारा साठ दिनों के भीतर किया जाएगा और इसके लिए वरिष्ठ नागरिक आयोग का गठन भी किया जाएगा। इस कानून का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि इसमें केवल जैविक माता-पिता ही नहीं, बल्कि सौतेले माता-पिता भी शिकायत कर सकते हैं। यह कानून इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज भारतीय परिवार व्यवस्था तेजी से बदल रही है। संयुक्त परिवार टूटकर एकल परिवार में बदल चुके हैं और अब तो एक व्यक्ति परिवार की अवधारणा भी विकसित हो रही है। करियर की दौड़, आर्थिक दबाव, शहरी जीवनशैली, सुविधावाद और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बढ़ती भावना ने परिवार की पारंपरिक संरचना को कमजोर किया है। कई बार माता-पिता को घर से निकालकर वृद्धाश्रम भेज दिया जाता है, और यदि घर में रख भी लिया जाए तो उन्हें उपेक्षा, तिरस्कार और मानसिक पीड़ा सहनी पड़ती है। उनकी दवाइयों, भोजन और देखभाल तक में लापरवाही बरती जाती है। ऐसी परिस्थितियों में यह प्रश्न उठता है कि क्या माता-पिता की सेवा केवल संस्कारों से सुनिश्चित की जा सकती है या इसके लिए कानून की भी आवश्यकता है? आदर्श स्थिति में तो संस्कार ही पर्याप्त होने चाहिए। भारतीय इतिहास और परंपरा में माता-पिता की सेवा के अनेक प्रेरक उदाहरण मिलते हैं। श्रवण कुमार का उदाहरण तो भारतीय संस्कृति में आदर्श पुत्र का प्रतीक बन चुका है, जिसने अपने अंधे माता-पिता को कंधे पर बैठाकर तीर्थ यात्रा करवाई। इसी प्रकार भगवान श्रीराम ने पिता के वचन को निभाने के लिए राजपाट छोड़कर वनवास स्वीकार किया। यह केवल धार्मिक कथाएं नहीं, बल्कि भारतीय समाज की नैतिक संरचना के आदर्श हैं। इतिहास में छत्रपति शिवाजी, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद जैसे अनेक व्यक्तित्वों के जीवन में भी माता-पिता के प्रति गहरी श्रद्धा और सम्मान देखने को मिलता है। इससे स्पष्ट होता है कि माता-पिता के प्रति सम्मान और सेवा भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा रही है। लेकिन आज जब संस्कार कमजोर हो रहे हैं, तब समाज को कानून का सहारा लेना पड़ रहा है। लेकिन इस पूरे विषय को केवल एकतरफा दृष्टि से देखना भी उचित नहीं होगा। यह भी एक सच्चाई है कि कई बार माता-पिता भी बच्चों के प्रति अत्यधिक अनुशासन, नियंत्रण और अपेक्षाओं का दबाव बनाते हैं। वे चाहते हैं कि बच्चे हमेशा उनकी इच्छाओं के अनुसार ही जीवन जिएं, अपने निर्णय स्वयं न लें, विवाह, करियर, जीवनशैली हर चीज में माता-पिता की इच्छा सर्वोपरि रहे। कई बार माता-पिता बच्चों की निजी जिंदगी में अत्यधिक हस्तक्षेप करते हैं, जिससे परिवार में तनाव उत्पन्न होता है। ऐसी परिस्थितियों में बच्चों और माता-पिता के बीच दूरी बढ़ जाती है और पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण हो जाता है। इसलिए समस्या का समाधान केवल कानून नहीं है, बल्कि परिवार के भीतर संतुलन, संवाद और समझ भी उतनी ही आवश्यक है। बच्चों को यह समझना चाहिए कि माता-पिता ने उनके लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया है, इसलिए बुढ़ापे में उनकी सेवा और सम्मान उनका नैतिक कर्तव्य है। वहीं माता-पिता को भी यह समझना चाहिए कि समय बदल गया है, नई पीढ़ी की जीवनशैली और सोच अलग है, इसलिए उन्हें बच्चों को समझने और उन्हें स्वतंत्रता देने की आवश्यकता है। वास्तव में परिवार एक संस्था है, जो प्रेम, त्याग, सम्मान और संवाद पर चलती है, न कि केवल अधिकार और अनुशासन पर। जहां केवल अधिकार होंगे, वहां टकराव होगा; जहां केवल त्याग होगा, वहां असंतुलन होगा; लेकिन जहां प्रेम और संतुलन होगा, वहां परिवार मजबूत होगा। तेलंगाना का यह कानून एक महत्वपूर्ण पहल है, लेकिन यह अंतिम समाधान नहीं है। कानून बच्चों को माता-पिता का भरण-पोषण करने के लिए मजबूर कर सकता है, लेकिन वह प्रेम, सम्मान और संवेदना पैदा नहीं कर सकता। इसके लिए समाज में नैतिक शिक्षा, पारिवारिक संस्कार और सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता है। स्कूलों में, सामाजिक संस्थाओं में और धार्मिक संगठनों में परिवार और बुजुर्गों के सम्मान की शिक्षा दी जानी चाहिए। आज नया भारत और विकसित भारत की बात की जा रही है, लेकिन केवल आर्थिक विकास ही पर्याप्त नहीं है।

# संकल्प के साथ राष्ट्रीय समस्या नक्सलवाद का अंत

**(प्रमोद भार्गव)**

इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र को कमजोर करने की दृष्टि से सरकार ने बहुआयामी कदम उठाएं। सबसे पहले उन नगरीय बौद्धिकों पर शिकंजा कसा, जो इन्हें राष्ट्रविरोधी वामपंथी वैचारिक खुराक देते थे। केंद्र सरकार ने सुरक्षाबलों को आधुनिक हथियार एवं यांत्रिक सुविधाएं देकर इन्हें सशक्त बनाया। भारत में संकट बन चुकी राष्ट्रीय समस्याओं का समय-सीमा में अंत होना दुर्लभ है, लेकिन केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने यह कार्य करके दिखा दिया। गृहमंत्री अमित शाह लगातार कहते रहे हैं कि माओवादी नक्सलवाद का अंत 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाएगा। उन्होंने यह करके दिखा भी दिया। वरना नक्सलवाद को संरक्षण दे रहे नगरीय तथाकथित बौद्धिक इस सशस्त्र खूनी क्रांति को राष्ट्र विरोधी संघर्ष मानते ही नहीं थे। बस्तर में 25 लाख के इनामी नक्सली सरगना पापा राव ने अपने 17 साथियों के साथ जिस तरह से हथियारों सहित समर्पण किया, उससे देश के सबसे बड़े गढ़ में माओवादी हिंसा का निर्णायक अंत हो गया। क्योंकि इस क्षेत्र का यही अंतिम सरगना शेष बचा था। नक्सलवाद का अंत ठीक उसी तरह हुआ है, जिस तरह प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव के कार्यकाल में पंजाब के उग्रवाद का अंत हुआ था। इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दृढ़ इच्छा शक्ति को जाता है। अब पूरा देश मान रहा हैं कि भारत में राजनीतिक नेतृत्व दृढ़ हो तो किसी भी समस्या का निपटारा किया जा सकता है। क्योंकि देश की जिस तरह की सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियां हैं और सषक्त प्रशासनिक ढांचा है, उसके चलते किसी भी प्रकार की सशस्त्र क्रांति का उग्रवाद और नक्सलवाद की तरह अंत होना निश्चित है। कश्मीर का पाक प्रायोजित आतंकवाद का भी यही हश्र होना है। छत्तीसगढ और आंध्रप्रदेश की सीमा पर हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शीर्ष माओवादी क्रूर हिंसा के प्रतीक बन चुके हिड़मा को मार गिराने के पहले छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों के नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता तब मिली थी, जब डेढ़ करोड़ के इनामी बसव राजू समेत 27 माओवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। यह कुख्यात दरिंदा होने के साथ गुरिल्ला लड़ाका था। माओवादी पार्टी का इसे पर्याय माना जाता था। इसका नक्सली सफर 1985 से शुरू हुआ था। इसने वारंगल के क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई की थी। नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। वामपंथी माओवादी उग्रवाद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता रहा है। लेकिन चाहे जहां रक्तपात की नदियां बहाने वाले इस उग्रवाद पर लगभग नियंत्रण किया जा चुका है। इसलिए अमित शाह ने लोकसभा में 'नक्सल मुक्त भारत' मुद्दे पर चली चर्चा का उत्तर देते हुए कहा कि 'एक समय 12 राज्य लाल आतंक का गलियारा बन गए थे। कानून व्यवस्था नहीं थी। देश में अब नक्सलवाद खत्म हो गया है।' शाह ने बताया कि इस दौरान 706 नक्सली मारे गए, 4800 ने समर्पण किया हैं और 2000 गिरफ्तार हुए हैं। लेकिन उसने आदिवासियों को न घर दिए, न पानी न स्कूल बनाए और न ही बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाई। शाह का यह बयान तर्कसंगत है, क्योंकि शहरी वामपंथियों से भयभीत कांग्रेस नेतृत्व नक्सलवाद को कश्मीर के आतंकवाद और पूर्वोत्तर के उग्रवाद की तरह बड़ी चुनौती तो मानती थी, लेकिन उससे निपटने की कभी कोई कठोर रणनीति नहीं बनाई।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6053

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 1 | 6 | | | |
| | 9 | 1 | | | | | 6 | |
| 2 | 6 | 4 | | | | | | |
| | | | 4 | 6 | | | 7 | 2 |
| | 7 | | | 3 | | | 5 | |
| 4 | 3 | | | 5 | 2 | | | |
| | | | | | | 1 | 8 | 5 |
| | 8 | | | | | 7 | 4 | |
| | | | 1 | 7 | | 2 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 6052

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 6053

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 13 अगस्त 1999 को इस लेखिका की पुस्तकी आमार मएेबेला पर बांग्लोदश सरकार ने प्रतिबंध लगाया (8)
7. रचित जाना, निर्मित होना (3)
8. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
9. अलक, जुल्फ, उर्दू का अक्षर (2)
10. स्वच्छ, निर्मल (2)
11. महिला ईसाई पादरी को यह कहा जाता है (2)
13. 14 वीं-15 वीं शताब्दी के प्रसिद्ध संत जिन्होंने धार्मिक एकता का उपदेश दिया था (3)
15. द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक ज्योतिर्लिंग मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
16. दानशील, फैयाजी, दयालु (3)
17. तन, जिस्म, काया, शरीर (3)
19. व्रत या उपपास (उर्दू)(2)
20. किसी कार्य का अपनी ओर से आरंभ (3)
22. उपवन, वाटिका, बगीचा (2)
24. शरीर पर काले रंग का गहरा दाग (2)
25. श्रृंगार, सज्जा, रौनक (उर्दू) (3)

**ऊपर से नीचे**

1. भारतीय संगीत में प्रयोग होने वाला एक ताल वाद्य (3)
2. देवमंदिर को यह भी कहा गया है (5)
3. किशोर कुमार की अभिनेत्री पत्नी (सिर्फ नाम)(2)
4. अरब का एक प्रसिद्ध नगर जहां हजरत अली की मजार है (3)
5. तह, शिकन, बल (2)
6. क्षेत्रीय (अंग्रेजी) (4)
10. सारांश, सत, कस, निचोड़ (2)
12. राजकुमार, युवराज (5)
14. मुगल सम्राट अकबर के दरबारी रत्न जिनका असली नाम महेशदास भट्ट था (4)
15. तौल की एक सूक्ष्म ईकाई जो आठ रत्ती के बराबर होती है (2)
16. पार्वती या उमा के पति होने के कारण भगवान शिव का एक नाम (4)
17. सजधज (4)
21. निदान, निष्पत्ति, निराकरण (2)
23. दुर्दशा, दुर्गति (2)

## वर्ग पहेली 6052 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | क्र | म | सा | रा | भा | ई | |
| शा | म | त | | के | ला | | क |
| ल | | ल | | श | | ला | मा |
| का | ति | ब | | श | ह | ना | ई |
| य | ह | | ब | र्मा | | | |
| | रा | ज | न | | ब | | रा |
| वा | | | फू | ल | न | दे | वी |
| ह | ल | च | ल | | ना | ना | |

# आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन कार्यक्षेत्र में अचानक से कुछ काम के विस्तार को देने वाला है। इस समय पर घर पर नई बातें सुनने को मिल सकती हैं, जिससे शुरुआत में दबाव महसूस होगा, लेकिन आप उसे अच्छे से संभाल लेंगे। आर्थिक मामलों में कोई बड़ा निर्णय लेने से पहले सोच-विचार जरूर करें।आज का दिन अनावश्यक धन खर्चा हो सकता है।

### वृष
आज परिवार के साथ समय बिताने का समय मिलेगा। इस दौरान बाहरी कामों के लिए आप को सभी के साथ बेहतर ताल मेल बनाए रखने की जरूरत होगी। गुस्से और जल्दबाजी से बचना आज आपके लिए सबसे जरूरी रहेगा। आज आपको धैर्य के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। आज का दिन स्वास्थ्य को लेकर ध्यान रखने की आवश्यकता है।

### मिथुन
आज आपको जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में संतुलन बनाए रखना होगा। रिश्तों में सुधार के संकेत हैं और किसी पुराने विवाद का समाधान हो सकता है। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य रहेगी। आर्थिक मामलों में सावधानी रखें। आज का दिन आत्मविश्लेषण के लिए भी अच्छा है।

### तुला
आज आपका आत्मविश्वास आपको नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। करियर में आगे बढ़ने के अच्छे मौके मिलेंगे और आपकी मेहनत की सराहना होगी। आर्थिक मामलों में भी सुधार देखने को मिलेगा। परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। आज आपको अपने निर्णयों पर भरोसा रखने की जरूरत है।

### वृश्चिक
आज के दिन मन की बात किसी करीबी से साझा करना चाहेंगे। इस समय मेहनत तो रहेगी साथ ही आप अपने कामों के लिए भी काफी जोश में होंगे। बाजार की हलचल कारोबार पर असर डाल सकती है। आपको अपने काम पर पूरा ध्यान देना होगा जिससे हर चीज बेहतर तरीके से हो पाए।शत्रुओं से बच कर रहें। व्यापार एवं कार्यक्षेत्र में आपकी निंदा हो सकती है।

### धनु
आज का दिन थोड़ा मिलाजुला सा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में कुछ अड़चनें आ सकती हैं, इसलिए हर बात को स्पष्ट रखें। इस समय चीजों को जल्दी से नहीं बल्कि अपनी समझदारी से उन्हें दूर करने की जरूरत होगी। घर पर अचानक से कोई यात्रा बनने का योग बन रहा है। आज धैर्य और संयम ही आपकी सबसे बड़ी ताकत होगी।पारिवारिक जीवन में भी मुस्कुराहट एवं हर्षोल्लास बना रहेगा।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए नई सीख और अवसर लेकर आ सकता है। कामकाज में आपकी मेहनत रंग लाएगी और वरिष्ठों से प्रशंसा मिल सकती है। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च से बचना बेहतर रहेगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा और किसी खास व्यक्ति से मुलाकात भी संभव है। आज आपको अपने लक्ष्य पर फोकस बनाए।

### सिंह
आज घर में ही उलझनों से दो चार हो सकते हैं। काम के मामले में थोड़ा भावनात्मक उतार-चढ़ाव लेकर आ सकता है। शांत दिमाग से काम लेने पर स्थिति बेहतर होगी। परिवार के साथ समय बिताने से मन हल्का होगा। आर्थिक मामलों में आज कहीं पैसों को लगाने का दिन बन रहा है। नौकरी अगर लंबे समय से ढूंढ रहे हैं तो मिलने की संभावना है। आज इंटरव्यू पर काम बन सकता है।

### कन्या
आज का दिन सामान्य तो होगा पर इस दौरान हर काम को लेकर बहुत अधिक मेहनत करने कि जरूरत है। कारोबार को लेकर स्थिरता अभी शायद कम ही देखने को मिल पाए। कोई बड़ी परेशानी नहीं आएगी बस अपनी आवश्यक चीजों का रखना होगा ख्याल। आज का दिन प्रेम संबंधों में समय अच्छा बीतेगा। अपने पार्टनर के साथ समय बिताएंगे।

### मकर
आज का दिन आपके लिए करियर में प्रगति के संकेत देने वाला हो सकता है। कोई नई योजना शुरू करने पर विचार कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति को लेकर घर के किसी वरिष्ठ सदस्य कि सलाह काम आ सकती है। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। आज आपकी सोच और दृष्टिकोण आपको आगे बढ़ाने में मदद करेंगे।आज का दिन व्यापार और कार्यक्षेत्र में लाभ प्राप्त होगा।

### कुंभ
आज आपको अपने काम पर पूरा ध्यान केंद्रित करना होगा। मेहनत का फल मिलने में थोड़ा समय लग सकता है बस इस दौरान मेहनत करें पर निराश न हों। आर्थिक मामलों में सुधार के संकेत हैं। परिवार के साथ समय बिताने से मन को सुकून मिलेगा। आज का दिन आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। धन प्राप्त होने की संभावना है। यदि किसी को उधार दिया था तो वह धन आने की संभावना बन रही है।

### मीन
आज का दिन आपके लिए काम के अलावा अपनों के साथ समय बिताने की बात कह रहा है जिसमें आप परिवार और दोस्तों की ओर से कुछ सहयोग देख सकते हैं। मानसिक शांति बनी रहेगी और आप अपने कार्यों को बेहतर तरीके से पूरा करेंगे। आर्थिक मामलों में सुधार के संकेत हैं इसके अलावा कोई खरीदारी भी अचानक से हो सकती है।करियर में मेहनत करने की आवश्यकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# आईपीएल 2026: रोहित शर्मा के नाम जुड़ी बड़ी उपलब्धि, धोनी का तोड़ा रिकॉर्ड




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2026 के 8वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस की भिड़ंत शनिवार को अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से हो रही है। मुंबई के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने 26 गेंदों में 35 रन बनाए। रोहित ने अपनी इस पारी के दौरान एमएस धोनी का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। रोहित शर्मा आईपीएल में एक टीम के खिलाफ सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में अब तीसरे नंबर पर आ गए हैं। इसके साथ ही वह आईपीएल में एक टीम के खिलाफ सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बन गए हैं। दिल्ली के खिलाफ 35 रनों की अपनी पारी में रोहित ने एक छक्का लगाया। रोहित दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 51 छक्के लगा चुके हैं। उन्होंने इस मामले में एमएस धोनी को पीछे छोड़ दिया है। धोनी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 50 छक्के लगाए हैं।

वहीं, इस लिस्ट में पहले नंबर पर क्रिस गेल का नाम है। गेल ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 61 छक्के लगाए हैं। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही। रयान रिकेल्टन बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 11 गेंदों का सामना करने के बाद महज 9 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे तिलक वर्मा को मुकेश कुमार ने बिना खाता खोले पवेलियन भेजा। हालांकि, इसके बाद हार्दिक पांड्या की गैरमौजूदगी में कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल रहे सूर्यकुमार यादव ने तीसरे विकेट के लिए रोहित शर्मा के साथ मिलकर 53 रन जोड़े। रोहित 26 गेंदों में 5 चौके और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, सूर्यकुमार ने 36 गेंदों में 141 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 51 रन बनाए।

मुंबई इंडियंस ने इस मुकाबले के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन में तीन बदलाव किए हैं। पूरी तरह से फिट ना होने की वजह से हार्दिक पांड्या यह मुकाबला नहीं खेल रहे हैं और उनकी जगह पर दीपक चाहर को शामिल किया गया है। वहीं, ट्रेंट बोल्ट के स्थान पर कॉर्बिन बॉश और अल्लाह गजनफर की जगह पर मिचेल सैंटनर को टीम में शामिल किया गया है।

## गिल का न होना गुजरात टाइटंस के लिए बड़ा झटका था: अश्विन



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पूर्व ऑफ-स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में साई सुदर्शन की पारी पर बात की और कहा कि जिस तरह से सुदर्शन ने अपनी पारी की शुरुआत की उससे पता चलता है कि वह अपनी ताकत को अच्छी तरह समझते हैं। सुदर्शन ने सिर्फ 44 गेंदों में 73 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन यह काफी नहीं था, क्योंकि टाइटन्स ने अहम मौकों पर विकेट गंवा दिए जिससे शनिवार शाम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इस सीजन के अपने पहले घरेलू मैच में उन्हें दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा।

अश्विन ने जियोस्टार पर कहा, साई सुदर्शन जानते थे कि शुभमन आज नहीं खेल रहे हैं, इसलिए उन्हें खुद ही मोर्चा संभालना था। जिस तरह से उन्होंने शुरुआत की, उससे पता चलता है कि वह अपनी ताकत को समझते हैं। उन्होंने गेंद की गति का अच्छा इस्तेमाल किया, गेंद को थर्ड मैन की तरफ मोड़ा, और फिर फ्रंट फुट पर कुछ अच्छे कवर ड्राइव खेले। जडेजा के आते ही उन्होंने तुरंत उन पर प्रहार किया, गेंद की गति का फायदा उठाया, और उसके बाद एक स्लॉग स्वीप भी खेला।

## पायल नाग ने महिला कम्पाउंड फाइनल में जीता स्वर्ण पदक



**बैंकॉक, एजेंसी।** भारत की युवा पैरा तीरंदाज पायल नाग ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए शीतल देवी को हराया। पायल ने पैरा तीरंदाजी सीरीज के महिला कम्पाउंड वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय पैरा तीरंदाजी में एक नया सितारा उभर कर सामने आया है। बैंकॉक में महिला कम्पाउंड वर्ग के फाइनल में पायल नाग ने विश्व चैंपियन शीतल देवी को हराकर पैरा तीरंदाजी सीरीज में स्वर्ण पदक जीत लिया है। फाइनल में दो भारतीय आमने-सामने थे और 18 वर्षीय पायल ने ये मुकाबला 139-136 के अंतर से जीता। पायल का यह सीनियर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहला स्वर्ण पदक है। 19 वर्षीय शीतल के हालिया शानदार प्रदर्शन को देखते हुए यह परिणाम और भी उल्लेखनीय है।

## टेस्ट के लिए बीसीसीआई का स्पेशल प्लान, श्रीलंका का दौरा, लक्ष्मण को जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड टेस्ट क्रिकेट की बढ़ोतरी के लिए प्रयासरत है। खबर है कि रेड बॉल फॉर्मेट को प्रमोट करने के लिए बीसीसीआई ने खास प्लान तैयार किया है। अंडर-19 और अंडर-25 स्तर के क्रिकेट पर भी बड़े फैसले लिए जाने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट्स अनुसार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के डायरेक्टर वीवीएस लक्ष्मण और उनकी टीम भी रेड बॉल क्रिकेट पर अधिक ध्यान लगाएगी। रिपोर्ट्स अनुसार भारत की अंडर-19 और अंडर-25 टीम टेस्ट मैच सीरीज के लिए श्रीलंका का दौरा करने वाली है। भारत की अंडर-19 टीम ने हाल ही में आयुष म्हात्रे की कप्तानी में अंडर-19 वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। इस टेस्ट सीरीज में वैभव सूर्यवंशी भी खेलते हुए दिख सकते हैं।



बीसीसीआई का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इसी साल जून और जुलाई के महीने मेंटूर्नामेंट आयोजित करने जा रहा है। मतलब आईपीएल 2026 के समापन के ठीक बाद खूब सारी लाल गेंद की क्रिकेट खेली जाएगी। इस टूर्नामेंट में 4-दिवसीय मैच खेले जाएंगे। इसका उद्देश्य टेस्ट फॉर्मेट के लिए ऐसे सुपरस्टार खिलाड़ी तैयार करना है, जो भविष्य में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व कर सकें। बताया जा रहा है कि इस टूर्नामेंट में 64 युवा क्रिकेटर खेलते हुए दिख सकते हैं। इन सभी 64 खिलाड़ियों की उम्र 25 साल से कम होगी। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के हेड ऑफ क्रिकेट वीवीएस लक्ष्मण उस प्रतिभा को खोजने में अहम भूमिका निभाएंगे, जो इस इंट्रा-ष्ट्हश्च टूर्नामेंट में खेलेंगे। रिपोर्ट अनुसार राष्ट्रीय चयनकर्ताओं, कोचों को भी टेस्ट फॉर्मेट के नए सुपरस्टार खिलाड़ी तैयार करने का संदेश भेजा जा चुका है।

## अधिकारी पर लगा यौन उत्पीड़न, दुर्व्यवहार और करियर बर्बाद करने की धमकी देने का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय हॉकी इस वक्त एक गलत वजह से चर्चा में है। दरअसल हॉकी इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी पर यौन उत्पीड़न, अपने पद का दरुपयोग और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगा है। इस तरह के आरोप के बाद खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर फिर से गंभीर चिताएं उठ खड़ी हुई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक



एक गुमनाम ईमेल शीर्ष अधिकारियों के पास भेजा गया है जिसमें इन आरोपों का जिक्र किया गया है। जिन अधिकारियों के पास ये मेल भेजा गया है उसमें हरि रंजन राव (निदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण), कल्पना शर्मा (निदेशक, साई, आंतरिक शिकायत समिति) और दिलीप तिर्की (अध्यक्ष, हॉकी इंडिया) शामिल हैं। अधिकारियों के पास भेजे गए ईमेल में हॉकी इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी पर महिला अधिकारियों, कोचों और खिलाड़ियों के साथ अनुचित व्यवहार करने का आरोप लगाया गया था साथ ही ये भी बताया गया है कि उस अधिकारी ने खिलाड़ियों से अनुचित तस्वीरें भी मांगी थी। यही नहीं उस अधिकारी पर अपनी सत्ता का दुरुपयोग करके निजी मेल-जोल के लिए मजबूर करने, बार-बार अवांछित कॉल करने और यहां तक कि करियर बर्बाद करने की धमकी देने के भी आरोप लगे हैं। इस मेल में उस अधिकारी पर जबरन वसूली का भी आरोल लगाया गया है जिसमें उन्होंने कोचिंग और अन्य पेशेवर अवसरों के बदले पैसों की मांग की थी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने इस मामले पर कहा कि हमें एक गुमनाम शिकायत मिली है और हॉकी इंडिया में हम उत्पीड़न के आरोपों को बहुत गंभीरता से लेते हैं। इस मामले की पूरी तरह से जांच करने के लिए एक स्वतंत्र जांच समिति गठित की जाएगी।

# 43 साल की उम्र में कमाल!

## फर्स्ट क्लास क्रिकेट में एंडरसन की घातक गेंदबाजी



### 56वीं बार पारी में पांच विकेट झटके

**लंदन (एजेंसी)।** क्रिकेट में अक्सर उम्र के साथ खिलाड़ियों की धार कम होती दिखती है, लेकिन कुछ खिलाड़ी ऐसे होते हैं जो इस धारणा को पूरी तरह गलत साबित कर देते हैं। इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज सर जेम्स एंडरसन उन्हीं में से एक हैं, जिन्होंने 43 साल की उम्र में भी अपनी स्विंग और सटीकता से बल्लेबाजों को परेशान करना जारी रखा है।

काउंटी क्रिकेट में एंडरसन ने एक बार फिर शानदार गेंदबाजी करते हुए पारी में पांच विकेट झटके। यह उनके फर्स्ट क्लास करियर का 56वां पांच विकेट हॉल है। लंकाशायर की ओर से खेलते हुए उन्होंने नॉर्थैम्पटनशायर के खिलाफ यह कारनामा किया। एंडरसन ने 13 ओवर में 64 रन देकर पांच विकेट हासिल किए और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

- **बल्लेबाजों पर टूटा कहर** – एंडरसन की गेंदबाजी के आगे विपक्षी बल्लेबाज टिक नहीं पाए। उन्होंने टॉप और मिडिल ऑर्डर को झकझोरते हुए अहम विकेट निकाले। उनकी स्विंग और लाइन-लेंथ इतनी सटीक थी कि बल्लेबाजों के पास जवाब नहीं था। खास बात यह रही कि इस उम्र में भी उनकी फिटनेस और रिदम बिल्कुल युवा गेंदबाजों जैसी नजर आई।
- **अनुभव बना सबसे बड़ा हथियार** – 43 साल की उम्र में इस तरह का प्रदर्शन दिखाता है कि एंडरसन का अनुभव ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। लंबे समय तक इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने का फायदा उन्हें हर गेंद में नजर आता है। उनका यह प्रदर्शन युवा गेंदबाजों के लिए भी सीख है कि सिर्फ रफ्तार ही नहीं, बल्कि कंट्रोल और निरंतरता भी उतनी ही जरूरी है।

## बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड में उथल-पुथल, तीन निदेशकों ने दिया इस्तीफा

**ढाका (एजेंसी)।** ढाका में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की बैठक हुई। बैठक के बाद बीसीबी को बड़ा झटका लगा। कुछ ही घंटों के भीतर तीन निदेशकों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। फैयाजुर रहमान, शानियान तनीम और मेहराब आलम चौधरी ने अपने पद से इस्तीफा दिया है। बीसीबी में चुनाव के छह महीने से भी कम समय में इस्तीफा देने वाले निदेशकों की संख्या बढ़कर छह हो गई है, जो चिंताजनक है।




इससे पहले जनवरी में इश्तियाक सादिक ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए पद छोड़ा था। वहीं, पिछले महीने अमजद हुसैन को मीडिया अध्यक्ष पद से हटाए जाने के कुछ दिन बाद उन्होंने भी इस्तीफा दे दिया। गुरुवार को सरकार द्वारा नामित निदेशक यासिर मोहम्मद फैसल ने भी पद छोड़ा था। इसके बाद शनिवार को हुए तीन इस्तीफों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है।

शनिवार की मीटिंग की अध्यक्षता बीसीबी अध्यक्ष अमिनुल इस्लाम ने की। मीटिंग में ऐसा क्या हुआ जिसकी वजह से तीनों निदेशक इस्तीफा देने पर मजबूर हुए, इसका खुलासा नहीं हुआ है। मीटिंग के बाद नए मीडिया विभाग के नए अध्यक्ष मोहम्मद मोक्सेदुल कमाल ने बताया कि उन्हें भी फैयाजुर के इस्तीफे की जानकारी मीडिया के जरिए ही मिली।

उन्होंने कहा कि बोर्ड में इस मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हुई और इस्तीफा देने वालों ने अपने फैसले को व्यक्तिगत कारणों से जोड़ा है। फैयाजुर ने हाल ही में ढाका लीग के संचालन में बीसीबी की कथित निष्क्रियता की आलोचना की थी। यह आंतरिक असंतोष की ओर इशारा करता है।

# 154 की रफ्तार वाला नया तूफान

## गुजरात के गेंदबाज अशोक शर्मा ने आईपीएल 2026 में डाली सबसे तेज गेंद, मचा दी सनसनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में एक नया तेज गेंदबाज चर्चा का केंद्र बन गया है। उस गेंदबाज का नाम है अशोक शर्मा। गुजरात टाइटंस के इस युवा पेसर ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में 150 किमी/घंटा की रफ्तार को दो बार पार किया। उन्होंने 16वें ओवर में पहले डोनोवन फरेरा के खिलाफ 150.7 किमी/घंटा की गेंद डाली, फिर आखिरी गेंद पर ध्रुव जुरेल को 154.2 किमी/घंटा की रफ्तार से चौंका दिया। यह आईपीएल 2026 की अब तक की सबसे तेज गेंद है।





**टॉप स्पीड में भी टक्कर** – अशोक शर्मा की यह गेंद उन्हें इस सीजन का सबसे तेज गेंदबाज बना देती है। दूसरे नंबर पर एनरिक नॉर्त्जे (150.9 किमी/घंटा) हैं। सिर्फ अपने दूसरे आईपीएल मैच में अशोक ने लगातार 145+ की स्पीड से गेंदबाजी कर संकेत दे दिया है कि वे भविष्य के बड़े स्टार बन सकते हैं।

**रफ्तार के साथ जोखिम भी** – अशोक शर्मा की रफ्तार ने सभी को प्रभावित किया है, लेकिन लगातार तेज गेंदबाजी के साथ चोट का खतरा भी बढ़ता है।

# सीएसके ने कर दी बड़ी गलती, समीर रिजवी लगातार 2 मैच जिताकर बने दिल्ली कैपिटल्स के हीरो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में समीर रिजवी शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के लिए इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में खेलते हुए रिजवी ने लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच जीतकर टीम को जीत दिलाई है। उनकी शानदार बल्लेबाजी ने उन्हें सीजन का बड़ा मैच विनर बना दिया है।

समीर रिजवी को आईपीएल 2024 की नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स ने 8.4 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन एक साल बाद उन्हें रिलीज कर दिया गया। इसके बाद देहली केपीटल्स ने उन्हें सिर्फ 95 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल कर लिया। अब वही खिलाड़ी दिल्ली के लिए मैच विनर साबित हो रहा है, जिसके बाद सोशल मीडिया पर फैंस सीएसके को जमकर ट्रोल कर रहे हैं।




### मुंबई के खिलाफ खेली तूफानी पारी, ऑरेंज कैप पर कब्जा

मुंबई इंडियंस के खिलाफ 163 रनों का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम मुश्किल में थी, लेकिन रिजवी ने 51 गेंदों पर 90 रनों की शानदार पारी खेलकर मैच पलट दिया। अपनी पारी में उन्होंने 7 चौके और 7 छक्के लगाए। इससे पहले उन्होंने लखनऊ के खिलाफ नाबाद 70 रन बनाए थे। लगातार दो मैचों में शानदार प्रदर्शन के दम पर अब रिजवी ऑरेंज कैप होल्डर बन गए हैं।

# व्यक्तिगत टिप्पणी के चलते कमेंट्री बॉक्स से दूर हुए युवराज सिंह

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने कमेंट्री नहीं करने की वजह का खुलासा किया है। हाल ही में स्पोर्ट्स तक से बातचीत में युवराज ने बताया कि वह कमेंट्री बॉक्स में इसलिए नहीं बैठना चाहते क्योंकि कुछ लोगों ने उनके खेल की बजाय उन पर व्यक्तिगत टिप्पणियां की थीं। इसी वजह से उन्होंने कमेंट्री से दूरी बनाए रखने का फैसला किया।

### 'जिन लोगों ने पर्सनल कमेंट किए, उनके साथ नहीं बैठ सकता'

युवराज सिंह ने खुलकर कहा, अब जब मैं रिटायर हो चुका हूं तो मैं यह कहना चाहता हूं कि कुछ लोगों ने मेरे क्रिकेट पर नहीं, बल्कि मुझ पर पर्सनल कमेंट किए। क्रिकेट पर बात करना समझ में आता है, क्योंकि वह खेल का हिस्सा है। लेकिन जब बात पर्सनल हो जाती है तो वो बातें हमेशा याद रहती हैं। मैं उन लोगों के साथ बैठकर कमेंट्री नहीं करना चाहता जिन्होंने मेरे ऊपर पर्सनल कमेंट किए। यही वजह है कि मैं कमेंट्री नहीं करता। कमेंट्री क्रिकेट के बारे में बात करने के लिए शानदार प्लेटफॉर्म है, लेकिन यह एक कारण है जिसकी वजह से मैं इससे दूर हूं।



### कमेंट्री की जगह कोचिंग और बिजनेस पर फोकस

युवराज सिंह के कई पूर्व साथी खिलाड़ी आज कमेंट्री कर रहे हैं, लेकिन युवराज ने इस रास्ते की बजाय कोचिंग और अपने बिजनेस पर ध्यान देना चुना है। वह युवा खिलाड़ियों के साथ काम कर रहे हैं और उन्हें आगे बढ़ाने में मदद कर रहे हैं।

- **युवा खिलाड़ियों के मेंटर बने युवराज** –युवराज सिंह पंजाब के युवा खिलाड़ियों जैसे अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह के करियर में मेंटर की भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने संजू सैमसन की भी मुश्किल दौर में काफी मदद की थी, जब वह लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे थे। युवराज ने बताया, संजू सैमसन 8-10 पारियों में रन नहीं बना पा रहा था और लगातार फेल हो रहा था। ऐसे समय पर आपको खुद से कहना पड़ता है कि कुछ बदलना होगा। वह उस स्टेज पर पहुंच गया था जहां उसे लग रहा था कि टीम की प्लेइंग इलेवन में उसकी जगह नहीं बन रही है। मैंने 2-3 आईपीएल सीजन से उसकी बल्लेबाजी देखी थी, इसलिए मैंने उससे बात की।
- **सैमसन को दी थी फुटवर्क सुधारने की सलाह** – युवराज ने बताया कि उन्होंने संजू सैमसन को तकनीकी रूप से फुटवर्क सुधारने की सलाह दी थी। मैंने संजू से कहा कि तुम्हें अपना फुटवर्क सुधारना होगा। अगर फुटवर्क अच्छा नहीं होगा तो तुम्हें लगातार परेशानी होगी। रन बनाना अलग बात है, लेकिन फुटवर्क सुधारना बहुत जरूरी है। मैंने उसे फुटवर्क सुधारने के कुछ तरीके भी बताए।

## न्यूज बाइट्स

### सुरक्षित औरंगाबाद की दिशा में चला सघन वाहन जांच अभियान

औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)। औरंगाबाद जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अपराध पर नियंत्रण और मद्यनिषेध कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों में विशेष जांच प्वाइंट बनाकर वाहनों की गहन तलाशी ली गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध शराब के परिवहन पर रोक लगाना, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना और अपराधियों की आवाजाही को नियंत्रित करना है। जांच के दौरान दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों को रोककर उनके कागजातों की जांच की गई, साथ ही ड्राइवरों और यात्रियों से पूछताछ भी की गई। अभियान के दौरान कई वाहनों से संदिग्ध सामग्री बरामद होने की सूचना भी सामने आई है, जिस पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर भी सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा ताकि जिले में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सके। आम जनता से भी अपील की गई है कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित थाना को दें।

### ऑपरेशन मुस्कान : खोए मोबाइल लौटाकर पुलिस ने लौटाई लोगों की मुस्कान

औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)। जिले में चलाए जा रहे "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत पुलिस लगातार लोगों के चेहरे पर खुशी लौटा रही है। इसी कड़ी में बन्देया थाना पुलिस ने सराहनीय कार्रवाई करते हुए गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सौंप दिया। थाना स्तर पर की गई इस पहल के तहत पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और सतत प्रयास के जरिए खोए हुए मोबाइल फोनों का पता लगाया। बरामदगी के बाद सभी मोबाइल उनके असली मालिकों को विधिवत सत्यापन के उपरांत सुपुर्द किए गए। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि "ऑपरेशन मुस्कान" का उद्देश्य गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन को खोजकर आम लोगों को राहत पहुंचाना है। इस अभियान के तहत लगातार कार्रवाई जारी है और आगे भी इसे और प्रभावी बनाया जाएगा। बन्देया थाना की इस कार्रवाई से न केवल लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है, बल्कि यह भी संदेश गया है कि पुलिस आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)। औरंगाबाद जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में एनटीपीसी खैरा थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झिकटिया में पुलिस द्वारा की गई छापेमारी के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने बरामद मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है तथा मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही, इस चोरी की घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

देव थाना क्षेत्र के केश्वर बिगहा गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसा

# तेज रफ्तार वाहन ने महिला को रौंदा, मौत, घर में पसरा मातम

- गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, इलाज के दौरान मौत
- हादसे से एक दिन पहले दामाद के लिए बाइक खरीदी गई थी
- घर में खुशी का माहौल, अचानक मातम में बदला
- पति हरियाणा (बहादुरगढ़) में काम करते हैं, सूचना दे दी गई


फाइल फोटो

निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)

जिले के देव थाना क्षेत्र के केश्वर बिगहा गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान रामकेश्वर राम की पत्नी सुगापति देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम करीब 6 बजे वह किसी काम से घर से बाहर निकली थीं, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सड़क पर गिर पड़ीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं।

स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हालांकि इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल फरार वाहन चालक की तलाश की जा रही है। मृतका के भाई रमेश राम ने बताया कि परिवार में खुशियों का माहौल था, क्योंकि मई महीने में सुगापति देवी की बड़ी बेटी की शादी तय थी। 5 मई को तिलक और 7 मई को बारात आने वाली थी। शादी की तैयारियां जोरों पर थीं और घर में गीत-संगीत गूंज रहे थे। हादसे से एक दिन पहले ही दामाद को देने के लिए बाइक खरीदी गई थी, लेकिन अचानक हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया।

मृतका के पति रामकेश्वर राम हरियाणा के बहादुरगढ़ में एक जूता फैक्ट्री में काम करते हैं। उन्हें घटना की सूचना दे दी गई है और वे सोमवार सुबह गांव पहुंचेंगे, जिसके बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। सुगापति देवी अपने पीछे दो बेटे और दो बेटियां छोड़ गई हैं। मां की मौत के बाद बच्चे—निखिल, नीतीश, निधि और प्रियंका—गहरे सदमे में हैं। इस हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। जिस घर में कुछ ही दिनों बाद शहनाई बजने वाली थी, वहां अब मातम पसरा हुआ है। यह घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की आवश्यकता को उजागर करती है।

# औरंगाबाद में एलपीजी आपूर्ति सामान्य मांग से अधिक हो रही डिलीवरी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति और वितरण व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। जिला प्रशासन द्वारा की गई समीक्षा में यह स्पष्ट हुआ है कि सभी गैस एजेंसियां उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप नियमित रूप से गैस की आपूर्ति कर रही हैं और लंबित बुकिंग का तेजी से निष्पादन किया जा रहा है। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 6360 सिलेंडर की मांग के मुकाबले लगभग 6685 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है, जिससे स्पष्ट है कि आपूर्ति स्थिति संतोषजनक है। इसके साथ ही जिले में पेट्रोल और डीजल की भी पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है, जिससे आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है।

जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी गैस एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए, लंबित बुकिंग को शीघ्र पूरा किया जाए और वितरण प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी।

प्रशासन ने संबंधित प्रखंडों के अधिकारियों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी करने और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को देने का निर्देश दिया है। इसके लिए जिला नियंत्रण कक्ष भी सक्रिय रखा गया है, जिसका दूरभाष नंबर 06186-295027 है, जहां आम नागरिक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिले की 37 गैस एजेंसियों में से 6 संवेदनशील एजेंसियों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। नियंत्रण कक्ष को 3 अप्रैल 2026 को प्राप्त 18 शिकायतों में से 17 का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि एक शिकायत अभी प्रक्रियाधीन है। जिला प्रशासन द्वारा कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए लगातार निगरानी और औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। अब तक इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी या जिला नियंत्रण कक्ष से तुरंत संपर्क करें।

# श्रद्धा के साथ मनाई गई बाबू जगजीवन राम की जयंती

- व्यास राम ने उन्हें महान स्वतंत्रता सेनानी और कुशल प्रशासक बताया
- 1946–1979 तक कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाली
- 1977 से 1979 तक देश के उप प्रधानमंत्री रहे



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

रविवार को देश के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की 119वीं जयंती नगर परिषद औरंगाबाद के पूर्व पार्षद व्यास राम के आवास पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व पार्षद व्यास राम ने कहा कि बाबू जगजीवन राम न केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि एक कुशल प्रशासक के रूप में भी उन्होंने देश की सेवा की। उन्होंने बताया कि वर्ष 1946 से 1979 तक उन्होंने केंद्र सरकार में श्रम, रेल, रक्षा, परिवहन, खाद्य, कृषि, सिंचाई और पुनर्वास जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाली। साथ ही 24 मार्च 1977 से 28 जुलाई 1979 तक वे देश के उप प्रधानमंत्री भी रहे। उन्होंने विशेष रूप से वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध 1971 के दौरान रक्षा मंत्री के रूप में बाबू जगजीवन राम की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि उनकी रणनीति के कारण दुश्मन सेना को आत्मसमर्पण करना पड़ा, जिसके लिए उन्हें "वार हीरो" के रूप में भी जाना जाता है।

इस अवसर पर व्यास राम ने केंद्र सरकार से मांग की कि बाबू जगजीवन राम के योगदान को देखते हुए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में दशरथ राम, अजीत कुमार तिवारी, बैजू प्रसाद चंद्रवंशी, पुष्कर आनंद, अनिल कुमार, विष्णुपत सक्सेना, उपेंद्र राम, देवनंदन पासवान, अलखदेव पासवान, गुरुचरण राम, धीरज कुमार, उदय कुमार, धीरज पासवान, गुलशन ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ, नारी शक्ति और सामाजिक जागरूकता का संदेश

- देवी मंदिर में पूजन-आरती के साथ शुरुआत, फिर सूर्य मंदिर में हवन
- स्थानीय पुजारी, महिला मंडल और गायत्री परिवार के सदस्य रहे उपस्थित



निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)

जिले के ओबरा प्रखंड अंतर्गत सननपुरा गांव में रविवार को भक्ति और आस्था का भव्य संगम देखने को मिला, जब सूर्य मंदिर परिसर में 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यह आयोजन माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महायज्ञ की शुरुआत गांव के देवी मंदिर में विधिवत पूजन और आरती के साथ हुई। इसके बाद श्रद्धालु भगवान के जयकारे लगाते हुए सूर्य मंदिर पहुंचे, जहां हवन-पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों महिला और पुरुषों ने भाग लेकर धार्मिक अनुष्ठान में अपनी आस्था व्यक्त की।

यह आयोजन गायत्री परिवार द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वैदिक संस्कारों के साथ प्रज्ञा पुराण कथा का भी आयोजन किया गया, जिसने उपस्थित लोगों को आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य किया। महायज्ञ का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति का संवर्धन और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना बताया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र का जाप कर समाज में शांति, समृद्धि और सद्भाव की कामना की। कार्यक्रम में सूर्य मंदिर के मुख्य पुजारी सुनील दास, गायत्री महिला ट्रस्टी विभा सिंह, रांची महिला मंडल की सदस्य जयंती सिंह, शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि नीरज कुमार, युवा मंडल के सदस्य बिनोद कुमार, देव गायत्री परिवार के ललित शर्मा, ओबरा के सोहराई प्रसाद, कुश जायसवाल, दाउदनगर की ऊषा देवी, सिमरा की ज्ञाती देवी तथा औरंगाबाद महिला मंडल की सीमा सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 110 लीटर देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)। औरंगाबाद जिले में मद्यनिषेध कानून को सख्ती से लागू करने की दिशा में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। कंचनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत विशेष छापामारी अभियान के दौरान पुलिस ने 110 लीटर देशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कंचनपुर थाना पुलिस ने खेमचंद बिगहा नहर के पास सघन कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका। तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल पर भारी मात्रा में देशी शराब लदी पाई गई। मौके से पुलिस ने दीपन यादव को गिरफ्तार कर लिया, जो मदनपुर थाना क्षेत्र के मुड़गारा गांव का निवासी बताया जाता है। गिरफ्तार आरोपी दीपन यादव (पिताः शिव यादव) के खिलाफ मद्यनिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं, तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।ुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई जिले में शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध शराब कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# दाह संस्कार से लौट रहे युवक की हुई मौत

- अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की तलाश जारी
- परिवार में मचा कोहराम, गांव में शोक की लहर



निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-139 पर तरारी पुल के पास बुधवार शाम करीब तीन बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सोनी गांव निवासी महेंद्र सिंह के पुत्र पंकज कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि पंकज कुमार जुदागिर बीघा में अपने फूफा के दाह संस्कार में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान तरारी पुल के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तुरंत पीसी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही दाउदनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई सुदीश कुमार, विक्की कुमार और पीएसआई सिंटू कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया गया।

थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला अज्ञात वाहन की टक्कर का प्रतीत होता है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# पंचदेव धाम में कार्यकर्ता महासम्मेलन का अयोजन योगपीठ के रूप में विकसित करने की घोषणा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



पतंजलि योगपीठ के केंद्रीय प्रभारी राकेश कुमार रविवार को औरंगाबाद पहुंचे, जहां उन्होंने पंचदेव धाम, चपरा में आयोजित कार्यकर्ता महासम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह धाम आने वाले समय में एक विकसित योगपीठ के रूप में स्थापित किया जाएगा, जहां योग, अध्यात्म, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा का समन्वय देखने को मिलेगा। अपने संबोधन में राकेश कुमार ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज के पाठ्यक्रम में भारतीय इतिहास और संस्कृति को सही रूप में प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण नई पीढ़ी अपने गौरवशाली अतीत से दूर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत कभी गरीब या अज्ञानी देश नहीं रहा, बल्कि ज्ञान और विज्ञान का केंद्र रहा है, जिसका उदाहरण नालंदा जैसे प्राचीन विश्वविद्यालय हैं। उन्होंने युवाओं में स्वाभिमान जागृत करने और सही इतिहास से परिचित कराने पर जोर दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन राकेश कुमार के साथ धाम के संस्थापक अशोक कुमार सिंह, राज्य प्रभारी सुनील स्वाभिमानी, बृजमोहन शर्मा, जिला प्रभारी विनोद आर्य और जिला परिषद उपाध्यक्ष किरण सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनमें बिहार के विभिन्न जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी लोग पहुंचे।

इस मौके पर बाबा रामदेव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंचदेव धाम को हरिद्वार की तर्ज पर एक बड़े योगपीठ के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार परिवर्तन और आंदोलन की भूमि रही है और यहां से देश में जागरण का संदेश गया है। उन्होंने धाम के संस्थापक अशोक कुमार सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे एक सकारात्मक पहल बताया। कार्यक्रम से पहले प्रातःकाल में एक भव्य योग शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। इस दौरान प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा प्राणायाम, योगासन, ध्यान और योग शास्त्र की जानकारी दी गई। सम्मेलन में राकेश कुमार ने यह भी कहा कि भारत की सनातन परंपरा में मंदिर केवल पूजा स्थल नहीं थे, बल्कि सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था के केंद्र भी थे। उन्होंने आरोप लगाया कि इतिहास में विदेशी आक्रमणकारियों ने इन व्यवस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद भारतीय संस्कृति मजबूत बनी रही। उन्होंने भारतीय शिक्षा बोर्ड की नीति अपनाने, पाठ्यक्रम में वेद-उपनिषद को शामिल करने और प्रत्येक गांव में योग शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 11 सदस्यीय समिति बनाने का आह्वान किया। उन्होंने औरंगाबाद जिले के नामकरण पर भी विचार करने की बात कही और इसे प्राचीन देवभूमि से जोड़ते हुए सामूहिक पहल की आवश्यकता बताई।

# भाजपा की बैठक, स्थापना दिवस को भव्य बनाने की तैयारी




निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

रफीगंज नगर मंडल में भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस को भव्य रूप से मनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर नगर मंडल के प्रत्येक बूथ पर पार्टी का झंडा फहराया जाएगा और इसे एक उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। बैठक का नेतृत्व नगर अध्यक्ष एवं प्रखंड कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू ने किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस कार्यकर्ताओं के लिए गर्व और उत्साह का अवसर है, जिसे पूरे जोश के साथ मनाया जाना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष कुमार साहू ने की, जबकि संचालन महामंत्री बाल गोविंद साहू ने किया। इस दौरान महामंत्री धीरज खत्री, मंत्री मनोज सिंह, अरुण पाल, आतिफ असलम, मोर्चा अध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद, शक्ति केंद्र प्रमुख उमेश प्रसाद, जैनेंद्र चंद्रवंशी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर स्थापना दिवस को सफल बनाने का संकल्प लिया और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# औरंगाबाद की अधूरी परियोजनाएं, दशकों से फाइलों में अटकी विकास की रफ्तार

- औरंगाबाद को इंडस्ट्रियल हब बनाने की योजना
- भूमि विवाद और प्रशासनिक उदासीनता से ठप
- रोजगार के अवसर नहीं, पलायन जारी
- समय पर पूरा नहीं होने से किसान, युवा और आम जनता प्रभावित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में विकास की कई बड़ी परियोजनाएं वर्षों से चर्चा में हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनकी प्रगति बेहद धीमी है या काम ठप पड़ा हुआ है। स्थिति यह है कि ये योजनाएं अक्सर सरकारी फाइलों, घोषणाओं और सर्वेक्षणों तक ही सीमित नजर आती हैं, जबकि स्थानीय लोग अब भी इनके लाभ से वंचित हैं। सबसे प्रमुख परियोजनाओं में उत्तर कोयल (मंडल डैम) परियोजना का नाम आता है, जिसकी नींव 1972 में रखी गई थी। यह परियोजना बिहार और झारखंड की सीमा पर स्थित है और औरंगाबाद सहित कई सूखाग्रस्त क्षेत्रों के लिए जीवनरेखा मानी जाती रही है। हालांकि करीब पांच दशक बीत जाने के बाद भी यह पूरी तरह पूर्ण नहीं हो सकी है। कई बार इसे फिर से शुरू करने की घोषणाएं हुईं, लेकिन वास्तविक लाभ अब तक किसानों तक नहीं पहुंच सका। सी तरह नवीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना में भी आंशिक प्रगति के बावजूद कई महत्वपूर्ण पहलू अधूरे हैं। एनटीपीसी और रेलवे के संयुक्त प्रयास से शुरू इस परियोजना में तकनीकी और प्रशासनिक तालमेल की कमी के कारण कुछ यूनिट्स और स्थानीय विकास योजनाएं लंबे समय तक अटकी रहीं। रोजगार और पुनर्वास से जुड़े वादे भी पूरी तरह साकार नहीं हो पाए। सिंचाई के क्षेत्र में पुंपुन बराज परियोजना की स्थिति भी चिंताजनक है। वर्ष 2007 में शुरू हुई इस योजना की समय-सीमा बार-बार बढ़ाई गई, लेकिन नहरों का अधूरा निर्माण किसानों के लिए समस्या बना हुआ है।

परिणामस्वरूप खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा और किसान अब भी मानसून या निजी साधनों पर निर्भर हैं। औद्योगिक विकास के लिहाज से अमृतसर-दिल्ली-कोलकाता औद्योगिक गलियारे के तहत औरंगाबाद को एक संभावित हब के रूप में चिन्हित किया गया था, लेकिन भूमि अधिग्रहण विवाद और प्रशासनिक उदासीनता के कारण यह योजना भी आगे नहीं बढ़ सकी। बरुण और नवीनगर जैसे क्षेत्रों में उद्योग लगाने की संभावनाएं कागजों तक ही सीमित रह गईं, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर नहीं बन पाए और पलायन की समस्या बनी हुई है। वहीं बटाने जलाशय योजना भी अंतर्राज्यीय विवादों के कारण वर्षों से अधर में लटकी हुई है। बिहार और झारखंड के बीच तालमेल की कमी, मुआवजा विवाद और प्रशासनिक प्रक्रियाओं की जटिलता के कारण इस परियोजना पर काम आगे नहीं बढ़ सका है। इन सभी परियोजनाओं के अटकने के पीछे कई कारण सामने आते हैं, जिनमें विभागीय स्तर पर फाइलों का लंबा चक्र, भूमि अधिग्रहण से जुड़े विवाद, मुआवजे की समस्याएं और सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी शामिल है। अक्सर बड़े-बड़े ऐलान तो किए जाते हैं, लेकिन उनके क्रियान्वयन पर अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई देती। कुल मिलाकर, औरंगाबाद में विकास की ये योजनाएं आज भी उम्मीद और हकीकत के बीच झूल रही हैं। जब तक इन परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा नहीं किया जाता, तब तक जिले के किसानों, युवाओं और आम लोगों को उनके वास्तविक लाभ मिल पाना मुश्किल ही रहेगा।

# आठ मई को करहरी में होगा पंडित गंगाधर शास्त्री महोत्सव, ज्योतिषियों और कलाकारों का जुटान

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)



नवीनगर प्रखंड के करहरी गांव स्थित महान शिक्षाविद पंडित गंगाधर शास्त्री के पैतृक आवास पर 8 मई 2026 को भव्य महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर महोत्सव आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अशोक पांडेय ने की, जबकि संचालन सुरेश विद्यार्थी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महोत्सव को पारंपरिक और विधि-विधान के साथ आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह करहरी ग्राम देवी की षोडशोपचार विधि से विशेष पूजा-अर्चना के साथ होगी। महोत्सव के दौरान पंडित गंगाधर शास्त्री के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही देशभर के ख्याति प्राप्त ज्योतिषियों का सम्मेलन, कवि सम्मेलन और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए एक उप-समिति के गठन का भी निर्णय लिया गया है, जिसे अगली बैठक में अंतिम रूप दिया जाएगा।

बैठक में सर्वसम्मति से समाजसेवी शिक्षक उज्ज्वल रंजन को महोत्सव आयोजन समिति का संगठन सचिव मनोनीत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पंडित गंगाधर शास्त्री के शिक्षा और समाज में दिए गए योगदान को देश-दुनिया तक पहुंचाना है। गौरतलब है कि पंडित गंगाधर शास्त्री सिंधिया राजवंश के राजगुरु रहे थे और आगरा कॉलेज की स्थापना कर शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। बताया जाता है कि दौलत राव सिंधिया ने उन्हें जागीर के रूप में बड़ी भूमि प्रदान की थी, जिसमें से सैकड़ों एकड़ भूमि दान कर उन्होंने आगरा कॉलेज की स्थापना कराई।

बैठक में संरक्षक अजीत मिश्रा, अध्यक्ष अभिषेक कुमार मिश्रा, सचिव श्याम दत्त मिश्र, संयुक्त सचिव सुरेश राम, कोषाध्यक्ष रौशन कुमार मिश्र, सोशल मीडिया प्रभारी अवधूत मिश्र सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर स्थानीय स्तर पर उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।